राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार 21 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 126 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




दुमका के पांजनबोना गांव में ग्रामीणों ने साप्ताहिक मांझी थान बोंगा बुरु पूजा शुरू की

# 30 लाख रुपये का इनामी टीपीसी कमांडर बृजेश गंझू मुठभेड़ में ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी/रांची।** झारखंड के चतरा जिले में सक्रिय प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सुप्रीमो और 30 लाख रुपये के इनामी बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। रविवार तड़के वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र के लंका मैदान में टेंगरा मोड़ के पास यह मुठभेड़ हुई। बृजेश गंझू पर झारखंड सरकार ने 25 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड का वांछित उग्रवादी कमांडर बृजेश गंझू मोटरसाइकिल से टेंगरा मोड़ होते हुए मुगलसराय की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर रविवार सुबह करीब पांच बजे एटीएस की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक संदिग्ध व्यक्ति वहां पहुंचा। टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के बाद एटीएस की टीम ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में बृजेश गंझू को गोली



बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता (फाइल फोटो)

लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। एटीएस की टीम उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के बाद मृतक की पहचान चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लूटू गांव निवासी बृजेश गंझू के रूप में हुई। मुठभेड़ के दौरान उग्रवादी की ओर से चलाई गई गोलियां एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। जैकेट की वजह से दोनों गंभीर रूप से घायल होने से बच गए। एहतियातन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है। घटना के बाद एटीएस और स्थानीय पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। बृजेश गंझू लंबे समय से झारखंड पुलिस और एनआईए की वांछित सूची में शामिल था। बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, झारखंड के चतरा जिले के लवलंग थाना क्षेत्र के लूटू का रहने वाला था। बृजेश प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी का कमांडर था, जिसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी। इस पर झारखंड सरकार ने 25 लाख रुपये और एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

## ससुर ने टांगी से काटकर की दामाद की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के भिखही गांव में एक ससुर ने अपने दामाद की टांगी से काटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। दरअसल पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के करमा के बभंडी गांव का रहने वाला गांधी भुइयां भिखही गांव में अपने ससुराल गया था। गांधी की पत्नी अपने मायके में रह रही थी। जिसे वापस ले जाने के लिए वह पहुंचा था। इसी क्रम में ससुर जगदेव भुइयां के साथ उसका विवाद हो गया। फिर रविवार की सुबह गांव में मक्का के खेत से गांधी का शव बरामद हुआ। छतरपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया कि ससुर और दामाद के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद में दामाद की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, जबकि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों ने रविवार की सुबह मक्का के खेत में शव देखा था जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। गांधी की कुछ वर्ष पहले भिखही गांव में शादी हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रेशम किसान शंभूनाथ देहरी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मधुबन निवासी रेशम किसान शंभूनाथ देहरी ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। केंद्रीय रेशम बोर्ड के 77वें स्थापना दिवस समारोह में उन्हें रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। बेंगलुरु स्थित गांधी कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित समारोह में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शंभूनाथ देहरी को पुरस्कार प्रदान किया। उन्हें यह सम्मान 'प्राइवेट ग्रेन्योर' यानी निजी बीज उत्पादक श्रेणी में दिया गया। शंभूनाथ देहरी लंबे समय से रेशम उत्पादन के क्षेत्र से जुड़े हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान को झारखंड के रेशम किसानों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### झाड़ियों में मिला युवक का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोंदूडीह ओपी क्षेत्र में रविवार को झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव रेलवे जोनल ट्रेनिंग स्कूल के पास लाल बंगला के आगे झाड़ियों में पड़ा था। स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक की पहचान वासेपुर न्यू कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय शाहबाज अहमद उर्फ अमन खान के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना और गोंदूडीह ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ कर युवक के बारे में जानकारी जुटाई।

### बगोदर में तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर घर में घुसा

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** बगोदर थाना क्षेत्र के अटका लक्षीबागी में रविवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर एक घर में जा घुसा। हादसे में सड़क किनारे खड़ी एक बुलेट और गन्ने का जूस निकालने वाली मशीन भी ट्रेलर की चपेट में आ गई। ट्रेलर दोनों को घसीटते हुए तक ले गया। घटना में बुलेट, गन्ने की जूसर मशीन और ट्रेलर को काफी नुकसान पहुंचा है।

## घर के अंदर जोरदार आवाज के साथ भू-धंसान, बना बड़ा गोफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** बाघमारा से एक बार फिर जमीन धंसने की भयावह तस्वीर सामने आई है। लोयाबाद के सात नंबर मुस्लिम मोहल्ले में एक घर के अंदर अचानक जमीन धंस गई और देखते ही देखते वहां बड़ा गोफ बन गया। घटना के वक्त घर में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि जिस इलाके में यह घटना हुई, उसके नीचे बीसीसीएल की भूमिगत खदानें संचालित होती रही है। घटना के समय आसपास के लोग भी शोर सुनकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। सबसे चिंता की बात यह है कि जिस जगह जमीन धंसी है, वहां बच्चों के खिलौने रखे हुए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह स्थान बच्चों के खेलने के लिए इस्तेमाल होता रहा होगा। ऐसे में घटना के समय अगर कोई बच्चा या परिवार का सदस्य मौजूद होता, तो गंभीर हादसा हो सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों में डर और आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जमीन धंसने की घटनाएं इलाके के लिए लगातार खतरा बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि इलाके में बीसीसीएल की भूमिगत खदानों के ऊपर घर बने हुए हैं, जिसके चलते जमीन धंसने का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल घटनास्थल के आसपास लोगों की आवाजाही को लेकर भी चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बीसीसीएल से सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि रिहायशी इलाके में घर के अंदर जमीन धंसने की इस घटना के बाद प्रशासन और बीसीसीएल की ओर से प्रभावित परिवारों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज की भागीदारी भी जरूरी : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज, शैक्षणिक संस्थानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, उद्योगों और आम लोगों को एकजुट होकर साझा प्रयास करने होंगे। यह बात राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आइआइटी-आइएसएम के गोल्डन जुबली हॉल में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण कार्यशाला के दौरान कही। आरोग्य भारती और आइआइटी-आइएसएम की ओर से रविवार को आयोजित इस कार्यशाला में उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण और स्वास्थ्य का आपस में सीधा संबंध है। स्वच्छ जल, पौष्टिक भोजन, संतुलित जीवनशैली और स्वच्छ वातावरण ही एक स्वस्थ जीवन के आधार हैं। कार्यशाला मे राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के जंगल, जलस्रोत, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन इस राज्य की अनमोल संपदा हैं। आज जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और



जैव विविधता का संरक्षण सबसे बड़ी चुनौतियां बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिससे वर्तमान आवश्यकताएं पूरी होने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी पूरी तरह सुरक्षित रहे। राज्यपाल ने 'मिशन लाइफ' का उल्लेख करते हुए आम लोगों से पानी और ऊर्जा बचाने, प्लास्टिक का उपयोग घटाने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी भरा आचरण अपनाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों से जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, कचरा प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान तथा नवाचार बढ़ाने का आह्वान किया। आइआइटी-आइएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को विकास से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इसका सीधा संबंध हमारी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार और जीवन की गुणवत्ता से है। चुनौती विकास और पर्यावरण में से किसी एक को चुनने की नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी समाधानों के माध्यम से विकास को टिकाऊ बनाने की है। उन्होंने सर्कुलर इकॉनमी, क्लीन टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, जिम्मेदार माइनिंग, खदानों के पुनरुद्धार और वेस्ट-टू-रिसोर्स जैसे तकनीकी उपायों पर विशेष जोर दिया। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार वर्षने ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बीमारियों के इलाज के बजाय उनसे बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने पेड़, पानी, प्लास्टिक और स्वच्छता को पर्यावरण संरक्षण के मुख्य विषय बताया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण, जल पुनर्चक्रण और रिचार्ज वेल निर्माण पर ध्यान देना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान सामने आए सुझावों को व्यावहारिक कार्ययोजनाओं में बदलने पर चर्चा हुई।

## गयाजी-धनबाद रेलखंड पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मध्य रेलवे ने गया-धनबाद रेल मार्ग पर रेल परिचालन की क्षमता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेलवे ने चिरैलापोथु-पहाड़पुर और कोडरमा-प्रधानखंता के बीच लगभग 242 किलोमीटर लंबे रेलखंड में तीसरी और चौथी रेल लाइन से जुड़े सिग्नलिंग तथा टेलीकम्युनिकेशन कार्य के लिए करीब 340.16 करोड़ रुपये का ईपीसी टेंडर जारी किया है। इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था और ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग विकसित की जाएगी। रेलवे ने इस संपूर्ण निर्माण कार्य को 24 महीने की निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात संबंधित रेल मार्ग पर रेलवे को अतिरिक्त ट्रैक क्षमता प्राप्त होगी। वर्तमान समय में सीमित लाइन क्षमता के कारण एक ही रेल मार्ग पर यात्री ट्रेनों, मालगाड़ियों तथा अन्य ट्रेनों का संचालन करना पड़ता है।



ऐसी स्थिति में किसी ट्रेन को आगे निकालने या दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए परिचालन में अतिरिक्त समय लगता है। तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद ट्रेनों को अलग-अलग लाइनों पर संचालित करने की गुंजाइश बढ़ेगी। इससे ट्रेनों के संचालन में अधिक लचीलापन आएगा और एक ही दिशा में चलने वाली दो ट्रेनों के बीच का समय अंतर कम करने में सहायता मिलेगी। परियोजना के तहत ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग आधुनिक और सुरक्षित प्रणाली है। इस व्यवस्था में रेलवे ट्रैक को छोटे-छोटे ब्लॉक सेक्शन में बांटा जाता है। जब कोई ट्रेन किसी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है, तो सिग्नलिंग सिस्टम उस हिस्से को तुरंत व्यस्त मान लेता है। इसके बाद पीछे से आने वाली अगली ट्रेन के लिए सिग्नल की स्थिति उसी आधार पर नियंत्रित होती है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य एक ही दिशा में आगे बढ़ रही ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना है, ताकि उपलब्ध ट्रैक क्षमता का अधिक प्रभावी उपयोग किया जा सके। अतिरिक्त लाइनों और आधुनिक सिग्नलिंग के संयुक्त प्रभाव से इस रेलखंड पर भविष्य में बढ़ने वाले यातायात दबाव को आसानी से संभाला जा सकेगा। परियोजना पूरी होने के बाद रेल टाइमटेबल में नई ट्रेनें जोड़ने अथवा मौजूदा ट्रेनों के फ़ेरे बढ़ाने का अवसर उपलब्ध होगा। हालांकि, केवल परियोजना पूरी होने मात्र से नई ट्रेनों का संचालन स्वतः आरंभ नहीं होगा। नई यात्री ट्रेनें चलाने या फ़ेरे बढ़ाने का अंतिम निर्णय रेलवे प्रशासन परिचालन आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों और अंतिम टाइमटेबल के आधार पर ही करेगा।

## पंडरा में लोगों ने पशु तस्करी में प्रयुक्त वाहन को फूंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में रविवार की अहले सुबह पशु तस्करी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। पशु तस्करी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक वाहन को पकड़ा ही था कि कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और लोगों ने वाहन से पशुओं को उतारा और देखते ही देखते वाहन को आग के हवाले कर दिया। रांची के सिटी एसपी पारस राणा के अनुसार रविवार तड़के पुलिस को सूचना मिली थी कि पशु तस्कर कुछ वाहनों में पशुओं को लेकर जा रहे है। उनमें से कुछ वाहन पंडरा की ओर से गुजर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक वाहन को रोक कर पकड़ लिया। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंच गए और वाहन में मौजूद पशुओं को बाहर निकाल दिया। इसके बाद भीड़ ने वाहन में आग लगा दी। इस मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। पहली प्राथमिकी पशु तस्करी के मामले में दर्ज की गई है, जबकि दूसरी प्राथमिकी वाहन में आग लगाने और आगजनी के मामले में दर्ज हुई है। पुलिस के मुताबिक, आगजनी की घटना में शामिल होने के संदेह में आठ लोगों को डिटेन किया गया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि पशुओं को कहां से लाया गया था और उन्हें कहां ले जाया जा रहा था। साथ ही वाहन में आग लगाने वालों की भूमिका भी जांची जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची विधानसभा सीट से भाजपा विधायक सीपी सिंह थाना पहुंचे। सीपी सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस से कहा है कि मामले में जो लोग दोषी हैं उन पर ही कार्रवाई हो।


## रांची रिम्स में रखे 43 लावारिस शवों का सामूहिक अंतिम संस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में लंबे समय से पड़े 43 लावारिस शवों का रविवार को जुमार नदी तट पर पूरे विधि-विधान के साथ सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया। मुक्ति संस्था की ओर से इन शवों को सम्मानजनक अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संस्था के सदस्यों की मौजूदगी में धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार पूरी की गई। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी। इस दौरान संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे। संस्था के सदस्यों ने अंतिम संस्कार से पहले सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कीं। इसके बाद जुमार नदी तट पर सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया गया। मुक्ति संस्था की ओर से लंबे समय से लावारिस शवों के अंतिम



संस्कार का काम किया जा रहा है। ऐसे शवों की पहचान नहीं होने या उनके परिजनों का पता नहीं चल पाने के कारण संस्था की ओर से उन्हें सम्मानजनक अंतिम विदाई दी जाती है। रविवार को भी 43 शवों का अंतिम संस्कार इसी उद्देश्य से किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका अंतिम संस्कार सम्मान के साथ होना चाहिए। कई ऐसे शव होते हैं, जिनके अंतिम समय में उनके परिजन या परिचित मौजूद नहीं होते, ऐसे लोगों को भी सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई मिल सके, यही संस्था का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुक्ति संस्था लगातार लावारिस शवों के अंतिम संस्कार का कार्य कर रही है। रिम्स में ऐसे शवों के जमा होने के बाद संस्था की ओर से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाता है। इसके बाद धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाता है। प्रवीण लोहिया ने कहा, 'मृत्यु के बाद हर व्यक्ति को सम्मानजनक अंतिम विदाई मिलनी चाहिए। जिन शवों का कोई अपना अंतिम संस्कार करने के लिए मौजूद नहीं है, उनके लिए संस्था, परिवार की भूमिका निभाने का प्रयास करती है। हमारा उद्देश्य केवल अंतिम संस्कार करना नहीं, बल्कि उन लोगों को भी सम्मान देना है, जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर अकेले रह गए।' रविवार को जुमार नदी तट पर हुए सामूहिक अंतिम संस्कार के दौरान संस्था के सदस्यों ने पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया। संस्था का कहना है कि आगे भी लावारिस शवों के अंतिम संस्कार की यह सेवा जारी रहेगी।



C M Y K

# एसआईआर पर डीसी का फोकस : बीएलओ को परिवारवार सत्यापन का निर्देश

## 30 सितंबर तक दावा-आपत्ति का मौका, 18 साल पूरे कर चुके युवाओं का फॉर्म-6 से नाम जोड़ने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने शनिवार को 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 45 और 47 का निरीक्षण किया। उन्होंने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के उत्तर एवं दक्षिण भाग स्थित दोनों मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के सत्यापन और निर्वाचन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बीएलओ को परिवारवार मतदाता सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से यह जांच करने को कहा कि एक ही परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज हैं या नहीं। साथ ही नाम, एपिक संख्या, आयु, लिंग, संबंधित व्यक्ति का नाम और गृह संख्या समेत अन्य विवरणों की भी



बारीकी से जांच करने को कहा। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका सुधार सुनिश्चित किया जाए। युवाओं के पंजीकरण पर विशेष जोर निरीक्षण के दौरान डीसी ने 18 वर्ष की निर्धारित अर्हता पूरी कर चुके युवाओं और नए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन पात्र युवाओं का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनसे फॉर्म-6 भरवाकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित कर्मियों को बताया कि 30 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की समय-सीमा है। इस दौरान नागरिकों को नाम जोड़ने, विवरण में सुधार कराने और अन्य निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण और सत्यापन निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सभी बीएलओ और संबंधित कर्मियों को गंभीरता के साथ कार्य करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने और दर्ज विवरण को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वयं और अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में जरूर जांच लें। नाम नहीं होने या किसी विवरण में त्रुटि पाए जाने पर 30 सितंबर तक संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें।

# 30 दिनों से अंधेरे में कोरियाटोला बस्ती, बच्चों की पढ़ाई ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन क्षेत्र स्थित पीतांबर कोरियाटोला बस्ती में पिछले करीब एक माह से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली संकट का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। कि यदि किसी संपन्न बस्ती में ऐसी समस्या आती तो तत्काल ट्रांसफार्मर बदल दिया जाता, लेकिन गरीब और ग्रामीण इलाकों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार और बिजली विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पीरटांड़ प्रखंड में बिजली, पेयजल, सड़क, नाली-गली समेत कई बुनियादी



मामले की जानकारी मिलने पर भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा रविवार को कोरियाटोला बस्ती पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 25-30 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है, जिससे घरों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर राजेश सिन्हा ने बिजली विभाग के एसी शकील अहमद और कार्यपालक अभियंता मृणाल से बातचीत की। अधिकारियों ने दो दिनों के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया है। सिन्हा ने कहा कि आधुनिक दौर में भी किसी बस्ती को एक महीने तक बिजली से वंचित रखना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा समस्याएं हैं। साथ ही जमीन संबंधी शिकायतों और भ्रष्टाचार के मामलों पर भी संगठन नजर रख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान के बजाय ग्रामीणों से केवल वोट लेने का काम किया है। सिन्हा ने संगठन विस्तार की जानकारी देते हुए कहा कि पीरटांड़ में एक हजार नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिला कमिटी सदस्य अजीत राय लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। नगर कमिटी सचिव नौशाद आलम ने कहा कि सप्ताह में एक दिन शहर से माले कार्यकर्ता भी क्षेत्र में पहुंचकर संगठन विस्तार और जनसमस्याओं को लेकर काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विभावि राजनीति विज्ञान विभाग में एलुमनाई एसोसिएशन की बैठक

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में पूर्ववर्ती छात्र संगठन की कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार, 20 सितंबर को आयोजित की गई। बैठक में विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने के साथ विभाग के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास से जोड़ने को लेकर विभिन्न सुझाव एवं प्रस्ताव रखे गए। बैठक में विभाग के वरिष्ठ शिक्षक एवं पूर्ववर्ती छात्र डॉ. अशोक राम का संरक्षण एवं मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। बैठक में डॉ. शक्ति कुमार, डॉ. समीर कुमार, डॉ. अभिमन्यु कुमार, अंदीप कुमार, सुनीता कुमारी, कनकलता, सुनील दास, कृष्ण बैठा सहित बड़ी संख्या में पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित रहे।

### दो बूथों के निरीक्षण में डीसी की दो टूक–हर पात्र मतदाता का नाम हो सुनिश्चित


**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने रविवार को 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 185 एवं 201 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, परिवारवार सत्यापन और फॅमिली टुगेदर के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। एक ही परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम संबंधित अनुभाग में व्यवस्थित रूप से दर्ज हों, इसका भी सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण में पाया गया कि फॅमिली टुगेदर के तहत एक परिवार के सभी सदस्यों को एक ही अनुभाग में करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया कुछ मामलों में लंबित है। वहीं स्टीकर पर नॉशनल गृह संख्या, अनुभाग संख्या/नाम सहित अन्य जरूरी विवरण भी अंकित किया जाना बाकी था। डीसी ने संबंधित बीएलओ को दो दिनों के भीतर हाउस रजिस्टर में परिवार के सभी पात्र मतदाताओं का नाम व्यवस्थित करने तथा स्टीकर पर आवश्यक विवरण दर्ज करने का निर्देश दिया। दो बूथों पर मिले 37 फॉर्म-6 और 52 फॉर्म-8 आवेदन मतदाता सूची से जुड़े आवेदनों की भी डीसी ने समीक्षा की। मतदान केंद्र संख्या 185 पर के 19 और के 22 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि मतदान केंद्र संख्या 201 पर के 18 और के 30 आवेदन मिले हैं। दोनों केंद्रों पर का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। डीसी ने प्राप्त सभी प्रपत्रों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग का यौन शोषण, वीडियो वायरल करने की धमकी, आरोपी हिरासत में

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर 15 वर्षीय नाबालिग के यौन शोषण और कथित तौर पर अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। नाबालिग की मां की शिकायत पर बेंगाबाद थाना में पॉक्सो एक्ट समेत बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 168/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक मो. शाहिद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### मांदर की थाप पर झूमा बगोदर, करम गीतों से गूंजा बस पड़ाव

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बगोदर बस पड़ाव में आयोजित विराट करम महोत्सव में शनिवार को झारखंड की लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत रंग देखने को मिला। अखरा पूजा के साथ शुरू हुए महोत्सव में करमा पर्व के पारंपरिक गीतों पर झुमर नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मांदर की थाप और लोकगीतों से पूरा माहौल उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम में बगोदर विधायक सह सचेतक नागेंद्र महतो, डुमरी विधायक जयराम महतो, बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, जिला परिषद



उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, भाजपा नेता आशीष बॉर्डर, सांसद प्रतिनिधि महेश मिश्रा और प्रमुख आशा राज समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।महोत्सव के दौरान विधायक नागेंद्र महतो ने स्वयं मांदर बजाया और कलाकारों के साथ नृत्य में शामिल होकर युवाओं एवं उपस्थित लोगों का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद पारंपरिक करम गीतों और झुमर की प्रस्तुतियों पर देर तक लोग झूमते रहे। बुजुर्गों से लेकर बच्चों और युवतियों तक में अपनी लोक संस्कृति के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला।

### राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच गिरिडीह में पुरें ईवी ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। शहर के बोड़ो स्थित जीडी बगेड़िया अस्पताल मोड़ पर पुरें ईवी के नए डिस्ट्रीब्यूटर शोरूम का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद एवं डॉ. रियाज अहमद ने फीता काटकर शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया।



उद्घाटन समारोह में शहाबुद्दीन, मुन्ना सिद्दीकी, रिजवानुल हक, नितेश कुमार सिन्हा, मोहम्मद सुफियान, दानिश इकबाल, रितु राज, नरेश, राहुल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोरूम के शुभारंभ को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। अतिथियों ने शोरूम में प्रदर्शित इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की जानकारी ली और उनके फीचर्स के बारे में जाना। एक ही छत के नीचे मिलेगी पूरी सुविधा नए शोरूम में पुरे ईवीके विभिन्न इलेक्ट्रिक दोपहिया मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं। खास बात यह है कि ग्राहकों को वाहन खरीदने के साथ ही फाइनेंस, स्पेयर पार्ट्स और सर्विसिंग की सुविधा भी एक ही स्थान पर मिलेगी। इससे गिरिडीह के अलावा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने और उसके रखरखाव के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से परिवहन व्यवस्था का हिस्सा बन रहे हैं।

# एमएमडीआर संशोधन अधिनियम के खिलाफ 24 को राजद का जिला मुख्यालयों पर धरना

## राज्य के अधिकारों के हनन का आरोप, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन का किया आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र सरकार द्वारा पारित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2026 (एमएमडीआर अमेन्दमेंट एक्ट) के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने 24 सितंबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का आह्वान किया है। 19 सितंबर को जारी पत्र में प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा एमएमडीआर संशोधन कानून के जरिए झारखंड के गरीब एवं आदिवासी लोगों के हक अधिकार को प्रभावित करने और राज्य के विकास को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। राजद का कहना है कि इसके दूरगामी प्रभाव शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन और मंईयां सम्मान जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी पड़ सकते हैं। गिरिडीह में धरना-प्रदर्शन को लेकर राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि 24 सितंबर का आंदोलन झारखंड के अधिकारों और जल जंगल जमीन से जुड़े सवालों को मजबूती से उठाने का माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने जिला से लेकर पंचायत स्तर तक के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। राजद ने झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर राज्यवासियों के अधिकार का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि पार्टी केंद्र की ऐसी नीतियों का विरोध जारी रखेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिला अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों, प्रकोष्ठ अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों से धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है। साथ ही प्रमंडलीय एवं जिला प्रभारियों से आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा गया है। गौरतलब है कि संसद के दोनों सदनों ने एमएमडीआर संशोधन विधेयक को 13 अगस्त 2026 को पारित किया था। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि संशोधन का उद्देश्य खनिज क्षेत्र में स्थिरता और एक समान राजकोषीय व्यवस्था कायम करना है तथा इससे राज्यों को मिलने वाला अधिकांश राजस्व प्रभावित नहीं होगा। 24 सितंबर का प्रस्तावित धरना एमएमडीआर कानून को लेकर झारखंड में चल रहे राजनीतिक विरोध का अगला चरण होगा।

# प्राथमिकी अभियुक्त के घर और चौराहे पर चिपकाया गया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** कोर्रा थाना कांड संख्या 17/26, दिनांक 30 जनवरी 2026 में वांछित प्राथमिक अभियुक्त दीपेश दांगी के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की। अभियुक्त दीपेश दांगी, पिता डेगन दांगी, ग्राम पितिज, थाना इटखोरी, जिला चतरा का निवासी है। पुलिस के अनुसार, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग के न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर तथा घर के चौराहे पर विधिवत चिपकाया गया। इस दौरान अभियुक्त को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया। इश्तेहार के माध्यम



से अभियुक्त को एक माह के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित अवधि में आत्मसमर्पण नहीं करने पर उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मामला धारा बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित है।

# एमएमडीआर बिल के खिलाफ देवरी में गरजा झामुमो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** देवरी एमएमडीआर संशोधन विधेयक 2026 के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को देवरी प्रखंड मुख्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बड़ी संख्या में जुटे पार्टी कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधेयक वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान काला कानून वापस लो, जमीन हमारी, खनिज हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा और एमएमडीआर संशोधन विधेयक वापस लो जैसे नारे गूंजते रहे। धरना की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोजाहिद अंसारी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने केंद्र सरकार पर



तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में केंद्र की कथित तानाशाही नहीं चलेगी। झारखंड की जनता ने उलगुलान का एलान कर दिया है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर रोजगार समेत विभिन्न मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। केदार हाजरा ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार की लोकप्रियता से घबराकर केंद्र सरकार राज्य के हितों को प्रभावित करने वाला खान एवं खनिज संशोधन विधेयक लेकर आई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विधेयक वापस नहीं लिया गया तो झामुमो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज करेगा। झामुमो नेता प्रणव वर्मा ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह एमएमडीआर बिल भी वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक वापस होने तक पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। धरना में वक्ताओं ने एमएमडीआर 2026 के विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि खनिज और खनन से जुड़े मामलों में झारखंड के हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना बास्के, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अहमद अंसारी, प्रखंड सचिव रघु मरांडी, उपाध्यक्ष किशोर वर्मा, अनिल चौधरी, कैलाश यादव, कासिम अंसारी, टुकलाल हाजरा, अनूप मुर्मू, उद्दीन अंसारी, राजकुमार वर्मा, तालों सोरेन, हीरा किस्कु, नरेश हाजरा, मुंशी हेंब्रम, संजय राम, राजू यादव, निजाम अंसारी, रामकिशुन हाजरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छठ तालाब चित्रगुप्त मंदिर के पूजा प्रभारी बने अनुपम सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** शहर के छठ तालाब स्थित ऐतिहासिक चित्रगुप्त मंदिर में आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर की पूजा व्यवस्था और आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए इस वर्ष अनुपम सिन्हा को पूजा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंदिर की गतिविधियों में उनकी लंबे समय से सक्रिय सहभागिता और अनुभव को देखते हुए समिति ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया है। अनुपम सिन्हा लंबे समय से चित्रगुप्त मंदिर से



जुड़े धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पूजा व्यवस्था, आयोजन की तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर उनकी सक्रियता लगातार देखने को मिलती रही है। इस वर्ष दुर्गा पूजा एवं चित्रगुप्त पूजा का आयोजन उनकी देखरेख में किया जाएगा। आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मंदिर समिति की ओर से विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की जाएंगी। पूजा-पाठ, धार्मिक अनुष्ठान, श्रद्धालुओं की सुविधा, प्रसाद वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पूजा प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर अनुपम सिन्हा ने कहा कि मंदिर से जुड़ी जिम्मेदारी उनके लिए सेवा का अवसर है। उनका प्रयास रहेगा कि सभी धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आपसी सहयोग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हों। अनुपम सिन्हा को नई जिम्मेदारी मिलने पर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में संजीव सिन्हा उर्फ बॉबी, दीपक नाथ सहाय संजू बख्शी, नवीन सिन्हा, शुभम सिन्हा, राज प्रकाश अधिवक्ता, अनुज सिन्हा, दीप प्रकाश, अमित सिन्हा, बिट्टू बाबा, पंकज सिन्हा,सुनील श्रीवास्तव, सहित कई सदस्य शामिल हैं। सभी ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में इस वर्ष दुर्गा पूजा एवं चित्रगुप्त पूजा का आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न होगा।

# टोटो चालकों को यातायात नियमों के पालन की दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेर्शानुसार शनिवार को यातायात थाना परिसर में शहरी क्षेत्र के टोटो चालकों के लिए यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर हजारीबाग की उपस्थिति में थाना प्रभारी यातायात थाना द्वारा टोटो चालकों को यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, वाहन चलाते समय नियमों का उल्लंघन नहीं करने तथा आम लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया। सभी टोटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उनसे शपथ पत्र भी भराया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में वाहन चालकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ-साथ आम लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।

# त्योहारों से पहले नगर निगम अलर्ट, पंडालों से छठ घाट तक सफाई पर जोर

## महापौर प्रमिला मेहरा ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा - प्रमुख मार्गों-बाजारों में लगातार सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर गिरिडीह नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पर्व के दौरान शहर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए महापौर प्रमिला मेहरा की अध्यक्षता में शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उप महापौर सुमित कुमार, नगर आयुक्त विजय सिंह बिरुवा, उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त समेत निगम के संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को पर्व-त्योहारों के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। प्रमुख पूजा स्थलों, पूजा पंडालों और उनके आसपास के इलाकों में नियमित सफाई के साथ कचरे के समय पर उठाव और समुचित निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



पंडालों के आसपास जल निकासी और अन्य जरूरी नागरिक सुविधाएं भी दुरुस्त रखने को कहा गया। छठ घाटों का समय पर हो समतलीकरण छठ पूजा को लेकर घाटों की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। घाटों की सफाई, समतलीकरण, पहुंच मार्ग, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित करने को कहा गया। महापौर ने शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर भी पर्व के दौरान लगातार सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों और संसाधनों की तैनाती तथा नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा गया।नगर निगम प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया है। अधिकारियों को कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि तीनों प्रमुख पर्वों के दौरान शहर में स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक माहौल कायम रखा जा सके।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की जांच पर बाबूलाल मरांडी ने उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की पूरी प्रक्रिया को दूषित बताया गया है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि पहले अदालत के सामने पूरे तथ्य क्यों नहीं रखे गये और क्या न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश हुई थी। बाबूलाल मरांडी ने पूरे मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकार और सुविधाएं शीर्ष स्तर के अधिकारी ले रहे हैं, जबकि जवाबदेही तय होने पर केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने



सुधीर गुप्ता, अनुराग गुप्ता, प्रशांत कुमार और मनोज कौशिक की भूमिका की जांच कराने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि पहले जांच को गलत दिशा में ले जाने और 'गड़बड़ी नहीं हुई' का दावा करने वाले शपथपत्र किसके दबाव में दाखिल किये गये थे। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

**सीआइडी की जांच पर भी उठाये सवाल**

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जवाबदेही पर भी सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री की जानकारी के बिना इतना बड़ा घोटाला संभव था। सीआइडी की जांच पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी निष्पक्ष जांच करने के बजाय प्रभावशाली तंत्र की ढाल बनी दिख रही है। उन्होंने कहा कि लाखों युवाओं के भविष्य को देखते हुए मामले की सीबीआइ जांच होनी चाहिए।

**प्रशांत कुमार और सुधीर गुप्ता को हटाने की मांग**

भाजपा नेता ने मांग की कि प्रशांत कुमार और सुधीर गुप्ता को जेएसएससी से तत्काल हटाया जाए। साथ ही मनोज कौशिक को सीआइडी एडीजी के पद से मुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता समेत उन सभी पूर्व अध्यक्षों और जिम्मेदार अधिकारियों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए, जिनके कार्यकाल में यह गड़बड़ी हुई। साक्ष्य मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी और अभियोजन की कार्रवाई की जानी चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा, भाजपा के प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश शुक्ला और मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद थे। इससे पहले सर्किट हाउस में बाबूलाल मरांडी से मिलने कई प्रमुख नेता भी पहुंचे।

## नीलामी के आधार पर किराएदारों को बेदखल नहीं किया जा सकता: झारखंड हाईकोर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची**। झारखंड हाईकोर्ट ने जमशेदपुर में नीलाम की गई एक संपत्ति में वर्षों से दुकान चला रहे किराएदारों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि केवल संपत्ति नीलाम हो जाने के आधार पर किराएदारों को दुकान खाली करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस आनंद सेन की एकल पीठ ने जुगसलाई निवासी कांति लाल जैन सहित पांच दुकानदारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि किराएदारों को केवल 'झारखंड बिल्डिंग (लीज, रेंट एंड एविक्शन) कंट्रोल एक्ट' में तय कानूनी आधारों के तहत ही बेदखल किया जा सकता है। मामला पूर्ववर्ती साहू होटल परिसर से जुड़ा है। बिहार स्टेट फाइनेंशियल कॉरपोरेशन (बीएसएफसी) से लिए गए ऋण का भुगतान न होने पर निगम ने इस संपत्ति की नीलामी कर दी थी। इसके उपरांत, 12 मई 2017 को वहां वर्षों से व्यवसाय कर रहे किराएदारों को परिसर खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# घर-घर पहुंचेगी ओलचिकी लिपि, संताली लेखक संघ ने लिया बड़ा संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। अखिल भारतीय संताली लेखक संघ, झारखंड शाखा की महत्वपूर्ण बैठक चंदनकियारी महाविद्यालय में संघ के अध्यक्ष डॉ. रजनीकांत मांडी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संताली भाषा, साहित्य और ओलचिकी लिपि के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि संताली भाषा के विकास और ओलचिकी लिपि को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। संघ की ओर से ओलचिकी लिपि को घर-घर तक पहुंचाने और संताली भाषा के प्रति नई पीढ़ी को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में धर्मगुरु और प्रथम संताली लिखित साहित्यकार रामदास टुडू 'रास्का' की जयंती समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर को चंदनकियारी



महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा।

समारोह को सफल बनाने के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। सनातन हेंब्रम को अध्यक्ष, शिवलाल मुर्मू को उपाध्यक्ष, प्रेम मरांडी को सचिव, भरत टुडू को उप-सचिव और सतलोचन हांसदा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा पौलेन बेसरा, वीरेंद्र सोरेन, राधाप्रसाद बास्के, सपन हांसदा और नकुल बिस्कु समेत अन्य लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। बैठक के दौरान समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक मंगल टुडू और दुर्गा चरण मुर्मू को सम्मानित किया गया। वहीं सोनोत संताल समाज के अध्यक्ष शंकर प्रसाद मुर्मू और सचिव नारायण चंद्र मुर्मू को भी ओलचिकी पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सोमरा मुर्मू ने अखिल भारतीय संताली लेखक संघ की सदस्यता ग्रहण की।

# कोलकाता जा रहे झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता नशाखुरानी के शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता रंजन प्रसाद सिन्हा बस यात्रा के दौरान जहरखुरानी के शिकार हो गए। आरोप है कि अपराधियों ने नशीली चाय पिलाकर उन्हें बेहोश किया और दो सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन (कुल 11 ग्राम) और 15 हजार रुपये नकद लूट लिये। इसके बाद उन्हें कोलकाता के बाबूघाट के पास लावारिस हालत में छोड़ दिया गया। मामले में नॉर्थ पोस्ट पुलिस स्टेशन, कोलकाता में जीरो एफआइआर दर्ज करायी गयी है।

**चाय पीने के बाद हो गये बेहोश**

अधिवक्ता के अनुसार, उनके साले शक्ति शरण का 10 सितंबर को बीएम बिड़ला अस्पताल, कोलकाता में हार्ट का ऑपरेशन होना था। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के लिए वह सात सितंबर की रात कांटाटोली से श्री साईं बस में सवार हुए थे। उनकी स्लीपर सीट (बीएस-6) बुक थी। हालांकि बस स्टाफ ने सीट महिला के नाम पर बुक होने की बात कहते हुए उन्हें पहले सीट नंबर 15 और फिर 11 पर बैठाया।

यात्रा के दौरान रॉयल लोलो होटल के पास बस रुकने पर बगल की सीट पर बैठे यात्री ने उन्हें चाय पीने के लिए कहा। अधिवक्ता के मना करने के बावजूद यात्री ने कथित तौर पर उन्हें जबरन चाय पकड़ा दी। चाय के दो घूंट पीने के बाद वह गहरी नींद में चले गये। सुबह करीब पांच बजे बस बाबूघाट पहुंची। परिजनों के फोन का जवाब नहीं मिलने पर एक स्थानीय व्यक्ति ने फोन उठाया और अधिवक्ता के बेहोश होने की जानकारी दी। इसके बाद कोलकाता पुलिस और उनके रिश्तेदारों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। होश में आने के बाद उन्हें अपने साथ हुई लूट की जानकारी मिली।

पीड़ित अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि श्री साईं बस के चालक, कंडक्टर, खलासी और मालिक की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से बस से जुड़े लोगों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहे हैं। फिलहाल लोअर बाजार थाना जीरो एफआइआर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटना की परिस्थितियों और आरोपों की जांच कर रही है।

## बीआईटी मेसरा के हॉस्टल में एमएससी छात्रा का शव मिला

**रांची**। बीआईटी मेसरा परिसर स्थित हॉस्टल संख्या-9 से एक एमएससी छात्रा का शव बरामद हुआ है। मृतका की पहचान अंजलि के रूप में की गई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, हालांकि पुलिस ने मृतका के कमरे से एक डायरी जब्त की है। डायरी में दर्ज कुछ प्रविष्टियों की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि छात्रा पारिवारिक विवाद के कारण गहरे मानसिक तनाव में थी।

# वाहन ने ट्रांसफॉर्मर में मारी टक्कर, 2.95 लाख का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। लालपुर थाना क्षेत्र के नवीन मित्रा रोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बिजली के ट्रांसफॉर्मर में जोरदार टक्कर मारी। यह हादसा राजकुमार अग्रवाल के घर के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद लालपुर इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। इस वजह से लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा और अंधेरे में रहना पड़ा।

घटना को लेकर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, लालपुर के सहायक विद्युत अभियंता अनूप कुमार महतो ने लालपुर थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। महतो ने कहा, "अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ट्रांसफॉर्मर में सीधी टक्कर मार दी।" बिजली गुलः ट्रांसफॉर्मर से टकराया हादसे में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड




(जेबीवीएनएल) को करीब 2.95 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान होने की बात प्राथमिकी में कही गयी है। पुलिस को दिये आवेदन में वाहन और उसके चालक की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। साथ ही नियमानुसार नुकसान की भरपाई कराने की मांग की गयी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है और अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## एक नजर

### बेतरतीब परिचालन से सड़कें हुईं संकीर्ण, आवागमन में परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बेहतर आवागमन के लिए शासन ने सड़कों की हालत सुधारी है, लेकिन बेतरतीब अतिक्रमण और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से शहर की प्रमुख सड़कें संकीर्ण हो गई हैं। इससे सुबह-शाम यातायात प्रभावित होने के साथ जाम की स्थिति बन रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर दुकानों का सामान सड़क तक फैला रहता है। वहीं, दुकानों के सामने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। रमेश चौक से धर्मशाला चौक और महाराजगंज रोड पर स्थिति अधिक खराब रहती है।सुबह और शाम के समय राहगीरों को भी सुरक्षित निकलने में परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन समस्या स्थायी रूप से दूर नहीं हो पा रही है। नगर परिषद ने रमेश चौक और बद्री मार्केट में पार्किंग स्थल बनाया है। यहां दोपहिया वाहन के लिए पांच रुपये और चारपहिया वाहन के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित है। हालांकि, पार्किंग स्थल छोटा होने के कारण अधिकांश वाहन वहां खड़े नहीं हो पाते। बराटपुर के विजय सिंह और पुकार सिंह ने कहा कि अवैध पार्किंग से प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है। उन्होंने बड़ा पार्किंग स्थल बनाने की मांग की।

### कॉ घनश्याम यादव के निधन पर शोकसभा

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के समर्पित नेता एवं गोह अंचल पार्टी के स्तंभ रहे कॉमरेड घनश्याम यादव के निधन पर हसपुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कॉमरेड घनश्याम यादव गोह प्रखंड के बक्सर गांव के रहने वाले थे। 19 सितंबर 2026 को बिजली की चपेट में आने से उनका निधन हो गया। शोकसभा में पार्टी नेताओं ने उनके निधन को संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया और उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया। इस दौरान कॉमरेड चंद्रशेखर सिंह, कॉमरेड राम इकबाल सिंह, कॉमरेड विजय प्रमुख, कॉमरेड राम लखन सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। हसपुरा पार्टी की ओर से दिवंगत नेता को पार्टी का झंडा देकर अंतिम विदाई दी गई। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### गोपाष्टमी पूजा की तैयारी हेतु मानव विकास मंच की बैठक



**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हसपुरा बाजार के बड़ी फिल्ड के समीप नीजी शिक्षण संस्थान के परिसर में मानव विकास मंच के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष युवा कार्यकर्ता मनीष कुमार ने की। संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया। उन्होंने मानव विकास मंच समाजिक कार्यों में मजबूती के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते आ रही है विस्तार से चर्चा की। जिसमें शैक्षणिक व्यवस्था पर बल दिया गया। बताया जाता है कि निर्धन व असहाय बच्चों को पढ़ाने में मंच की ओर से निःशुल्क सहयोग किया जाता है। मंच के निर्माता सह संस्थापक चन्द्र देव सिंह सिपाही ने कहा कि गरीबों के बीच अपनी ओर से कंबल वितरित करेंगे। जिसमें मंच के सदस्यों का वितरण में सहयोग लिया जाएगा। पूर्व जिप प्रतिनिधि रामाश्रय प्रसाद सिंह, देवनारायण सिंह, नागेश्वर राम, सरपंच सुरेन्द्र यादव, पैक्स अध्यक्ष आशुतोष राय उर्फ साधु यादव ने संगठन मजबूती के लिए अधिक से अधिक सभी वर्ग को लोगों को जोड़ने पर बल दिया। बखोरा खां, मानदीप चौधरी, रामबिलास यादव, जितेन्द्र कुमार, दिनेश कुशवाहा, गुडु पासवान, अखिलेश यादव, लक्ष्मण सिह, सुनील यादव, दीपक कुमार, राजू कुमार सहित सभी सदस्यों ने विचार व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने, बच्चों के बीच प्रतियोगिता में अव्वल स्टूडेंस को सम्मानित करने पर बल दिया गया। जिसमें गोपाष्टमी पूजा पर श्रीकृष्ण भगवान के जीवनी पर चर्चा किया जाएगा।

# शिक्षक हित के मुद्दों पर बैठक, प्रखंड कमेटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। बिहार स्टेट टीचर एसोसिएशन (गोप गुट) की ओर से हसपुरा के ड्रीम पैलेस में शिक्षक हित से जुड़े मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में 7वें वेतनमान का लाभ, प्रधान शिक्षकों के लिए सम्मानजनक वेतनमान, जबरन स्थानांतरण पर रोक, पुरुष शिक्षकों को भी अपने प्रखंड में स्थानांतरण का अवसर देने की मांग उठाई गई। इसके अलावा सभी संवर्ग के शिक्षकों के लिए एक समान पदनाम 'सहायक शिक्षक' करने तथा सभी शिक्षकों को शीघ्र प्रोन्नति देने की मांग प्रमुखता से रखी गई।



शिक्षकों ने प्रखंड स्तर पर कार्यों के निष्पादन में कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने और शिक्षक हित में संगठनात्मक रूप से संघर्ष करने का निर्णय लिया। बैठक में संगठन को विस्तार देते हुए हसपुरा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। नवगठित कमिटी में रवि कुमार सिंह को अध्यक्ष, निशांत कुमार चंदन को उपाध्यक्ष, रवि कुमार को सचिव, दीपक कुमार को संयुक्त सचिव, सुधीर कुमार को कोषाध्यक्ष, ज्याउल्लाह अंसारी को मीडिया प्रभारी, आशा कुमारी को महिला प्रकोष्ठ, हिमांशु कुमार को संगठन संयोजक तथा लवकिशोर प्रसाद को प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया।

मौके पर जिला अध्यक्ष औरंगाबाद अमित कुमार सुमन, अमरेंद्र कुमार, समुंदर सिंह, कमलेश कुमार, नीरज साहनी, अभिमन्यु कुमार, अवध किशोर सिंह, संतोष खत्री, अरुण कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, बबन सिंह, मुरारी प्रसाद, मनोज मंजुल, संजना कुमारी, कविता कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बाबा गणिनाथ गोविंद का पूजनोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्य सभा की शाखा दाउदनगर द्वारा शनिवार को सोन नद के तट पर बाबा भूतनाथ प्रांगण स्थित बाबा गणिनाथ गोविंद जी मंदिर में 30 वां पूजनोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक-सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओबरा विधायक सह लोजपा रामबिलास के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रकाश चन्द्र ने कहा कि मैं समाज के लिए तैयार रहूंगा। सभी परिवार के सदस्य हैं और आपका सुख दुख हमारा है। समारोह का आरंभ उपाध्यक्ष रहे धनंजय कुमार के स्वर्गवासी होने के लिए दुःख प्रकट कर किया गया। उनके असमय उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति होने की बात कही गयी। कहा गया कि उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। मुख्य संयोजक प्रह्लाद प्रसाद ने उक्त बात कही। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। समाज सेवी कामता प्रसाद ने नशाखोरी पर समाज के लोगों से दूर रखने का आग्रह



किया एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी महती भूमिका निभाने का आह्वान किया। कजपा निवासी डा. गोपाल प्रसाद पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ने समाज की एकता और राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आह्वान किया। रफिगंज पूजा समिति के सदस्य सुनिल कुमार ने कहा कि आय दिन समाज के लोगों के साथ घटनाएं घट रही है। इसके लिए हमें एक जुटता के साथ मुकाबला करने की आवश्यकता है। रफीगंज शाखा अध्यक्ष विनय कुमार ने अपने समाज के लोगों को शैक्षणिक रूप से जागरूक करने एवं शिक्षा ग्रहण करने की बात कही, ताकि समाज मुख्य धारा से जुड़ सके। पिपरा कमिटि के अध्यक्ष शंकर कुमार मौजूद रहे। यह आयोजन मेला के रूप में परिणत हो गया। औरंगाबाद, अरवल के साथ भिन्न भिन्न प्रखंड के लोगों की भारी संख्या में भागीदारी रही। संचालन प्रह्लाद प्रसाद ने की। अध्यक्ष टिंकू कुमार, कोषाध्यक्ष दिपक कुमार, महामंत्री मंजीत अमन, उपाध्यक्ष अजय कुमार, विकास कुमार, भोला कुमार, कुन्दन कुमार, चन्दन कुमार, रंजन कुमार, रंजित कुमार, कृष्ण प्रसाद, भोला प्रसाद, प्रमोद महाजन, विजय कुमार, अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक अवधेश प्रसाद , अवकाश प्राप्त प्रोफेसर गणेश प्रसाद, पंकज कुमार आदि गणमान्य सदस्यों ने अपनी महती भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कासमा थानाध्यक्ष का विदाई सह सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कासमा थाना परिसर में थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआई नेहा रंजन ने की, जबकि मंच संचालन एसआई आशुतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानांतरित थानाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ, बुके व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सहकर्मियों और समाजसेवियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि अक्षयवर सिंह में अद्भुत टीम भावना थी, जिसके बल पर



कार्य निर्बाध गति से चलता रहा। जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान भी उन्होंने आमजन के सहयोग से सहजता से किया। मुखिया प्रतिनिधि अनुज सिंह और पंचायत समिति सदस्य मंटू सिंह ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य व संयम के साथ दायित्वों का निर्वहन करना इनकी कार्यशैली का प्रमुख गुण रहा है। स्थानांतरित थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि जनता और पुलिस के बेहतर समन्वय से काम आसान हो जाता है। यहां हर वर्ग और समुदाय का भरपूर सहयोग व स्नेह मिला। समारोह में पीएसआई बिट्टू कुमार, एएसआई किशोरी शाह, नवीन कुमार, अरुण कुमार सिंह, इंद्रदेव कुमार, शेख शेरेअली, मुन्ना कुमार गुप्ता सहित सभी पुलिसकर्मी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# योग और प्राणायाम से जीवन में अनुशासन एवं स्वास्थ्य का विकास : बृजमोहन शर्मा

**दाउदनगर में योग कक्षा का आयोजन, योग अपनाने का दिया संदेश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। शहर के बम रोड स्थित शिव बाला शिव मंदिर परिसर में रविवार को पतंजलि की ओर से योग कक्षा का आयोजन किया गया। योग कक्षा का संचालन पतंजलि के अनुमंडल प्रभारी नंद बाबा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि किसान प्रभारी बृजमोहन शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर बृजमोहन शर्मा ने लोगों को कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग में अनुशासन का विशेष महत्व है। योग, प्राणायाम, आसन, व्यायाम और सूर्य नमस्कार को नियमित जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह सकता है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय परंपरा की महत्वपूर्ण विधा है और इसे नियमित रूप से अपनाने से शरीर और मन को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है।



उन्होंने लोगों से अपनी दिनचर्या में योग और प्राणायाम को शामिल करने की अपील की। बृजमोहन शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से लोगों में अनुशासन, संयम और सकारात्मक जीवनशैली का विकास होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को अपनाना विशेष रूप से उपयोगी है। उन्होंने योग के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि "संसार की सभी समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं, योग है।" उन्होंने "योगः शरणं गच्छामि" का संदेश देते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने का आह्वान किया। योग कक्षा में वार्ड पार्षद सोनी, दीपक केशरी, सुखलाल, मुकेश आर्य, गुड्डू तिवारी, रामजी रेडीमेड, सुंदरम, मोहन प्रसाद, उदय पासवान, रामपुकार प्रसाद, श्रवण कुमार, हीरालाल, महेश, शिवम कुमार, योगी आत्मा सुनील कुमार सिन्हा, सुनीता देवी, सुनीता राय, रेखा देवी, अजय, देवश्री देवी, निर्मला देवी, लाखा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कर नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# पिरवा पंचायत के वार्ड नं -चार में नल जल की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के वार्ड नं चार में पांच वर्षों से अधिक समय से नल-जल योजना ठप पड़ा है। चार वर्ष पहले 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फ़ेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण विक इस सिंह, अजय सिंह सहित बताते हैं कि जब नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जाता है। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू कराने की जरूरत है। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फेल हो गया है। कुछ ग्रामीणों द्वारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर ठीक कराए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की गई परंतु योजना को चालू नहीं कराया गया।

# पक्की सड़क से वंचित हो गया गांधी नगर गांव

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मदनपुर प्रखंड की बेरी पंचायत के तहत गांधी नगर गांव अब भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। यहां के लोगों के लिए विकास अब भी कोसो दूर है। प्रखंड के अधिकांश गांव पक्की सड़क से जुड़ चुके हैं जबकि प्राणपुर के लोगों को अब भी मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए करीब आधा किमी कच्चे रास्ते पर चलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं होने के कारण गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से प्रभावित रहता है। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण का वादा करते हैं परंतु चुनाव समा' होते ही इसे भूल जाते हैं। वहीं बारिश के मौसम में कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दिल हो जाता है। यहां तक की बीमार और गर्भवती महिलाओ को अस्पताल पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाती है। ग्रामीण भरत सिंह, रामाश्रय सिंह सहित बताते हैं कि गांव में बिजली, पेयजल, विद्यालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध है परंतु पक्की सड़क के अभाव में आवागमन बाधित रहता है। बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की गई परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

## समय पर पुनर्भुगतान करने वाले ग्राहकों के लिए गोल्ड रिवार्ड पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** आरबीआई में पंजीकृत एनबीएफसी-एमएफआई डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने अपने संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) ग्राहकों के बीच जिम्मेदारी भरे पुनर्भुगतान व्यवहार की पहचान करने के लिए ह्यगोल्ड रिवार्डह्ल पहल की घोषणा की है। बिना किसी देरी के समय पर माइक्रोफाइनेंस ऋण का पुनर्भुगतान करने वाले पात्र ग्राहकों को भुगतान की गई ब्याज की रकम के 2 प्रतिशत के बराबर गोल्ड रिवार्ड मिलेगा। यह पहल उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल में लागू की जा रही है। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस, लागू रिवार्ड राशि के आधार पर पात्र ग्राहकों की ओर से सोने की खरीद कर उनका आबंटन करेंगी। ग्राहकों के पास भौतिक रूप में या एक डीमैट एकाउंट के जरिए आबंटित सोने को भुनाने का विकल्प होगा। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के सीओओ अविनाश कुमार ने कहा, ह्लइस पहल के जरिए, हम हमारे उन जेएलजी ग्राहकों को पहचानना चाहते हैं जो बिना किसी देरी के अपनी पुनर्भुगतान प्रतिबद्धताएं निरंतर पूरी करते और जिम्मेदारी भरा वित्तीय व्यवहार करते हैं।

## परीक्षा में सफल छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण



**अररिया।** सदर प्रखंड के सिसौना गैयारी पंचायत स्थित बच्चियों के आवासीय मदरसा जामियतुल फलाह लिलबनात में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें शत प्रतिशत परिणाम होने से बच्चियों वो अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। मदरसा के नाजिम ने परीक्षा परिणाम को लेकर काफी संतुष्ट दिखे। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक पाने वाले कुल 39 बच्चियों को पुरस्कार से भी नवाजा गया। वहीं इस मौके पर परीक्षा परिणाम को लेकर एक दुआइया नशीशत का आयोजन भी किया गया,जहां शिक्षकों ने अपनी अपनी बातें रखीं। इस मौके पर मदरसा के नाजिम कारी साकिब नदीम साहब, जनाब कारी महमूद साहब, मुफ्ती असरार साहब,हाफिज फैयाज आलम,मौलाना अलहाज शब्बीर आलम कासमी,मुफ्ती असरारुल कासमी,कारी जुल्फिकार आलम कासमी,कारी जावेद आलम, मौलाना जशीम साहब, मदरसा के सक्रिय सदस्य मो अफाक भाई भी शामिल थे।

## बरामदे में बैठी महिला को बदमाशों ने मारी गोली

**सारण।** जिले के तरैया थाना क्षेत्र में शनिवार की रात अपराधियों ने घर के बरामदे में बैठी एक महिला को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। अचानक हुई गोलीबारी की इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना तरैया गांव में भगवती स्थान के समीप की बताई जा रही है। घायल महिला की पहचान तरैया निवासी स्वर्गीय अवधेश सिंह की 55 वर्षीय पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नीलम देवी शनिवार की रात अपने घर के बरामदे में बैठी हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही महिला गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में खून से लथपथ नीलम देवी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में उपचार के बाद स्थिति गंभीर रहने पर चिकित्सकों ने उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया है।

## 26 को टिकारी में मनेगी राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती

**टिकारी।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती समारोह का आयोजन 26 सितंबर को टिकारी राज इंटर कॉलेज के परिसर में किया जाएगा। समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मुख्य आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि टिकारी में पिछले दस वर्षों से दिनकर जयंती समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष अब तक सोलह विद्यालयों ने आयोजन में भाग लेने की सहमति दी है। समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी राष्ट्रकवि दिनकर की कविताओं का काव्य पाठ करेंगे। इसके अलावा निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं की तैयारी चल रही है और विद्यार्थियों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।
समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्धन शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद के सदस्य जीवन कुमार उद्घाटनकर्ता , स्थानीय विधायक अजय कुमार मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर तथा गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्रा विशिष्ट अतिथि एवं गया कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के प्रो. अटल कुमार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। मंच संचालन की जिम्मेदारी चर्चित साहित्यकार संजय अथर्व निभाएंगे।

## छात्रा की संदिग्ध मौत से सनसनी

**सीतामढ़ी।** जिले स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब नौवीं कक्षा की एक छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में विद्यालय की ऊपरी मंजिल से बरामद किया गया। घटना रीगा थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। अचानक हुई इस घटना के बाद से आवासीय परिसर में रह रही अन्य छात्राओं और विद्यालय कर्मियों के बीच डर और चिंता का माहौल व्याप्त है। मृतक छात्रा मूल रूप से मोतिहारी जिले की रहने वाली थी और उसके माता-पिता हरियाणा में मजदूरी करते हैं। परिजनों के बाहर होने के कारण उसकी बुआ और फूफा ही उसके स्थानीय अभिभावक हैं। सदर एसडीपीओ आशीष आनंद के अनुसार, छात्रा का नामांकन करीब एक महीने पहले ही इस विद्यालय में हुआ था। इसके अलावा, लगभग 15 दिन पहले उसकी छोटी बहन का दाखिला भी इसी स्कूल में कराया गया था। शनिवार को बुआ-फूफा दोनों बहनों को स्कूल छोड़कर गए थे और आगामी दुर्गा पूजा में घर ले जाने की बात कही थी, लेकिन उनके जाने के थोड़ी ही देर बाद यह हादसा हो गया।

## घास काटने गयी बच्ची की हत्या



**बाढ़।** थाना अंतर्गत बेलछी थाना क्षेत्र में जानवरों के लिए घास काटने गई 12 वर्षीय बच्ची की धारदार हथियार से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई।बताया जाता है कि बच्ची दोपहर करीब तीन बजे जानवरों के लिए घास लाने घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शाम करीब छह बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की सूचना डायल-112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मामले में दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने की भी जानकारी है।घटना के बाद मृतका के परिजनों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की आशंका भी जताई है। परिजनों का कहना है कि बच्ची के कपड़े भी खुले हुए थे। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# एंबुलेंस के सहारे शराब की तस्करी का पर्दाफाश

- बेड के नीचे से 460 केन बीयर बरामद
- पुलिस ने दो तस्करों को खदेड़कर पकड़ा
- झारखण्ड से लायी जा रही थी शराब की खेप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** अवैध शराब की तस्करी के लिए शराब तस्कर अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं। कभी मिलिट्री लिखी गाड़ी तो कभी पुलिस-प्रशासन और प्रेस लिखी गाड़ी से शराब की तस्करी की जा रही है और अब एंबुलेंस के सहारे अवैध शराब की तस्करी करने का उत्पाद विभाग की टीम ने पदार्फाश किया है।
गिद्धौर प्रखंड के बानाडीह के समीप से रविवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम ने एक प्राइवेट एंबुलेंस को जब्त किया है। एंबुलेंस में बने बेड के नीचे बाक्स से 460 केन बीयर, यानी 230 लीटर बीयर बरामद किया गया है और दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।
गिरफ्तार तस्करों की पहचान लखीसराय जिले के पिटी बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरा राजपुर गांव निवासी पप्पू सिंह के पुत्र सौरभ कुमार और रामायणपुर गांव निवासी बलराम शर्मा के पुत्र सत्यम कुमार के रूप में हुई है।
यह कार्रवाई उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर उत्पाद विभाग के प्रभारी थानाध्यक्ष गौरी शंकर कुमार के नेतृत्व में एसआई अश्विनी कुमार द्वारा की गई है। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से अन्य शराब तस्करों के बीच दहशत फैली हुई है।
यह कार्रवाई उत्पाद विभाग के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। उक्त जानकारी उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है।
उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि झारखंड से जमुई के रास्ते अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के बाद उत्पाद प्रभारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआई अश्विनी कुमार द्वारा गिद्धौर इलाके में गहन वाहन जांच की गई।
दौरान एक प्राइवेट एंबुलेंस सायरन बजाते हुए उत्पाद विभाग की टीम को देख भागने लगा, जिसे खदेड़कर कर पकड़ा गया और एंबुलेंस में लगे बेड के नीचे बॉक्स से 460 कैन बीयर, यानी 230 लीटर बीयर बरामद किया गया। साथ ही दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में शराब झारखंड के सत्संग मोड़ जसीडीह से लखीसराय के पिपरिया ले जाई जा रही थी। फिलहाल, दोनों शराब तस्कर से पूछताछ की जा रही है और एंबुलेंस की भी गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मां की जलाकर हत्या करने के आरोप में पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात 60 वर्षीय महिला रेखा देवी की आग से जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना के बाद मृतका के बेटे को गिरफ्तार किया है। कहते हैं कि मां नौ महीने अपनी कोख में बेटे को हर पीड़ा और दर्द सहकर पालती है। लेकिन पटना में कलयुगी बेटे की क्रूर वारदात ने मनवीय संवेदनाओं को झकझोरकर रख दिया है।
ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां कलयुगी बेटे ने मां को नशे में जिंदा जला दिया। खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ले में शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 60 वर्षीय महिला रेखा देवी की आग से जलाकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।
घटना के बाद पुलिस ने मृतका के बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को बेटे पर ही मां की हत्या करने का आरोप सामने आया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है।
जानकारी के अनुसार, रेखा देवी दीवान मोहल्ले में मकान मालिक बसंत लाल के घर में रहती थीं। शनिवार देर रात करीब 2:25 बजे अचानक उनके कमरे में आग लगने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही खाजेकलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।
पटना सिटी एएसपी राज किशोर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बेटे द्वारा मां को जलाकर हत्या किए जाने का आरोप सामने आया है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है।

## लापता का सुराग नहीं, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र के निवासी अमन कुमार का आठ दिनों से कोई सुराग नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और करीब तीन घंटे तक मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन जाम कर दिया। अमन के गायब होने से परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सूर्यपुरा गांव के पास मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक फोरलेन जाम कर लोगों ने जमकर हंगामा किया। घटनास्थल पर स्थानीय विधायक के खिलाफ भी नाराजगी देखी गई।
परिजन स्थानीय पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन के बड़े पदाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एक नामजद समेत चार अन्य लोगों के खिलाफ अथमलगोला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### अनहोनी की आशंका

अमन पटना के महेंद्रू स्थित एक ट्रेनिंग कॉलेज में काम करता था। वह पटना किसी काम से जाने की बात कहकर अपने दोस्त ऋषभ के साथ ट्रेन से पटना के लिए निकला था। रास्ते में ऋषभ के साथ कुछ बदमाशों ने मारपीट की और उसे वहीं गाड़ी से उतार दिया, जबकि अमन को लेकर स्कॉर्पियो सवार बदमाश आगे चले गए। ऋषभ ने घर लौटने के बाद परिजनों को घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने अथमलगोला थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल स्कॉर्पियो को भी बरामद कर लिया है और मामले की जांच में जुटी है।

## एमएलसी को सोशल मीडिया पर मिली धमकी

**मुजफ्फरपुर।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने सोशल मीडिया पर लगातार मिल रही धमकी और अभद्र टिप्पणियों को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में उन्होंने फेसबुक पर अलग-अलग नाम से संचालित कई अकाउंट के जरिए धमकी देने के साथ ही गाली-गलौज और भ्रामक आरोप लगाए जाने का आरोप लगाया है। एमएलसी के अनुसार, 15 सितंबर को वैभव मिश्रा नाम से संचालित फेसबुक अकाउंट से उन्हें थप्पड़ मारकर गाल लाल करने की धमकी दी गई। बीते 16 सितंबर को इसी अकाउंट से अभद्र टिप्पणियां की गईं। इसी दिन राहुल झा नामक फेसबुक अकाउंट से उन पर भ्रामक आरोप लगाते हुए जूते की माला पहनाने की बात लिखी गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि उज्ज्वल कुमार ओझा और ठाकुर दिव्य प्रकाश नामक युवक अपने फेसबुक अकाउंट से उनके नाम को लेकर जातिगत भावना भड़काने और सामाजिक माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि आरोपित सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के साथ उनके खिलाफ हिंसक कार्रवाई का प्रयास कर सकते हैं।

## गयाजी-धनबाद रेलखण्ड पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे ने गया-धनबाद रेल मार्ग पर रेल परिचालन की क्षमता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेलवे ने चिरैलापोथु-पहाड़पुर और कोडरमा-प्रधानखंता के बीच लगभग 242 किलोमीटर लंबे रेलखंड में तीसरी और चौथी रेल लाइन से जुड़े सिग्नलिंग तथा टेलीकम्युनिकेशन कार्य के लिए करीब 340.16 करोड़ रुपये का ईपीसी टेंडर जारी किया है। इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था और ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग विकसित की जाएगी। रेलवे ने इस संपूर्ण निर्माण कार्य को 24 महीने की निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।
इस परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात संबंधित रेल मार्ग पर रेलवे को अतिरिक्त ट्रैक क्षमता प्राप्त होगी। वर्तमान समय में सीमित लाइन क्षमता के कारण एक ही रेल मार्ग पर यात्री ट्रेनों, मालगाड़ियों तथा अन्य ट्रेनों का संचालन करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में किसी ट्रेन को आगे निकालने या दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए परिचालन में अतिरिक्त समय लगता है। तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद ट्रेनों को अलग-अलग लाइनों पर संचालित करने की गुंजाइश बढ़ेगी। इससे ट्रेनों के संचालन में अधिक लचीलापन आएगा और एक ही दिशा में चलने वाली दो ट्रेनों के बीच का समय अंतर कम करने में सहायता मिलेगी। परियोजना के तहत ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग आधुनिक और सुरक्षित प्रणाली है। इस व्यवस्था में रेलवे ट्रैक को छोटे-छोटे ब्लॉक सेक्शन में बांटा जाता है। जब कोई ट्रेन किसी ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश करती है, तो सिग्नलिंग सिस्टम उस हिस्से को तुरंत व्यस्त मान लेता है। इसके बाद पीछे से आने वाली अगली ट्रेन के लिए सिग्नल की स्थिति उसी आधार पर नियंत्रित होती है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य एक ही दिशा में आगे बढ़ रही ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना है, ताकि उपलब्ध ट्रैक क्षमता का अधिक प्रभावी उपयोग किया जा सके।
अतिरिक्त लाइनों और आधुनिक सिग्नलिंग के संयुक्त प्रभाव से इस रेलखंड पर भविष्य में बढ़ने वाले यातायात दबाव को आसानी से संभाला जा सकेगा। परियोजना पूरी होने के बाद रेल टाइमटेबल में नई ट्रेनें जोड़ने अथवा मौजूदा ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का अवसर उपलब्ध होगा। हालांकि, केवल परियोजना पूरी होने मात्र से नई ट्रेनों का संचालन स्वतः आरंभ नहीं होगा। नई यात्री ट्रेनें चलाने या फेरे बढ़ाने का अंतिम निर्णय रेलवे प्रशासन परिचालन आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों और अंतिम टाइमटेबल के आधार पर ही करेगा।

## बाढ़ राहत सामग्री वितरण में पारदर्शिता को ले अनशन जारी

### सीओ पर हिटलरशाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बाढ़ राहत सामग्री वितरण में पारदर्शिता, जीआर सूची सार्वजनिक करने और पुनः दीपक कुमार को सीओ बनाए जाने के विरोध में युवाओं का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा।
सत्यम राणा राय के नेतृत्व में दर्जनों युवा प्रखंड परिसर में धरने पर डटे हुए हैं। धरने के दौरान एक युवक की तबीयत बिगड़ने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर मौके पर पहुंचे और उसका इलाज किया। प्रभारी एडीएम आपदा, बिदुपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, राघोपुर बीडीओ सीमा कुमारी और सीओ सहित कई पदाधिकारी युवाओं से मिलने पहुंचे थे। पूर्व सीओ राजीव रंजन चौधरी भी धरनास्थल पर आए थे, लेकिन बात नहीं बनी। युवा जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। राघोपुर अंचल कार्यालय में पदस्थापित अधिकारियों को लेकर दियारा क्षेत्र के युवाओं में भारी आक्रोश है।
सत्यम राणा राय का आरोप है कि वर्तमान सीओ दीपक कुमार की कार्यशैली हिटलरवादी और दमनकारी है। वे पढ़े-लिखे और क्रांतिकारी युवाओं की बात भी ठीक से नहीं सुनते, तो गरीब और कम पढ़ी-लिखी दियारा की जनता की क्या सुनेंगे।
वहीं युवाओं ने पूर्व में रहे राजस्व अधिकारी से सीओ बने राजीव रंजन चौधरी की तारीफ की। युवकों ने कहा कि भले ही वे बीपीएससी से सीधे सीओ नहीं बने थे, लेकिन वे जनता में लोकप्रिय थे और एक सच्चे लोक सेवक के तौर पर जाने जाते थे।



आंदोलन कर रहे युवाओं ने अंचल के नाजिर पर भी बड़े घोटाले और भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि जमीन के नाम चढ़ाने के नाम पर गरीब जनता से लाखों रुपये ठगे जा रहे हैं।
सत्यम राणा राय ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है कि आप हड़ताल खत्म करवा देंगे तो लाभ दिया जाएगा।
शाम में तो सामान्य बातचीत हुई, लेकिन रात में 2-3 बार अधिकारियों द्वारा धरना-प्रदर्शन तुड़वाने के लिए दबाव बनाया गया।

## पिकअप की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** बक्सर-इटाढ़ी मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में कपड़ा व्यवसायी शिवजी मिश्रा के इकलौते बेटे विकास की मौत हो गई। लालगंज स्थित साधु बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बहुआरा निवासी शिवजी मिश्रा पीसी कालेज के समीप कपड़ों की दुकान चलाते हैं। शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर 18 वर्षीय बेटे विकास के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। लालगंज के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।
मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। शिवजी मिश्रा को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस वाहन और चालक की पहचान की जांच कर रही है।

## मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में युवा पार्लियामेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया में विकसित भारत 2047 की थीम पर युवाओं के रोल को लेकर यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा के दसवीं के छात्रों-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।
यूथ पार्लियामेंट में पक्ष-विपक्ष दोनों ही तरफ छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाउस के स्पीकर के रूप में खुशी एवं अन्य अन्य मंत्रालयों के रूप में निशा, रति सिंह, ऋषिका राय, अनन्या, वैष्णवी , रीत शर्मा, साक्षी , रिया, लक्ष्य, वर्षा, नैना, शांभवी, राय, विजय, श्रेया, झा, तनस्वी, हायनूर, माही झा, आयुषी कुमारी, नंदिनी, परिधि विधि, साक्षी, आफिया स्वयं, शहाबीद, सुशांत रंजन, शिवम, पुष्पक, ऋषभ, आर्यन, अंबर, धैर्य, कृषिय,आनंद, श्याम कुमारी, अंकुश मयंक राय, आरुष, ओम कुमार, अभिनव कुमार, अनुभव, मोहम्मद आसिफ, जयेश यथार्थ,

### छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रियांशु राय, अभिजीत,कृष्णा राय बड़ी सरलता और स्वामी रूप से अपने-अपने पद का प्रस्तुतीकरण दिया।
यह सेशन करीब 2 घंटे चला और छात्रों को बहुत कुछ सीखने को समझने को मिला। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम शाह वाइस चेयरमैन नगर परिषद, स्कूल के डायरेक्टर डॉ संजय, प्रधान प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी एवं वाइस प्रिंसिपल मृणाल प्रधान ने दर्शक दीर्घा में बैठकर सभा का आयोजन देखा।
पार्लियामेंट के सेशन को सफल बनाने के लिए एडमिनिस्ट्रेटर अभिनंदन नौटियाल ने बच्चों को बड़ी मुस्तादी से तैयार किया एवं उनका सहयोग वरिष्ठ अध्यापक अर्जुन झा, जितेश,अजीत झा, सॉविक घोष एवं संजय मंडल ने हफ्तों से तैयारी में रहे।

## स्कूल में बार बालाओं के डांस का वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिस विद्यालय परिसर में बच्चों को शिक्षा और संस्कार का पाठ पढ़ाया जाता है, वहीं गणेश पूजा के दौरान महिला डांसरों के डांस का कथित वीडियो प्रसारित होने से मामला गरमा गया है। मामला नानपुर प्रखंड के रायपुर बाजार स्थित सरस्वती विद्या निकेतन सह माडल उच्च विद्यालय से जुड़ा है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विद्यालय परिसर में मंच बनाकर डांस कार्यक्रम कराए जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है।
हालांकि, प्रसारित वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि नवयुवक पूजा समिति, रायपुर बाजार की ओर से गणेश पूजा के अवसर पर विद्यालय परिसर में मेले और अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।
इसी दौरान मंच पर महिला डांसरों का कार्यक्रम कराए जाने की बात सामने आई है। इसके बाद विद्यालय परिसर में इस तरह के आयोजन की अनुमति और विद्यालय प्रशासन की भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगमोहन सहनी ने बताया कि उन्होंने डांस कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी थी। उनके अनुसार, पूजा समिति के दबाव पर उन्होंने केवल कार्यक्रम की अनुमति के लिए डीईओ को पत्र भेजा था। उन्होंने बताया कि 17 और 18 सितंबर को छुट्टी के दौरान वे पटना गए थे। लौटने के बाद उन्होंने आयोजकों को बुलाकर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम नहीं करने के लिए कहा था। इसके बावजूद आयोजकों ने उनकी बात नहीं मानी और जबरदस्ती कार्यक्रम आयोजित कर दिया।
प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया कि गणपति पूजा आयोजन के लिए पुपरी अनुमंडल पदाधिकारी से लाइसेंस लिया गया है। हालांकि, पूजा आयोजन की अनुमति और विद्यालय परिसर में डांस कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति अलग-अलग विषय हैं। इसी को लेकर अब जांच की जरूरत बताई जा रही है।

## आशीर्वाद का दीया से दूर रहे अधिकारी

### मुख्य सचिव ने पदाधिकारियों को दिये कार्यक्रम से दूर रहने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में लखीसराय जिला प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाला महत्वाकांक्षी आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम शुरू होने से चंद मिनट पहले अचानक स्थगित कर दिया गया। प्रशासनिक स्तर पर पूरे तामझाम के साथ की गई भव्य तैयारियां उस समय धरी की धरी रह गईं, जब राज्य मुख्यालय से अप्रत्याशित आदेश जारी हुआ।
कार्यक्रम प्रारंभ होने के ठीक पहले राज्य के मुख्य सचिव ने आपात वीडियो कांफ्रेंसिंग कर जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों को इस आयोजन से पूरी तरह अलग रहने का सख्त निर्देश जारी कर दिया। इसके बाद जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक प्रशासनिक महकमे का उत्साह अचानक ठंडा पड़ गया।
जिला प्रशासन द्वारा इस भव्य दीपोत्सव के लिए व्यापक स्तर पर संसाधन जुटाए गए थे। पूरे लखीसराय जिले में एक लाख से अधिक मिट्टी के दीयों की व्यवस्था की गई थी। अकेले जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक परिया पोखर के तट पर 5,001 दीये कतारबद्ध सजाकर जलाने का खाका खींचा गया था। शाम छह बजे जिलाधिकारी सहित जिले के तमाम वरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आयोजन स्थल पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित करना था। इस आयोजन में सहभागिता के लिए भारी संख्या में जीविका दीदियों और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को भी बुलाया गया था।
मुख्य सचिव के कड़े रुख और अधिकारियों के कार्यक्रम से किनारा करने की खबर जैसे ही आयोजन स्थल पर पहुंची, वहां मौजूद लोगों में असमंजस और मायूसी फैल गई।

## पीके ने शिक्षक निर्वाचन में मारी इंट्री

**पटना।** बिहार विधान परिषद की शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की आठ सीटों के चुनाव को लेकर जन सुराज ने रविवार को पांच उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। पार्टी के सूत्रधार और बांकीपुर विधायक प्रशांत किशोर ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रत्याशियों की घोषणा की।
जन सुराज ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दिव्या ज्योति, दरभंगा शिक्षक से एसपी राय, दरभंगा स्नातक से रवीन्द्र यादव, सारण शिक्षक से आफाक अहमद और कोसी स्नातक से रजनीश रंजन को उम्मीदवार बनाया है। तिरहुत शिक्षक, तिरहुत स्नातक और पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों की घोषणा अगले तीन-चार दिनों में करने की बात प्रशांत किशोर ने कही।
प्रशांत किशोर ने कहा कि शिक्षकों की भर्ती, वेतनमान, गैर-शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी और वित्त रहित-वित्त पोषित संस्थानों से जुड़े मुद्दे लंबे समय से उठते रहे हैं। उनके अनुसार, अलग-अलग शिक्षक संगठनों को एक साथ लाकर संघर्ष समिति बनाने की दिशा में जन सुराज काम करेगी।
उन्होंने अगले दो-तीन वर्षों तक शिक्षकों के साथ मिलकर तीन प्रमुख मांगों को उठाने की घोषणा की। इनमें सातवां वेतनमान लागू करना, वित्त रहित एवं वित्त पोषित शिक्षकों को शिक्षकों की श्रेणी में समायोजित करना और गैर-शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी के लिए मानक तय करना शामिल है। किशोर ने कहा कि ये मांगें केवल शिक्षक संगठनों की नहीं, बल्कि जन सुराज की भी मांग होंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी इन मुद्दों को सरकार के सामने उठाएगी।
प्रशांत किशोर ने कहा कि जिस स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज का उम्मीदवार जीतकर विधान परिषद पहुंचेगा, वहां 10 हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने की जिम्मेदारी पार्टी, निर्वाचित प्रतिनिधि और मेरी की होगी।

# राज्य के 1.17 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचा पोषण माह अभियान

## 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर आठ अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बच्चों और माताओं के पोषण को लेकर बिहार में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान जारी है। 9 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 8 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का थीम 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' को बनाया गया है। इसका उद्देश्य पोषण को सिर्फ सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए परिवार और समुदाय की भागीदारी के साथ व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। बिहार में पोषण माह का प्रभाव राज्य के सभी 38 जिलों तक पहुंच रहा है। प्रदेश के 1,17,672 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा परिवारों तक पोषण संबंधी संदेश और सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी पोषण माह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ विद्यालयों, पंचायतों और घर-परिवार में सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित गतिविधि कैलेंडर के तहत प्रतिदिन कम से कम पांच गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। स्थानीय जरूरतों और क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार अतिरिक्त गतिविधियां भी आयोजित की जा सकती हैं। आयोजित गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिदिन का आंकड़ा जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर अपलोड किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताजा एवं गर्म पका भोजन (एचसीएम), सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत बच्चों एवं परिवारों को संतुलित व पौष्टिक आहार, स्थानीय खाद्य पदार्थों के उपयोग, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, बच्चों के प्रारंभिक विकास तथा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और उपलब्ध सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बिहार में समुदाय आधारित संस्थाओं के माध्यम से भी पोषण संदेश को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। जेईवीआईकेए के स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की बैठकों में संतुलित आहार, स्थानीय मोटे अनाज, एनीमिया से बचाव, स्तनपान, ऊपरी आहार और स्वच्छता जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। गांवों में पोषण रैली, प्रभातफेरी, आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ समन्वय बैठक तथा पोषण वाटिका जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**व्यवहार परिवर्तन बनेगा अभियान का आधार**

समाज कल्याण विभाग के अनुसार पोषण माह का जोर केवल एक माह तक कार्यक्रम आयोजित करने पर नहीं, बल्कि परिवारों के खान-पान और स्वास्थ्य व्यवहार में स्थायी बदलाव लाने पर है। बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी, संतुलित आहार, स्तनपान, पूरक आहार, स्वच्छता, मातृ पोषण और प्रारंभिक बाल विकास जैसे विषयों पर लगातार जागरूकता पैदा की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर पिछले पोषण माह अभियानों के जरिए मातृ पोषण, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार, वृद्धि निगरानी और स्वच्छता संबंधी व्यवहार में सुधार के लिए जनभागीदारी को बढ़ाया गया है।

## वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता के निधन पर जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पायल मेहता एक बेहद जुझारू, निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार थीं जिन्होंने अपनी मुखर और पारदर्शी रिपोर्टिंग से पत्रकारिता जगत में एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनके निधन से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक-संतप्त परिजनों, शुभचिंतकों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस विकट घड़ी में संबल और धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## केपटाउन से सिडनी पहुंचे बिहार विधान सभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के बाद अपने अध्ययन दौरे के क्रम में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से ऑस्ट्रेलिया के सिडनी पहुंचे। 69वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन केपटाउन में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न देशों और विधानमंडलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सिडनी पहुंचने पर भारतीय राजनयिक अधिकारियों तथा ऑस्ट्रेलिया में रह रहे अप्रवासी बिहारियों ने डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अध्ययन दौरे के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न संस्थानों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान वे संबंधित अधिकारियों, अप्रवासी भारतीयों तथा बिहारियों के साथ संवाद भी करेंगे। दौरे का उद्देश्य विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं और अनुभवों को समझना तथा संबंधित लोगों के साथ संवाद के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना है। बिहार विधान सभा के अनुसार, डॉ. प्रेम कुमार के अध्ययन दौरे में ऑस्ट्रेलिया में विभिन्न संस्थानों का भ्रमण और वहां के अधिकारियों तथा अप्रवासी भारतीयों-बिहारियों के साथ संवाद प्रमुख कार्यक्रम हैं।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए विशेष अभियान

## 24,033 पानी की टंकियों में से 14,248 की हुई जांच और सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता, गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण, सफाई, परीक्षण और आवश्यक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सभी रेलखंडों में जलस्रोतों, जल शोधन एवं निस्यंदन संयंत्रों, भूमिगत और ऊपरी जल टंकियों, पीवीसी टंकियों, वाटर बूथ, नलों और जल वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। 24,033 पानी की टंकियों में से 14,248 यानी 59.23 प्रतिशत टंकियों की जांच एवं आवश्यक रखरखाव किया जा चुका है। जलापूर्ति ढांचे में कमियों को दूर करने के लिए 167 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इनमें 39 स्थानों पर क्षतिग्रस्त पानी की टंकियों, पाइपलाइन और फिल्टर को प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है, जबकि 33 स्थानों पर कार्य प्रगति पर है। वहीं 81 स्थानों की पाइपलाइनों की मरम्मत या प्रतिस्थापन का कार्य पूरा किया जा चुका है। जल निस्यंदन व्यवस्था को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। रेलवे क्षेत्र में उपलब्ध 55 प्रेशर और ग्रेविटी फिल्टर में से 52 की सफाई एवं आवश्यक रखरखाव किया गया है। फिल्टरों में जमा गंदगी और अशुद्धियों को हटाने के साथ खराब उपकरणों को बदला गया तथा उनकी कार्यक्षमता की जांच की गई। रेलवे के 63 क्लोरीनेशन संयंत्रों पर भी आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। क्लोरीनेशन व्यवस्था और संबंधित उपकरणों की जांच कर पानी में क्लोरीन की मात्रा आवश्यकतानुसार नियंत्रित की गई। पानी के कूलर और शुद्धिकरण इकाइयों के रखरखाव के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध लागू है। जल टंकियों की निर्धारित सफाई और रखरखाव हर महीने किया जा रहा है। कूलर, नल और फिटिंग में रिसाव को तत्काल दूर कर पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के समन्वय से जल गुणवत्ता की निगरानी भी जारी है। निर्धारित मानकों के तहत अवशिष्ट क्लोरीन के 1,561, जीवाणु परीक्षण के 283 और रासायनिक परीक्षण के 21 नमूने लिए गए हैं। जलस्रोत, शोधन संयंत्र, पाइपलाइन, हैंडपंप और बोरवेल सहित पूरी जलापूर्ति व्यवस्था की लगातार जांच की जा रही है तथा कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है।

## 28 से 30 सितंबर तक बैंक हड़ताल का प्रस्ताव, एसबीआई ने ग्राहकों के लिए जारी की जरूरी सूचना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 28 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक तीन दिनों की हड़ताल का प्रस्ताव दिया है। इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए जरूरी सूचना जारी की है। एसबीआई ने बताया कि हड़ताल की अवधि के दौरान भी आवश्यक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही ग्राहकों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए जरूरी बैंकिंग लेनदेन हड़ताल की तारीखों से पहले ही पूरा कर लें। बैंक ने ग्राहकों को नकदी की जरूरतों के लिए एटीएम/एडीडब्ल्यूएम का इस्तेमाल करने तथा इंटरनेट बैंकिंग, योनो, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों से बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने की सलाह दी है। जरूरत पड़ने पर ग्राहक ग्राहक सेवा केंद्र का भी उपयोग कर सकते हैं। एसबीआई ने संभावित असुविधा के लिए ग्राहकों से खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

# बिहार में सेमीकंडक्टर व हाईटेक उद्योग में बूम, ताइवान और दक्षिण कोरिया की कंपनियां इच्छुक

## बिहार में उद्योग के लिए ग्लोबल कंपनियों का बढ़ता आकर्षण, ताइवान और दक्षिण कोरिया सबसे आगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की पहचान अब हाई-टेक हब के रूप में उभर रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में यहां औद्योगिक विकास का नया अध्याय जुड़ रहा है। राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का ही नतीजा है कि अब ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसी दुनिया की बड़ी टेक-पावर कंपनियां बिहार में अपना भविष्य देख रही हैं। सेमीकंडक्टर, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी भविष्य की तकनीकों के लिए ग्लोबल कंपनियां बिहार आने को तैयार हैं। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने दिल्ली में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2026 में कहा कि बिहार में टेक्नोलॉजी आधारित उद्योग के लिए भी अपार संभावनाएं मौजूद है। विश्वस्तर पर भी इसकी पहचान हो रही है जिससे आने वाले दिनों में बिहार सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनेगा। बिहार की उद्योग संबंधी सोच उसकी सेमीकंडक्टर, आईटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर(जीसीसी) नीतियों में साफ झलकती है। सरकार हाई-टेक प्लेटफॉर्म और आधुनिक विनिर्माण इकाइयों को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। खासतौर पर सेमीकंडक्टर फैब (फैब्रिकेशन फैसिलिटी), असेंबलिंग और डिजाइन यूनिट स्थापित करने पर फोकस है। इसके लिए यहां मजबूत इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। बोधगया में 1700 एकड़ में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और वैशाली के राजापाकर में इलेक्ट्रॉनिक सिटी जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। यह कदम बिहार को देश के सेमीकंडक्टर मैप पर मजबूती से स्थापित करेगा। साथ ही भविष्य के उद्योग लगने से लाखों युवाओं को हाई-स्किल नौकरियां मिलेगी और तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में ऑल इंडिया ऑन द स्पॉट ड्राईंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर मुख्यालय के दो परीक्षा केन्द्रों एवं महेन्द्रूघाट, पटना के एक परीक्षा केंद्र पर किया गया। आयोजन के अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्षा पूनम श्रीवास्तव, उप सचिव प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं। इस प्रतियोगिता में रेलवे कर्मचारियों के 255 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला कल्याण संगठन की इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कलात्मक क्षमता, रचनात्मकता और प्रतियोगी भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की ओर से बच्चों को फ्रुटी, चिप्स, बिस्किट, चॉकलेट के साथ डाम्स कलर सेट बॉक्स उपहार स्वरूप वितरित किया गया।

# बिहार भ्रमण को पहुंचा थाईलैंड का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

## बोधगया में भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पर आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित फैम टूर ऑफ लोटस ट्रायंगल–ट्रैवल टू लैंड ऑफ एनलाइटनमेंट के अंतर्गत बिहार भ्रमण को थाईलैंड से आए 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को बोधगया स्थित विश्वप्रसिद्ध महाबोधि मंदिर का दर्शन किया। पवित्र बौद्ध परिपथ की यात्रा पर आए प्रतिनिधिमंडल ने महाबोधि मंदिर में प्रार्थना कर भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली का आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए विश्व का प्रमुख तीर्थस्थल और आध्यात्मिक केंद्र है। प्रतिनिधिमंडल के



सदस्यों ने उस पवित्र स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा व्यक्त की जहां भगवान बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया था। सदियों से चली आ रही श्रद्धा, शांति और करुणा की अनुभूति ने थाई अतिथियों को गहराई से प्रभावित किया। उदयन मिश्रा, विशेष सचिव सह पर्यटन निदेशक ने बताया कि राज्य में बौद्ध परिपथ से जुड़े स्थलों के विकास, प्रचार-प्रसार और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थाईलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा बिहार की बौद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने तथा भारत-थाईलैंड के पर्यटन एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई गति देने में सहायक होगा।

इस अवसर पर थाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि बोधगया की यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पर उपस्थित होना उनके लिए आध्यात्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण और भावनात्मक क्षण रहा। महाबोधि मंदिर परिसर की शांति और आध्यात्मिक वातावरण ने उन्हें विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रतिनिधिमंडल ने बोधगया में डूंगेश्वरी पहाड़ी, सुजाता मंदिर और सुजाता स्तूप का भी भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने थाई मंदिर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संग्रहालय तथा 80 फीट ऊंची बुद्ध प्रतिमा का अवलोकन किया। बिहार पर्यटन विभाग द्वारा तैयार कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बौद्ध, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को परिचित कराना है।

## शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए चार अक्टूबर से पोर्टल पर लिए जाएंगे आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के शिक्षकों का सामान्य स्थानांतरण के लिए अब 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिये जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने आवेदन लेने के लिए तिथि निर्धारित कर दिया है। विदित हो कि बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 सितंबर से करने के लिए तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन राज्य में बाढ़ आने के कारण शिक्षा विभाग ने तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने बाढ़ की गंभीर स्थिति और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने संशोधित समय-सारणी जारी किया है जिसमें समायोजन एवं पारस्परिक स्थानांतरण के बाद सामान्य स्थानांतरण के लिए संशोधित विद्यालयवार रिक्तियों का प्रकाशन 1 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके बाद शिक्षक 4 से 10 अक्टूबर तक अपनी वरीयता के अनुसार विद्यालयों का विकल्प चुनकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद सामान्य स्थानांतरण की सूची के प्रकाशन, अपील और अपीलों के निष्पादन की प्रक्रिया 12 अक्टूबर से 18 नवंबर तक पूरी की जाएगी।

# दिव्यांगजनों के जीवन को सहज और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सेवा कार्य प्रेरणादायी : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में आयोजित 197वें पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा तथा कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा उनके अनुभवों को सुना। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण के अवसर के रूप में मनाया जा रहा है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही वास्तविक सेवा है। दिव्यांगजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा, आवश्यक कृत्रिम उपकरण और आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'दिव्यांगमुक्त बिहार' के संकल्प के साथ पद्मश्री डॉ. विमल जैन एवं देशबंधु गुप्ता द्वारा वर्षों से किए जा रहे सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है। पोलियो एवं अन्य शारीरिक समस्याओं से प्रभावित लोगों के लिए शल्य चिकित्सा और कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य उनके जीवन को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवा का यह भाव समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है।

## संचार कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए द लैंग्वेज लैब की सुलेखा ठाकुर सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्पोकन इंग्लिश एवं संचार कौशल विकास के क्षेत्र में कार्यरत संस्था द लैंग्वेज लैब की सह निदेशक सुलेखा ठाकुर को महिलाओं के संचार कौशल विकास की दिशा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिहार महिला विकास आयोग के 25वें रजत जयंती समारोह के अवसर पर बापू सभागार, गांधी मैदान में आयोजित समारोह में आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने सुलेखा ठाकुर को सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई मंत्री एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वित्तरहित शिक्षकों के समर्थन में धरनास्थल पहुंचे राजेश राम, सरकारीकरण, वेतन और पेंशन की उठाई मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम वित्त रहित शिक्षकों एवं अन्य धरनार्थियों के समर्थन में गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने वित्त रहित शिक्षकों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य सरकार को वित्त रहित कॉलेजों के सरकारीकरण, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को वेतनमान तथा पेंशन की सुविधा देने की दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से वित्त रहित शिक्षक और कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी वित्त रहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि धरनार्थियों की मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय यादव एवं पंकज यादव , असित नाथ तिवारी, अमित कुमार मौजूद थे।

# पैनकार्डिया हार्ट हॉस्पिटल में नए कैथ लैब का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कंकड़बाग स्थित पैनकार्डिया हार्ट हॉस्पिटल एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक नए कैथ लैब का शुभारंभ किया गया। कैथ लैब का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सी पी ठाकुर, विशिष्ट अतिथि आईजीआईसी के निदेशक डॉ. सुनील कुमार, पूर्व निदेशक डॉ. एस एस चटर्जी, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सीनियर हार्ट सर्जन डॉ. संतोष पांडेय, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुरुचि पांडेय, सीनियर इंटर्न कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुशाल विक्रम एवं निदेशक डॉ. राजू कुमार सहित चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सी पी ठाकुर ने कहा कि हृदय रोग आज एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौती है। ऐसे में आधुनिक तकनीक और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को लोगों के करीब उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है।

## मुंबई में 27 सितंबर को होगा 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवार्ड शो 2026', डॉ. आनंद रंजन झा होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली/पटना।** शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों से सक्रिय योगदान देने वाले डॉ. आनंद रंजन झा को मुंबई में आयोजित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2026' में सम्मानित किया जाएगा। 27 सितंबर 2026 को मुंबई में आयोजित इस भव्य अवॉर्ड शो में डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल लिटरेसी, स्किल डेवलपमेंट एवं विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें चर्चित मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर शशिश कुमार तिवारी तथा हैलो डिजिटल इंडिया के निदेशक अमजद साठे द्वारा




सम्मानित किए जाने की जानकारी है। डॉ. आनंद रंजन झा जंदाहा में 'कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी' नामक संस्थान का संचालन करते हैं। पिछले करीब दो दशकों से उनका संस्थान युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और रोजगारपरक कौशल से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके साथ ही वे विभिन्न कल्याणकारी एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में शिक्षा और कौशल के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास करते रहे हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'यह सम्मान मेरे लिए व्यक्तिगत उपलब्धि से अधिक उन युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो शिक्षा एवं कौशल के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं।'

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक्स पर चला अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर विशेष कैंपेन चलाया। अभियान के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान शिक्षकों की दो प्रमुख मांगों–7वें वेतनमान के अनुरूप पूर्ण वेतनमान लागू करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने–की ओर आकर्षित किया गया। कैंपेन के दौरान मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को टैग करते हुए शिक्षकों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया। एक्स पर चलाए गए इस अभियान में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों ने पोस्ट को साझा करने, अपनी प्रतिक्रियाएं देने और संबंधित हैशटैग के माध्यम से अपनी मांगों को सामने रखने का काम किया।

### एमएलसी चुनाव को लेकर जन सुराज समर्थित पांच उम्मीदवारों की घोषणा

## जीतें तो 7वां वेतनामान कराएंगे लागू : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी समर्थित 5 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। रविवार को जन सुराज के सूत्रधार व बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया। पार्टी ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दिव्या ज्योति, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एसपी राय और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से रवीन्द्र यादव, सारण शिक्षक क्षेत्र से आफाक अहमद और कोसी स्नातक क्षेत्र से रजनीश रंजन को उम्मीदवार बनाया है। बाकी तिरहुत शिक्षक और स्नातक, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों की घोषणा अगले तीन-चार दिनों में करने की बात कही है। इस दौरान प्रशांत किशोर ने शिक्षकों को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई पिछले कई सालों से व्यवस्था के साथ चल रही है। चाहे टीआरइ के परीक्षा का मामला हो, वेतन मान का मामला हो, गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की संलिप्तता का मामला हो, वित्त रहित-वित्त पोषित संस्थाओं की जो कुव्यवस्था हो उसको लेकर लंबे समय से मांग उठती रही है। शिक्षक समुदाय की जन सुराज से अपेक्षा है कि उनकी जायज मांगों या उनके आंदोलन की मदद के लिए खड़ा हो। शिक्षक समुदाय खुद कई संघों में बंटा है। कोई नियोजित शिक्षक, विद्यालय शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, तो कोई वित्त रहित शिक्षक हैं, सबने अपना-अपना संगठन बना रखा है। हम लोगों की एक सोच है कि शिक्षकों की स्थिति तब सुधरेगी जब बिहार में शिक्षा की स्थिति सुधरेगी।

# संपादकीय

## मणिपुर हिंसा- राहत शिविरों में भी जिंदगी असुरक्षित?

मणिपुर हिंसा व राहत शिविरों में मौतों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। सरकार को अब सिर्फ राहत बांटने के बजाय विस्थापितों की सुरक्षा, शांति बहाली और सम्मानजनक घर वापसी सुनिश्चित करनी होगी। किसी राज्य में अगर लंबे समय से एक विशेष तरह की हिंसा लगातार व्यवस्था का मुंह चिढ़ाती रहे, तो सरकार की नीतियों और नैतिक प्रतिबद्धताओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है। मणिपुर में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से जो हालात बने हैं और उससे निपटने के लिए विभिन्न स्तरों पर जिस तरह की उदासीनता रही है, उससे राज्य के सामाजिक ताने-बाने एवं सम्मान से जीवन जीने की गरिमा को भी गहरी चोट पहुंची है।आए दिन हिंसक घटनाओं में निर्दोष लोगों की जान जाने के साथ ही आमजन का शासन-प्रशासन पर भरोसा भी कमजोर होता जा रहा है। इस सब के बीच सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को झेलनी पड़ रही है, जिन्होंने अपना घर, जमीन एवं रोजगार खो दिया है और लंबे समय से राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।विकट परिस्थितियों में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने बीते गुरुवार को इस पर कड़ी नाराजगी जताई और राज्य सरकार से राहत शिविरों में हुई मौत के मामलों की जांच तथा विस्थापित परिवारों की सुरक्षा के लिए बंदोबस्त का पूरा ब्योरा देने को कहा है। मणिपुर में जातीय संघर्ष मई, 2023 में शुरू हुआ था। तब से लेकर राज्य में हिंसक घटनाओं में ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों विस्थापित हुए हैं। हालांकि, कुछ समय के लिए तनाव थोड़ा कम हुआ था, लेकिन यह स्थिति ज्यादा दिन तक कायम नहीं रह पाई। राज्य में हिंसा फिर से तेज हो गई है।पिछले सप्ताह तमेंगलोंग और लांगपी में उग्रवादियों की गोलीबारी में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। इसके दो दिन बाद उग्रवादियों ने लीसांगफाई में दो महिलाओं की हत्या कर दी। सवाल है कि आखिर सरकार की नीतियों में जातीय संघर्ष को खत्म कर हिंसा को रोकने की प्रतिबद्धता नजर क्यों नहीं आती है?सरकार को उसका काम सर्वोच्च अदालत को क्यों याद दिलाना पड़ रहा है! आठ जिलों के राहत शिविरों में छह सौ चालीस मौतें और उनमें पच्चीस लोगों की अप्राकृतिक तरीके से मौत के मामले से यह सवाल उठा है कि हिंसा और अराजकता से पीड़ित लोगों ने जब राहत शिविरों में शरण ली, तो वहां भी उनका जीवन सुरक्षित नहीं रहा।दरअसल, विस्थापित परिवारों के लिए राहत शिविरों की सबसे बड़ी चुनौती उनकी अस्थायी प्रकृति है। किसी आपदा के बाद कुछ समय के लिए बनाए गए शिविर लंबे समय तक रहने की जगह बन जाएं, तो यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वहां बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम किया जाए। सीमित जगह में बड़ी संख्या में लोगों का रहना।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक क्षेत्रीय नेता से वैश्विक पटल पर सबसे प्रभावशाली शीर्ष नेताओं में शामिल होना, उनकी सुदृढ़ रणनीतिक सोच, जनसंपर्क क्षमता और कूटनीतिक दूरदर्शिता का परिणाम है।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रमुख और चर्चित चेहरों में से एक हैं।देश की जनता उन्हें अलग-अलग दृष्टिकोणों से देखती है, और विपक्षी नेताओं के साथ उनके राजनीतिक समीकरणों के पीछे कई रणनीतिक कारण हैं।**

# प्रधानमंत्री कैसे विश्व के ताकतवर नेता बन गए? उनके गूढ़ राजनीतिक गुणों के बारे में जानिए

(कमलेश पांडे )।

पीएम मोदी ने पारंपरिक गुटनिरपेक्षता की नीति को बदलते हुए 'मल्टी-अलाइनमेंट' की रणनीति अपनाई। भारत ने एक ही समय में अमेरिका, रूस, यूरोप और मध्य-पूर्व (खाड़ी देशों) के साथ मजबूत व्यापारिक और सुरक्षा संबंध बनाए रखे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक क्षेत्रीय नेता से वैश्विक पटल पर सबसे प्रभावशाली शीर्ष नेताओं में शामिल होना, उनकी सुदृढ़ रणनीतिक सोच, जनसंपर्क क्षमता और कूटनीतिक दूरदर्शिता का परिणाम है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रमुख और चर्चित चेहरों में से एक हैं। देश की जनता उन्हें अलग-अलग दृष्टिकोणों से देखती है, और विपक्षी नेताओं के साथ उनके राजनीतिक समीकरणों के पीछे कई रणनीतिक कारण हैं।

तो आइए सबसे पहले उनके प्रमुख गूढ़ राजनीतिक गुण निम्नलिखित हैं-

एक, रणनीतिक कूटनीति और बहु-ध्रुवीय संतुलन- पीएम मोदी ने पारंपरिक गुटनिरपेक्षता की नीति को बदलते हुए मल्टी-अलाइनमेंट की रणनीति अपनाई। भारत ने एक ही समय में अमेरिका, रूस, यूरोप और मध्य-पूर्व (खाड़ी देशों) के साथ मजबूत व्यापारिक और सुरक्षा संबंध बनाए रखे हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच वैश्विक दबावों के बावजूद भारत के राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना और वैश्विक दक्षिण की आवाज बनना उनकी मजबूत कूटनीतिक क्षमता को दर्शाता है।

दो, दूरदर्शी जन-संचार और ब्रांडिंग- मोदी जी जन-संवाद के अद्वितीय विशेषज्ञ हैं। मन की बात, विशाल जनसभाओं और सोशल मीडिया के माध्यम से वे जनता से सीधे जुड़ते हैं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को वैश्विक मंचों (जैसे- योग दिवस, जी-20 की भारत की अध्यक्षता, ब्रिक्स की अध्यक्षता) पर प्रस्तुत कर देश की सॉफ्ट पावर को अत्यधिक मजबूत किया है।

तीन, साहसिक और निर्णायक निर्णय क्षमता- राजनीतिक जोखिम उठाने और बड़े फैसले लेने में वे झिझकते नहीं हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 का निष्प्रभावीकरण, जीएसटी, और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से उन्होंने यह संदेश दिया कि वे दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित के लिए कड़े कदम उठाने में सक्षम हैं।

चार, तकनीकी और कल्याणकारी सुशासन- डिजिटल इंडिया, आधार और यूपीआई के समावेश से सीधे बैंक खातों में जन-कल्याणकारी योजनाओं का पैसा पहुंचाकर उन्होंने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया और प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाई। इस मॉडल को वैश्विक स्तर पर एक सफल उदाहरण के रूप में देखा जाता है।

पांच, कैडर संगठन और विशाल राजनीतिक तंत्र- जमीनी स्तर पर काम करने और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के कैडर संगठन का गहरा अनुभव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। वे केवल नीतियों पर ध्यान केंद्रित नहीं करते, बल्कि उन नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए पार्टी कैडर



और नौकरशाही का कुशलता से उपयोग करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक विदेश नीति और प्रमुख आंतरिक सुधारों का विवरण इस प्रकार हैं-

एक, वैश्विक विदेश नीति- भारत प्रथम और बहु-ध्रुवीय कूटनीति- भारत की आधुनिक विदेश नीति को मोदी सिद्धांत के रूप में भी देखा जाता है। इसके मुख्य स्तंभ हैं

पड़ोस प्रथम नीति- दक्षिण एशिया में भारत की उपस्थिति और विश्वसनीयता को मजबूत करने के लिए बुनियादी ढांचे, बिजली और कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देना।

एक्ट ईस्ट नीति- पूर्वी एशियाई और आसियान- देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को गहरा करना।

ग्लोबल साउथ का नेतृत्व- विकासशील और गरीब देशों की प्राथमिकताओं (जैसे जलवायु न्याय, ऋण राहत और खाद्य सुरक्षा) को प्रतिशत20 जैसे मंचों पर उठाना।

रणनीतिक स्वायत्तता– किसी एक गुट में शामिल न होकर राष्ट्रहित के आधार पर अमेरिका, रूस, इजराइल और खाड़ी देशों के साथ स्वतंत्र संबंध बनाना।।

दो, प्रमुख आंतरिक सुधार-प्रशासनिक और आर्थिक कायाकल्प के क्षेत्र, प्रमुख पहल, उसके प्रभाव और परिणाम।

डिजिटल क्रांति- डिजिटल इंडिया ,भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान तंत्र बन गया; पारदर्शिता में वृद्धि करना।

- कल्याणकारी तंत्र- डीबीटी जन धन योजना, बिचौलियों का खात्मा; करोड़ों रुपये की सीधे लाभार्थियों के खातों में डिलीवरी करना।

कर व आर्थिक सुधार- जीएसटी आईबीसी, एक देश, एक कर व्यवस्था; व्यापार में सुगमता और डूबे हुए कर्जों का समाधान करना।

- संरचनात्मक विकास - पीएम गतिशक्ति नेशनल इंफ्रा पाइपलाइन, राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का तेज गति से आधुनिकीकरण करना।

सुरक्षा और कानून - धारा 370 की समाप्ति नया नागरिक न्याय कानून, जम्मू-कश्मीर का मुख्यधारा में एकीकरण; औपनिवेशिक कालीन आपराधिक कानूनों में सुधार करना।

आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतवासी किस किस रूप में देखते हैं? नेता उनसे क्यों चिढ़ते हैं?

आइए जानते हैं, भारतवासी प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी को किस-किस रूप में देखते हैं?

एक, कड़े और मजबूत फैसले लेने वाले नेता (निर्णायक नेतृत्व)- उनके समर्थक उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं जो राष्ट्रहित में बड़े और साहसिक फैसले लेने से पीछे नहीं हटते (जैसे- सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 का हटना या बड़े आर्थिक सुधार)।

दो, विकास पुरुष और आधुनिक भारत के निर्माता- कई लोग उन्हें डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, बुनियादी ढांचे (हाईवे, वंदे भारत एक्सप्रेस, एयरपोर्ट) के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत का विज़न देने वाले प्रशासक के रूप में देखते हैं।

तीन, कल्याणकारी योजनाओं के प्रदाता- देश का एक बड़ा गरीब और मध्यम वर्ग उन्हें उज्ज्वला योजना, जनधन खाते, पीएम आवास योजना और मुफ्त राशन जैसी सीधी योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन को आसान बनाने वाले संरक्षक के रूप में देखता है।

चार, सांस्कृतिक पुनरुत्थान के प्रतीक- बहुसंख्यक समाज का एक वर्ग उन्हें हिंदू संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय गौरव को वैश्विक मंच पर पुनर्स्थापित करने वाले नेता के रूप में देखता है।

पांच, कठोर और केंद्रित प्रशासक (आलोचकों की नज़र में)- आलोचक या विरोधी उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं जो केंद्रीकृत निर्णय लेते हैं और विपक्ष या मीडिया के साथ संवाद के सीमित अवसर देते हैं।

राजनीतिक विरोधी और अन्य नेता उनसे क्यों असहज रहते हैं?

विपक्षी नेताओं की चिढ़ या असहमति के पीछे मुख्य रूप से राजनीतिक, वैचारिक और रणनीतिक कारण हैं-

एक, चुनावी मशीनरी और अपराजित छवि- मोदी का मजबूत संगठन (बीजेपी) और उनकी व्यक्तिगत जन-स्वीकार्यता विपक्षी दलों की पारंपरिक राजनीति और वोट बैंक को लगातार चुनौती देती है।

दो, सीधा जन-संवाद- मन की बात और सोशल मीडिया के माध्यम से मोदी जनता से बिना किसी बिचौलिए के सीधे जुड़ते हैं, जिससे पारंपरिक राजनीतिक बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाती है।

तीन, कठोर राजनीतिक और संस्थागत टकराव- विपक्ष का आरोप रहता है कि मोदी सरकार में केंद्रीय जांच एजेंसियों और प्रशासनिक तंत्र का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए किया जाता है।

चार, वैचारिक भिन्नता- कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दल देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे और समावेशी राजनीति के लिए उनकी हिंदुत्व आधारित विचारधारा को चुनौती मानते हैं।

बावजूद इसके पीएम नरेंद्र मोदी किसी से नहीं दबते। उन्होंने बहुत सही कार्य किए, लेकिन हिंदुत्व और जातिवाद को लेकर उनके मंत्रियों ने जो जो वैधानिक कुकृत्य किए, कराए, इससे उनका वह जनाधार दांव पर है, जिसने उन्हें हर हर मोदी, घर घर मोदी के रूप से सर्वस्वीकार्य बनाया। यदि इसकी काट वो ढूंढ लेते हैं तो एनडीए अपराजेय रहेगा, अन्यथा यूसीसी के बहाने बिहार से भगदड़ के संकेत मिलने लगे हैं।

## ब्रिक्स की शानदार सफलता के बाद भारत ने पड़ोस में छेड़ा 'महा-अभियान'

(नीरज कुमार दुबे)

भूटान के बूमथांग में जयशंकर की गतिविधियों का एक मानवीय पक्ष भी सामने आया। उन्होंने स्थानीय किसानों के लिए शुद्ध नस्ल की 43 जर्सी गायें सौंपीं। उनका कहना था कि इससे भूटान के डेयरी कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी, दूध उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय को लाभ होगा।

नई दिल्ली ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद जिस गति से पड़ोसी देशों के साथ उच्चस्तरीय संपर्क बढ़ाया है, उसने भारतीय विदेश नीति के अगले चरण की तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है। 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के बाद भारत ने हिमालयी पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी सक्रियता तेज कर दी है।

भूटान में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यात्रा इसका सबसे ताजा उदाहरण है। 16 से 18 सितंबर तक की यात्रा में जयशंकर ने भूटान के प्रधानमंत्री के अलावा विदेश मंत्री डी.एन. ढुंगयेल के साथ विकास, ऊर्जा, व्यापार, संपर्क, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर व्यापक चर्चा की। इसके साथ ही भारत ने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आगे बढ़ाकर यह संदेश दिया कि भूटान के साथ संबंध केवल पारंपरिक मित्रता तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाले विकास और रणनीतिक सहयोग पर आधारित हैं। जयशंकर ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे को 54 'मेड इन इंडिया' इलेक्ट्रिक वाहन सौंपते हुए कहा कि मुझे बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि भारत, भूटान की ई-मोबिलिटी और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था की दिशा में हो रही प्रगति में सहयोग कर रहा है।

साथ ही गासा में 500 किलोवाट की लुनाना जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखी गई। इसका उद्देश्य भूटान की उन बस्तियों तक बिजली पहुंचाना है, जो अब तक विद्युतीकरण से बाहर हैं। मोंगार में 65 बिस्तरों वाले ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन हुआ, जबकि समद्रुप जोंगखार में 80 मीटर लंबे जगनाथन पुल का लोकार्पण किया गया। ऊर्जा, स्वास्थ्य और सड़क संपर्क, तीनों क्षेत्रों में एक साथ आगे बढ़ाए गए ये काम भारत-भूटान साझेदारी की व्यापकता दिखाते हैं।

इसके अलावा, भूटान के बूमथांग में जयशंकर की गतिविधियों का एक मानवीय पक्ष भी सामने आया। उन्होंने स्थानीय किसानों के लिए शुद्ध नस्ल की 43 जर्सी गायें सौंपीं। उनका कहना था कि इससे भूटान के डेयरी कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी, दूध उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय को लाभ होगा। उन्होंने वांगदुएछोलिंग महल और संग्रहालय का दौरा किया तथा कुर्जे ल्हाखांग में प्रार्थना भी की। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत का भूटान संपर्क केवल सरकारी समझौतों तक सीमित नहीं, बल्कि कृषि, संस्कृति और जनसंपर्क तक फैला हुआ है।

साथ ही जयशंकर की यात्रा को विदेश सचिव विक्रम मिसरी की हाल की भूटान यात्रा से अलग करके नहीं देखा जा सकता। 30-31 जुलाई को मिसरी ने भूटान के विदेश सचिव पेमा लेक्तुप दोर्जी के साथ 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए पांचवीं भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता की थी। दोनों देशों ने विकास साझेदारी, ऊर्जा, व्यापार, निवेश, संपर्क और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की थी। भूटान की 2024-29 की पंचवर्षीय योजना के लिए भारत के 10,000 करोड़ रुपये के समर्थन की प्रगति की भी समीक्षा हुई थी।

अर्थात जुलाई में विदेश सचिव स्तर पर बनी रूपरेखा के बाद सितंबर में विदेश मंत्री स्तर पर उसके राजनीतिक और व्यावहारिक आयामों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसे भारत की भूटान नीति में निरंतरता और संस्थागत गहराई के संकेत के रूप में देखा जा सकता है।

इस बीच नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आज 17 सितंबर को नई दिल्ली पहुंचे हैं। उनकी यात्रा का मुख्य केंद्र हाल की विनाशकारी बाढ़ के बाद नेपाल के पुनर्निर्माण, आर्थिक सहयोग और ऊर्जा संबंधी जरूरतें हैं। वह भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री जयशंकर सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

भारत ने संकट की घड़ी में नेपाल को बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाया है। भारत ने दिसंबर के अंत तक नेपाल को प्रतिदिन 18 घंटे के लिए 654 मेगावाट तक बिजली निर्यात की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि बाढ़ से नेपाल की जलविद्युत परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

इसके अलावा, दक्षिण दिशा में भी भारत ने समानांतर संदेश दिया है। 8 से 10 सितंबर के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्रीलंका की यात्रा की, जो लगभग 38 वर्षों बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की श्रीलंका यात्रा थी। दोनों देशों ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि श्रीलंकाई भूभाग का इस्तेमाल भारत की सुरक्षा के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

इन घटनाओं को एक साथ रखकर देखें तो भारत की रणनीति के तीन स्पष्ट आयाम सामने आते हैं।

# सत्ता से संघर्ष तक: ममता बनर्जी का राजनीतिक यथार्थ

**ममता बनर्जी का राजनीतिक सफर एक छात्र राजनीति की साहसी नायिका से लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने और वर्तमान समय में घोर राजनीतिक व कानूनी संकटों से घिरने तक की एक बड़ी दास्तान है।जो 'दीदी' कभी सड़कों पर वामपंथ के 34 साल के किले को ढहाने के लिए जानी जाती थीं, वे आज अपनी राजनीतिक यात्रा के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं।वर्तमान परिस्थितियों में ममता बनर्जी पर मुश्किलों के पहाड़ टूटने के मुख्य कारण इस प्रकार हैं- पहला, ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक झटका 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में लगा, जहाँ उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को हार का सामना करना पड़ा और राज्य में भाजपा की सरकार बनी।**

(ललित गर्ग )

भारतीय राजनीति के इतिहास में ममता बनर्जी का नाम एक ऐसी जननेता के रूप में दर्ज रहा है, जिन्होंने शून्य से उठकर जन आंदोलनों के बल पर दशकों पुरानी राजनीतिक संरचनाओं को हिला दिया। छात्र राजनीति के समय से ही उनकी पहचान एक बेबाक और निर्भीक व्यक्तित्व के रूप में रही है।

ममता बनर्जी का राजनीतिक सफर एक छात्र राजनीति की साहसी नायिका से लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने और वर्तमान समय में घोर राजनीतिक व कानूनी संकटों से घिरने तक की एक बड़ी दास्तान है। जो 'दीदी' कभी सड़कों पर वामपंथ के 34 साल के किले को ढहाने के लिए जानी जाती थीं, वे आज अपनी राजनीतिक यात्रा के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। वर्तमान परिस्थितियों में ममता बनर्जी पर मुश्किलों के पहाड़ टूटने के मुख्य कारण इस प्रकार हैं- पहला, ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक झटका 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में लगा, जहाँ उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को हार का सामना करना पड़ा और राज्य में भाजपा की सरकार बनी। खुद ममता बनर्जी को भी अपनी पारंपरिक सीट भवानीपुर से शुभेंदु अधिकारी के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी। राजनीति

15 साल तक राज्य पर राज करने के बाद सत्ता से बाहर होना उनके राजनीतिक पतन की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरा, ममता बनर्जी की राजनीतिक ताकत हमेशा उनकी पार्टी पर उनकी मजबूत पकड़ थी। लेकिन वर्तमान में टीएमसी के भीतर एक बड़ी बगावत छिड़ गई है। कई विधायकों और सांसदों ने अभिषेक बनर्जी के बढ़ते प्रभाव और पार्टी में तानाशाही रवैये को लेकर बगावती रुख अख्तियार कर लिया है, जिससे पार्टी दो फाड़ होने की कगार पर पहुंच गई है। तीसरा, ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ा कानूनी और भावनात्मक झटका तब लगा जब चुनाव आयोग ने पार्टी में आंतरिक विवाद के कारण तृणमूल कांग्रेस के नाम और उनके प्रसिद्ध चुनाव चिह्न 'जोड़ा फूल' को फ्रीज (रोक लगा दी) कर दिया। आयोग ने दोनों गुटों को अस्थाई रूप से नए नाम और सिंबल दिए हैं। ममता बनर्जी ने इसे भारतीय लोकतंत्र का 'काला दिन' बताया है और इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। चौथा, सत्ता से हटते ही ममता बनर्जी के खिलाफ कानूनी शिकंजा लगातार कसता जा रहा है- चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ और सांप्रदायिक बयान देने के आरोप में उनके खिलाफ कोलकाता और सिलीगुड़ी में एफआईआर दर्ज की गई हैं।

अगस्त 2026 में कोलकाता में छात्र संगठन (टीएमसीपी) की रैली के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में भी पुलिस ने उन पर मामला दर्ज किया है। उनकी पिछली सरकार पर एक विज्ञापन एजेंसी को रु. 635 करोड़ से अधिक का टेंडर देने में गड़बड़ी जैसे भ्रष्टाचार के नए आरोप लग रहे हैं। पांचवां, ममता बनर्जी ने हमेशा खुद को जनता की लड़ाई लड़ने वाली और महिलाओं के अधिकारों की रक्षक के रूप में पेश किया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राज्य में हुए महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर उनके विवादित बयानों और भ्रष्टाचार के मामलों (जैसे शिक्षक भर्ती घोटाला आदि) ने उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया। जनता में पैदा हुए इसी आक्रोश और सत्ता-विरोधी लहर ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। संघर्ष की नायिका का वर्तमान रुख, इन सब मुश्किलों के बावजूद, 17 साल की उम्र में दूध के बूथ और स्टेनोग्राफर का काम करके अपने परिवार को संभालने वाली ममता बनर्जी ने हार मानने से साफ इनकार किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे राजनीतिक संन्यास नहीं लेंगी और वे इस 'गंदे खेल' के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लड़ाई जारी रखेंगी। आगामी उपचुनावों के लिए उन्होंने रणनीति बदलते हुए कांग्रेस उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा भी की है।

भारतीय राजनीति के इतिहास में ममता बनर्जी का नाम एक ऐसी जननेता के रूप में दर्ज रहा है, जिन्होंने शून्य से उठकर जन आंदोलनों के बल पर दशकों पुरानी राजनीतिक संरचनाओं को हिला दिया। छात्र राजनीति के समय से ही उनकी पहचान एक बेबाक और निर्भीक व्यक्तित्व के रूप में रही है। तीन दशकों से अधिक लंबे वामपंथी शासन को उखाड़ फेंकने वाली दीदी ने पूरे पंद्रह वर्षों तक पश्चिम बंगाल की सत्ता पर एकछत्र राज किया। परंतु समय का चक्र ऐसा घूमा है कि वही जुझारू नेत्री आज अपनी ही राजनीतिक यात्रा के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। हालिया विधानसभा चुनावों में मिली पराजय, दल के भीतर भड़की बगावत, चौतरफा वैधानिक कार्यवाहियों का शिकंजा और दल की मूल पहचान यानी नाम तथा चुनाव चिह्न का छिन जाना, इन सबने मिलकर उनके समक्ष अस्तित्व रक्षा की अभूतपूर्व चुनौती खड़ी कर दी है। हाल के विधानसभा चुनाव पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक बड़े मोड़ के रूप में सामने आए। पंद्रह वर्षों के निरंतर शासन के बाद तृणमूल कांग्रेस को जन-असंतोष और प्रचंड विरोध का सामना करना पड़ा। चुनावी नतीजों में न केवल उनकी पार्टी को करारी हार झेलनी पड़ी, बल्कि ममता बनर्जी को स्वयं अपनी पारंपरिक सीट भवानीपुर से पराजय का स्वाद चखना पड़ा। इस परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया कि राज्य में बदलाव की लहर अत्यधिक तीव्र थी। निरंतर शासन से उपजी असंतुष्टि, विभिन्न भर्ती घोटालों के आरोप तथा स्थानीय स्तर पर उपजे जन-रोष ने मिलकर उनकी दलगत जड़ों को कमजोर कर दिया, जिससे राज्य में एक नए राजनीतिक समीकरण का उदय हुआ। किसी भी क्षेत्रीय दल की वास्तविक शक्ति उसका सुदृढ़ संगठन, शालीन भाषा, लोकतांत्रिक मर्यादा और नेतृत्व के प्रति अटूट निष्ठा होती है। तृणमूल कांग्रेस में लगभग तीन दशकों तक ममता बनर्जी ही सर्वमान्य चेहरा और अंतिम निर्णयकर्ता रहीं। किंतु चुनावी असफलता के उपरांत पार्टी के भीतर दबा हुआ असंतोष अचानक बाहर आ गया। विधायकों और सांसदों के एक बड़े धड़े ने शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न खड़े कर दिए।

तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक विभाजन के बाद दोनों गुटों द्वारा अधिकार जताए जाने के कारण आयोग को कड़ा कदम उठाना पड़ा। वर्षों पूर्व जिस पहचान को उन्होंने अपने कड़े परिश्रम और संघर्ष से सींचा था, उसी से वंचित हो जाना उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा संवैधानिक झटका माना जा रहा है। यद्यपि उन्होंने इस निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए शीर्ष अदालत का द्वार खटखटाया है, परंतु तत्काल रूप से इस स्थिति ने दल के कार्यकर्ताओं में भारी असमंजस पैदा कर दिया है। सत्ता से बाहर होते ही ममता बनर्जी बहुआयामी कानूनी चुनौतियों से भी घिर गई हैं। चुनावी अभियानों के दौरान दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ विभिन्न स्थानों पर प्राथमिक दर्ज कराई गई हैं। जनसभाओं और रैलियों के संचालन में उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन तथा व्यवस्था बिगाड़ने के आरोपों में भी दंडात्मक कार्यवाहियाँ शुरू की गई हैं। ये तमाम कानूनी उलझनें न केवल उनकी प्रशासनिक छवि पर प्रश्न खड़े करती हैं, बल्कि उन्हें राजनीतिक पुनर्निर्माण के स्थान पर कानूनी बचाव की मुद्रा में ला खड़ा करती हैं। ममता बनर्जी की वास्तविक पूंजी उनकी साख थी, जो एक साधारण, त्यागपूर्ण और आम जनता की रक्षक के रूप में बनी थी। जनाक्रोश और सत्ता-विरोधी लहर ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बावजूद विपरीत परिस्थितियों में पली-बढ़ी ममता बनर्जी ने आसानी से घुटने न टेकने का संकल्प दोहराया है। राजनीति से संन्यास लेने की बातों को खारिज करते हुए उन्होंने पुनः जन-सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने का मार्ग चुना है। वर्तमान परिस्थितियों में उन्होंने अपनी रणनीति बदलते हुए अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिलाना शुरू किया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की पहल 'संध्या चौपाल' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला प्रशासन कटिहार के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा प्रचार-प्रसार के लिए पंचायतों में आयोजित हो रही संध्या 'चौपाल' कार्यक्रम अब एक नया मुकाम हासिल कर रहा है। इसी कड़ी में जिले के फलका प्रखंड के भरसिया पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में एक विशेष 'संध्या चौपाल' का आयोजन किया गया। इस संध्या चौपाल में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। बल्कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की।जिलाधिकारी का सीधा संवाद अपनी समस्याओं



से हमें अवगत कराएं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि आप अपनी समस्याओं और जरूरतों के बारे में इस संध्या चौपाल के माध्यम से खुलकर हम सबको अवगत कराएं, जिला प्रशासन आपकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर और अथक प्रयास करेगा। जिलाधिकारी के इस आत्मीय और सुलभ रवैये ने ग्रामीणों में भारी उत्साह का संचार किया। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और देश व राज्य से तपेदिक टीबी को जड़ से खत्म करने के संकल्प के तहत टीबी मुक्त अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। इस दौरान निक्षय मित्रों द्वारा दो टीबी रोगियों को पोषणयुक्त फूड बास्केट प्रदान किए गए। ताकि उनके स्वास्थ्य लाभ और पोषण में पूरी मदद मिल सके। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के साथ अपर समाहर्ता डॉ.विनोद कुमार, एसडीएम सूरज कुमार,विशेष कार्य पदाधिकारी अभिषेक रंजन, भूमि सुधार उपसमाहर्ता शशांक वर्णवाल एवं अन्य वरीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद रेहान अशरफ ने किया।जिला प्रशासन की इस अनूठी पहल 'संध्या चौपाल' से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। सुदूर ग्रामीण इलाकों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य मानकों को बेहतर बनाने में यह कार्यक्रम बेहद मददगार साबित हो रहा है।

## हत्या कांड के नौ आरोपितों के घर पुलिस ने लगाया इश्तिहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपितों पर बारसोई पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बारसोई थाना कांड संख्या 120/2026 में नामजद नौ आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय की प्रक्रिया के तहत छह घरों पर इश्तिहार चस्पा किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद आरोपितों पर गिरफ्तारी का दबाव और बढ़ गया है। पुलिस के अनुसार कांड में मो. नौशाद आलम, मो. नवाज शरीफ उर्फ आफरी, नावेद उर्फ मो. नावेद आलम, मो. शमीम उर्फ मो. शमीम अख्तर, मो. सोहेल उर्फ मो. सोहेल अख्तर, अफसर उर्फ मो. अफसर आलम, मो. असकन्दर, परवेज उर्फ मो. परवेज आलम तथा तमन्ना बेगम उर्फ बीबी तमन्ना बेगम नामजद हैं। पुलिस दस्तावेज में सभी का पता बेलवाडांगी, थाना बारसोई जिला कटिहार दर्ज है।इश्तिहार के बाद भी नहीं आए तो अगला कदम कुर्की।

# कर्तव्य के लिए प्रेरित करता विकास महोत्सव : मुनि प्रशांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मुनि श्री प्रशांत कुमार, मुनि श्री कुमुद कुमार के सान्निध्य में 33 वां विकास महोत्सव का आयोजन हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री प्रशांत कुमार ने कहा - विकास महोत्सव आचार्य श्री तुलसी के कर्तृत्व के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपने शासनकाल में नये नये आयाम खोले, कार्य किए, उसी के आधार पर यह विकास महोत्सव मनाया जा रहा है। इसका नामकरण आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के दूरदर्शी चिंतन का परिणाम है। इसके माध्यम से संघ में नया विकास होता रहें। विकास का अर्थ है आगे बढ़ना प्रगति करना। विवेक पूर्ण कार्य करें। कार्यशीलता निरन्तर बनी रहें। प्रत्येक परिस्थिति में समता बनाए रखना। गुरुदेव श्री तुलसी का जीवन निरन्तर प्रगतिशील रहा। जीवन के अंत तक कार्य में लगे रहें। स्वागत सम्मान बहुत मिला तो विरोध भी बहुत हुआ।कार्यकर्ता को कार्य करने की प्रेरणा के साथ नया चिंतन का बोध देते। अलग -अलग माध्यमों से साधु साध्वी के जीवन का विकास किया।संघ का विकास किया।आचार्य श्री तुलसी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मानवता के कल्याण में व्यतीत किया। आचार्य श्री तुलसी का जीवन विकास का जीवन था। उन्होंने जागते हुए सपने देखें और उन्हें पूरा किया।समग्र जैन धर्म और मानवता के विकास के लिए कार्य करते थे। आचार्य तुलसी क्रांतिकारी विचारक थे। उनके चिंतन में विकास ही परिलक्षित होता था। विरोधों की परवाह न करते हुए अपनी शक्ति को सकारात्मक कार्यों में लगाए रखा।उनका कहना था कि व्यक्ति चाहे जिस धर्म को माने परन्तु सबसे पहले नैतिक मूल्यों को जीवन में अवश्य अपनाएं। मुनि श्री कुमुद कुमार ने कहा कि आचार्य श्री तुलसी की प्रज्ञा, समयज्ञता, दूरदर्शीता ने संघ में अनेकों नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने मानव जाति के उत्थान के लिए लगभग एक लाख किलोमीटर की



पदयात्रा कर दुनिया को शांति का संदेश दिया।विकास एवं विरोध दोनों ही आचार्य श्री तुलसी के साथ जुड़े रहे सम्मान एवं अलंकरण से प्रसन्नता नहीं तो विरोध से घबराए नहीं। संयम ग्रहण से लेकर जीवन के अंतिम पल तक कार्य करते रहे एवं जीवंत प्रेरणा संघ को देते रहे। अनुशास्ता न केवल दायित्व से थे अपितु स्वयं जीवन व्यवहार से बने रहे। शुभ भविष्य का चिंतन दिया संघ को,मानव जाति को। नारी जाति के उत्थान के लिए सतत जागरूकता से प्रयास किया जिसका परिणाम आज देख रहे हैं कि धर्मसंघ का महिला समाज देश के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाकर अनेक मुकाम हासिल किए हैं। सभा मंत्री राजकुमार पुगलिया ने बताया कि नेपाल बिहार सभा के आयोजन एवं कटिहार सभा के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल के मंगलाचरण से हुआ। तत्पश्चात श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन तनसुख बैद ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ससुराल आये युवक की डूबने से मौत

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत अन्तर्गत सोबा बांगरी में पशुओं के चारा लाने गये युवक विनोद किस्कू की मौत बाढ़ के पानी मे डूबने से हो गयी। वार्ड सदस्य वार्ड संख्या 6 ने बताया कि विनोद अहले सुबह पशुओं के लिए चारा लाने निकला था। लेकिन बाढ़ के पानी मे डूब गया।जानकारी दी कि विनोद कटहल टोला, पोस्ट सरकंडा ईशिपुर बाराहाट पियालापुर पीरपैंती, भागलपुर का रहनेवाला है। वह पिछले दिनों ही अपने ससुराल सोबा बांगरी आया था। उसके ससुर का नाम दुबरयी मुर्मु है।इस हृदय विदारक हादसे से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम मे भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच से सच सामने आ सकेगा।

### अंडरपास रेल पुल में जमा पानी

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेजनारायणपुर रेलखंड अंतर्गत सभी संपर्क फाटक को बंद कर अंडर पास रेल पुल का निर्माण रेल विभाग के द्वारा कई वर्ष पूर्व कर दिया गया हैं। अंडरपास रेल पुल का निर्माण होने के बाद से ही पुल के नीचे सालों भर पानी जमा रहता हैं। पानी जमा रहने से राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं । स्थानीय वार्ड सदस्य रुदल पासवान ने बताया कि अंडर पास रेल पुल में पानी जमा रहने से हजारों की संख्या में लोगो को पानी में टपकर किसान चौक जाना पड़ता हैं। जबकि किसान चौक के तरफ के लोगों को बड़ी बथना की ओर पानी में टपकर आना पड़ता हैं। जिससे आम ग्रामीण सहित राह गीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। राहगीर अनिल सिंह,विकास कुमार, फुलेश्वर पासवान, नवल पासवान, प्रदीप पासवान, सुबोध दास, मधुसूदन यादव,श्याम यादव, मोहम्मद हमजा,मनोज कुमार सिंह,बैजनाथ सहनी आदि ने बताया कि हम सभी लोगों को बड़ी बथना से किसान चौक जाने के लिए पहले शरीफगंज हवा महल जाना पड़ता हैं। वहां से उदामा रखा होकर किसान चौक आना पड़ता हैं। जिससे हम सबों को पांच किलोमीटर घूम कर किसान चौक आना पड़ता हैं। फिर यहां से पांच किलोमीटर घूम कर बड़ी बथना जाते हैं। क्योंकि किसान चौक अंडरपास रेल पुल में सालों भर पानी जमा रहता हैं। पानी जमा रहने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। राहगीरों ने अविलंब अंडरपास पुल को बंद कर ऊपरगामी पुल निर्माण कराने की मांग रेल प्रशासन से की हैं।

### अज्ञात अपराधियों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**समेली/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पोठिया थाना क्षेत्र के चकला मौला नगर वार्ड नंबर 7 निवासी अमर कुमार रजिस्ट्री मुंशी के घर खिड़की से घुसकर 100000 नगद सहित 10 लाख रुपए मूल्य के आभूषण जिसमें नेकलेस सोने का सेट, हीर और सोने की अंगुठी, टाप्स आदि अज्ञात चोर लेकर चंपत हो गए । गृहस्वामी अपनी पत्नी को लेकर इलाज कराने गए थे। सुबह रुपया निकालने गए तो लाकर टूटा देखा। इस संदर्भ में पीड़ित ने पोठिया थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई करने का गुहार लगाया है।

### आरपीएफ ने स्थापना दिवस पर यात्रियों को बांटा पेयजल

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार स्टेशन पर आरपीएफ की ओर से रविवार को अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आरपीएफ पोस्ट कटिहार पश्चिम की ओर से मनिहारी टर्मिनल स्टेशन पर आरपीएफ वेस्ट पोस्ट इंस्पेक्टर आवेदानंद सिंह के कुशल मार्गदर्शन में यात्रियों के बीच निःशुल्क पेयजल वितरण किया गया। मौके पर आरपीएफ के अधिकारी एवं जवानों ने ट्रेन संख्या 75735/75738 अप-डाउन के यात्रियों को गर्मी के बीच पेयजल उपलब्ध कराया। इस दौरान करीब 300 यात्रियों के बीच पेयजल का वितरण किया गया। आरपीएफ कर्मियों की इस पहल से यात्रियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

### उम्र के साथ घटने की जगह बढ़ती ही जाती हैं लालसाएँ और आसक्तियाँ

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय दर्शन कहता है कि मनुष्य को धीरे-धीरे अपनी लालसाओं, आकांक्षाओं और आसक्तियों को कम करते जाना चाहिए। जब संसार से विदा होने का समय आए तो, परमात्मा से मिलन के अतिरिक्त कोई कामना शेष न रहे। किंतु संसार की माया हमें आसक्ति छोड़ने नहीं देती। उम्र के साथ घटने की जगह यह और बढ़ती ही जाती है। यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, विदुषी लेखिका डा कल्याणी कुसुम सिंह के लघुकथा-संग्रह 'घटती ज़िंदगी: बढ़ती लालसाएँ' पर आयोजित समीक्षा-सह-लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए,सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, कल्याणी जी विचार-संपदा और भाव-संपदा से अत्यंत समृद्ध और मनोवैज्ञानिक-दृष्टि रखनेवाली एक अत्यंत संवेदनशील कथाकार और कवयित्री हैं। इनकी लघुकथाएँ, देखन में छोटन लगै, घाव करै गम्भीर' की तरह अत्यंत प्रभावकारी होती हैं। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और लेखक न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कल्याणी जी की लघुकथाएँ पाठकों के मन को झकझोरती है। जो रचनाएँ मन तक पहुँचती हैं, वही सफल मानी जाती है। मुख्य अतिथि और बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि जीवन बहु-आयामी है। उसी प्रकार जीवन से जुड़ी कथाओं के भी आयाम अनेकों होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम हिन्दी को बढ़ावा देना चाहते हैं तो साहित्य सम्मेलन को चाहिए को वह सरकार से आग्रह करें कि संचिकाओं में टिप्पणियाँ हिन्दी में लिखी जाएं। विश्व-साहित्य का हिन्दी में अनुवाद होना भी इसके उन्नयन में सहायक हो सकता है। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के साहित्य मंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि कल्याणी जी की लेखनी नारी-जगत को समर्पित रही है। इनकी अधिकांश लघुकथाएँ मानक पर खरी उतरती हैं। अनेक लघुकथाएँ कथाओं का स्वाद भी देती हैं। इन्हें डा सतीश राज पुष्करणा से प्रेरणा प्राप्त हुई। इसलिए स्वाभाविक रूप से इन्होंने पुष्करणा जी की लघुकथाओं पर सारगर्भित समीक्षात्मक पुस्तक लिखी है। डा शंकर प्रसाद, डा रत्नेश्वर सिंह, डा सुमेधा पाठक, बच्चा ठाकुर, डा पुष्पा जमुआर तथा डा पूनम आनन्द ने भी पुस्तक पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में चित्तरंजन भारती ने 'नवीनता', सरिता कुमारी ने 'मदद', शमा कौसर 'शमा', सदानंद प्रसाद ने हृदयहृद्, ई अशोक कुमार ने 'चोट', डा मनोज गोवर्धनपुरी ने 'हाल-चाल', इन्दुभूषण सहाय ने 'अधूरी', सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने 'मिट्टी की गंध', रंजना सिंह ने हमदर्द, डा शंकर प्रसाद ने 'सबक', डा सुमेधा पाठक ने 'आश्रयं', डा पूनम आनन्द ने 'साहस' तथा डा पुष्पा जमुआर ने 'छैंटा गया' से शीर्षक से अपनी लघुकथाओं के पाठ किए।

# 501 बाढ़ पीड़ितों के बीच सूखा राशन वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के चित्तौड़िया पंचायत के वार्ड संख्या एक चामदारा एवं वार्ड संख्या तीन सोगले टोला के 501 बाढ़ से प्रभावित पीड़ित परिवारों के बीच सूखा राशन का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान ने कहा कि हर वर्ष चित्तौड़िया पंचायत के चामदारा एवं सोगले टोला के पांच सौ से ऊपर परिवार बाढ़ से प्रभावित होते हैं। बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सूखा राशन का वितरण किया गया। मौके पर आत्म विश्वास फाउंडेशन के विजय कुमार ने बताया कि कई एनजीओ के सहयोग से चित्तौड़िया पंचायत के चामदारा



एवं सोगले टोला के बाढ़ से प्रभावित 501 पीड़ित परिवारों के बीच सूखा राशन में आटा,चावल, दाल, नमक,मिर्च,पैकेट में बंद कर साथ में एक किलो सरसों तेल का वितरण किया गया। वितरण करने का मुख्य उद्देश्य मेरा घर इसी पंचायत में हैं। बाढ़ को हमने नजदीक से देखे हैं। इसलिए बाढ़ पीड़ित परिवार के बीच सुखा राशन वितरण किए। मालूम हो कि प्रत्येक साल जुलाई,अगस्त और सितंबर माह चित्तौड़िया पंचायत बाढ़ से प्रभावित होते हैं। अभी तक किसी भी संस्था के द्वारा इन बाढ़ पीड़ितों के बीच सुखा राशन का वितरण नहीं किया गया था। रविवार को आत्म विश्वास फाउंडेशन के द्वारा 501 पीड़ित परिवारों के बीच 17 लाख से ऊपर की राशि की राहत सामग्री खरीद कर चित्तौड़िया पंचायत के दोनों गांव में वितरण किया गया । बाढ़ पीड़ितों के बीच सुखा राशन मिलने से बाढ़ पीड़ित परिवारों में खुशी दिख रही थी। वहीं बाढ़ पीड़ितों परिवारों ने इस कार्य करने के लिए विजय कुमार को कहा कि इसी तरीके से आगे बढ़िए और अपना नाम रोशन कीजिए। हम बाढ़ पीड़ित की दुआ साथ है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जितेंद्र पासवान, वार्ड सदस्य रुदल पासवान, बैजनाथ सहनी आदि उपस्थित रहें।

## बालूपाड़ा हाट का होगा कायाकल्प, बनेगा शेड और मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड के चांदपाड़ा पंचायत के बालूपाड़ा हाट का रविवार को बीडीओ चंदन प्रसाद एवं सीओ श्यामसुंदर साह ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने हाट परिसर की स्थिति दुकानों की व्यवस्था साफ सफाई एवं व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बालूपाड़ा हाट में दुकानदारों एवं आम लोगों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे। हाट परिसर में शेड का निर्माण कराया जाएगा। ताकि दुकानदारों एवं ग्राहकों को धूप और बरसात से राहत मिल सके। इसके साथ ही हाट परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा जलजमाव जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।अधिकारियों ने हाट में बने पक्के दुकानों एवं अतिक्रमण की स्थिति का भी जायजा लिया। बताया गया कि पक्की दुकान बनाकर व्यवसाय करने वाले अतिक्रमणकारियों से नियमानुसार मासिक शुल्क लेने की व्यवस्था की जाएगी। इससे हाट की व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ पंचायत को राजस्व भी प्राप्त होगा।बीडीओ एवं सीओ ने संबंधित लोगों को हाट परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने तथा आम लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

# कुलपति के आगमन पर विद्यार्थी परिषद ने समस्या से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार -पूर्णिया विश्वविद्यालय की ओर से चल रहे सेमेस्टर 2 की परीक्षा जो 24 सितंबर चलेगी। पहले दिन ही कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह ने कटिहार के डीएस कॉलेज का निरीक्षण करते हुए केबी झा कॉलेज निरीक्षण किया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री विनय सिंह,विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर, जिला संयोजक रोहन प्रसाद, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह ने कुलपति को अवगत कराया कि छात्र- छात्राएं महाविद्यालय केवल परीक्षा में ही दिखाई देते हैं। 75 फीसदी उपस्थिति जब तक लागू नहीं



होगा तब तक छात्र महाविद्यालय से नहीं जुड़ेंगे। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलपति से महाविद्यालय में बॉटनी, सोशियोलॉजी और कॉमर्स में शिक्षक नहीं होने से छात्रों को पठन पाठन में काफी परेशानी हो रही है। कॉलेज के पीछे खाली गड्ढे को भराकर परीक्षा भवन बनाने की मांग की। महाविद्यालय में एक परीक्षा भवन नहीं होने के कारण परीक्षाओं लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पुस्तकालय में सीबीसीएस की पुस्तकें नहीं होने से छात्रों को सेमेस्टर की पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है ।कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब से महाविद्यालय में प्राचार्य में डॉ. संजय सिंह आए हैं । महाविद्यालय का सभी मांगों को धीरे-धीरे कर पूरा कर रहे हैं। छात्रों को इसका लाभ मिल रहा है। जैसे महाविद्यालय में वर्षों से रंग पुताई नहीं हुआ था। जर्जर भवन की स्थिति को सही करना, सभी क्लास को सही करना, सभी बैंच डेस्क बैठने को सही करना, कई वर्षों से जर्जर पड़े मानस भवन का जीर्णोद्धार, वर्षों से बंद पर जनरेटर को चालू करवाना कॉलेज में अभी विकास का कार्य जारी है। जिसे कुलपति को अवगत कराया गया। कुलपति ने प्राचार्य के कार्य को देख कर बहुत संतुष्ट दिखे।

## जीआर राशि की मांग को लेकर छूटे परिवार पहुंचे मुखिया के पास, लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के चित्तौरिया पंचायत के वार्ड संख्या एक चामदारा एवं वार्ड संख्या तीन सोगले टोला के सैकड़ों बाढ़ से प्रभावित परिवार जीआर राशि से वंचित हैं। रविवार को पीड़ित परिवार पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। बाढ़ पीड़ितों ने कहा कि हम सभी बाढ़ पीड़ितों को अब तक जी आर की राशि खाते में नहीं भेजा हैं। जबकि कई बाढ़ पीड़ितों के खाते में जीआर की राशि भेज दी गई हैं। इस बाबत पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान ने बताया कि चित्तौरिया पंचायत के वार्ड संख्या एक चामदरा



वार्ड संख्या तीन सोगले टोला बाढ़ से काफी प्रभावित हैं। इन गांवों के कई बाढ़ पीड़ितों के खाते में जीआर की राशि गया हैं। जबकि अभी भी सैकड़ों परिवार के खाते में जीआर की राशि नहीं गई हैं। इसको लेकर अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल से अंचल कार्यालय मनसाही में मिले। वहीं अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि पहले फेज में जिस भी बाढ़ पीड़ितों के खाते में जीआर की राशि नहीं गया है।

## भोला पासवान शास्त्री की जयंती को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला कार्यालय में भोला पासवान शास्त्री की जयंती को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान ने किया। इस मौके पर श्री पासवान ने कहा कि सदाकत आश्रम पटना में पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की जयंती सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसी को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यकर्ताओं को पटना चलने की अपील किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भोला



पासवान शास्त्री की 112 वीं जयंती सदाकत आश्रम पटना में मनाया जाएगा। कांग्रेस के कार्यकर्ता देर रात्रि कैपिटल एक्सप्रेस से पटना के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में विश्वनाथ पासवान, पृथ्वी पासवान, देवनारायण पासवान, धर्मेंद्र पासवान, संजय कुमार मलिक, जनक लाल पासवान, अश्विनी कुमार पासवान, रामविलास रजक, संटू रविदास आदि उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग 50 हजार का सामान जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड अंतर्गत जगरनाथपुर पंचायत के मननपुर ऋषि टोला चौक स्थित एक दुकान में शनिवार की देर रात अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा करीब 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद दुकानदार के सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार मननपुर ऋषि टोला चौक निवासी मोनी ऋषि पिता विमल ऋषि की छोटी सी दुकान में रात्रि करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। देर रात होने के कारण जब तक आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी मिली। तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर बर्बाद हो चुका था। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इससे आग को आसपास की दुकानों और घरों तक फैलने से रोका जा सका। स्थानीय सरपंच तल्लू हेंब्रम ने बताया कि रात्रि करीब 12 बजे शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगने की बात सामने आई है। आग से दुकान में रखा लगभग 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार मोनी ऋषि आर्थिक रूप से कमजोर हैं और छोटी सी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। दुकान जल जाने से उनकी आमदनी का एकमात्र साधन प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार की स्थिति को देखते हुए उचित सरकारी सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बाढ़ का पानी धीरे-धीरे घटने के बावजूद बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। इसी को लेकर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने सहजा पंचायत के इमली टोला एवं कई गांव और केवाला पंचायत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ प्रभावित लोगों ने सांसद प्रतिनिधि को राहत सामग्री, आवागमन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पानी कम होने के बाद भी कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित है। वहीं कई परिवारों के सामने भोजन



और जरूरी सामान की समस्या भी बनी हुई है। सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने तथा समस्याओं के जल्द समाधान का निर्देश दिया। इस दौरान सुनील कुमार यादव ने कहा कि बाढ़ का पानी भले ही धीरे-धीरे घट रहा है, लेकिन लोगों की परेशानी अभी खत्म नहीं हुई है। बड़ी संख्या में परिवार अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। पानी कम होने के बाद भी उनके सामने आवागमन, स्वास्थ्य, भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बाद उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर भी प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के साथ-साथ जलजमाव वाले इलाकों में भी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। सांसद प्रतिनिधि ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को सांसद तारिक अनवर तक पहुंचाकर हरसंभव समाधान का प्रयास किया जाएगा। अवधेश मंडल, प्रहलाद गुप्ता, एजाज नदमी, हाजी अयूब अली, मो॰ अजीज, अकबर मौलवी, राज कुमार मुर्मू, लता मुर्मू सहित कई बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे।

# 350 की रफ्तार और सीधा जापान को टक्कर, भारत बनाएगा 'मेड इन इंडिया' बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अब सिर्फ बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी नहीं कर रहा, बल्कि हाई-स्पीड ट्रेन तकनीक में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। रेलवे मंत्रालय की कैबिनेट प्रस्ताव संबंधी जानकारी के मुताबिक भारत 2030 तक 350 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन स्पीड वाली स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन बी35 विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। यह जापान की अगली पीढ़ी की 10 सीरीज की ट्रेनों के बराबर डिजाइन स्पीड होगी।

अभी भारत में मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इस प्रोजेक्ट की संशोधित लागत अब 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। यह 2015 में तैयार किए गए शुरुआती अनुमान से करीब दोगुनी है। बढ़ी हुई लागत में करीब 1 लाख करोड़ रुपये की राशि बजटीय सहायता से पूरी की जाएगी।

जापान की ई 5 की जगह आएगी

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक रेल मंत्रालय ने कैबिनेट को बताया है कि भारत ने क्ष35 ट्रेन विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जापान ने दिसंबर 2024 में भारत को बताया था कि मौजूदा ई 5 सीरीज की ट्रेन का उत्पादन धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है। जापान की योजना के मुताबिक ई 10 ट्रेनों का उत्पादन 2030



में शुरू होगा और इनके 2034 तक संचालन में आने की उम्मीद है। भारत जब तक ई 10 ट्रेनें हासिल करेगा, तब तक 350 की स्पीड वाली अपनी खुद की बी 35 स्वदेशी ट्रेन तैयार कर लेगा। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर पर ई 10 का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की शुरुआत 8 हाई-स्पीड ट्रेनों के साथ होगी। इन ट्रेनों की डिजाइन स्पीड 280 किलोमीटर प्रति घंटा होगी, जबकि अधिकतम परिचालन गति 249 किलोमीटर प्रति घंटा रखी जाएगी।

### भारत बनाएगा अपना ट्रेन कंट्रोल सिस्टम

हाई-स्पीड ट्रेन के साथ भारत अपना स्वदेशी ट्रेन कंट्रोल सिस्टम भी विकसित करने की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक भारत अपना भारत ट्रेन कंट्रोल सिस्टम विकसित करेगा। यह कदम चीन के स्वदेशी ष्ट्ठ्रष्ट्र सिस्टम की तर्ज पर है, जिसका इस्तेमाल ट्रेन की गति, ट्रेनों के बीच दूरी और सुरक्षा व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

### 508 किलोमीटर लंबा होगा पूरा कॉरिडोर

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। पूरे कॉरिडोर को दिसंबर 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना की मौजूदा लागत, भविष्य में खरीदी जाने वाली जापानी ट्रेनों को छोड़कर, करीब 399 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर बैठती है। ट्रेनों के निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट मिल चुका है।

## टाटा स्टील के ब्रिटेन कारोबार पर आया बड़ा अपडेट, शेयर में सोमवार को होगी हलचल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर पोर्टफोलियो में टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील के शेयर हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, टाटा स्टील के ब्रिटेन कारोबार को लेकर नया अपडेट आया है। टाटा स्टील ने ब्रिटेन में अपने पोर्ट टैलबोट स्टील प्लांट के बदलाव के लिए सरकार से सैकड़ों मिलियन पाउंड की अतिरिक्त वित्तीय मदद मांगी है। आइए डिटेल में इसके बारे में जान लेते हैं। स्काई न्यूज की रिपोर्ट में बताया गया है कि टाटा स्टील ने हाल के हफ्तों में ब्रिटेन के बिजनेस, इनोवेशन एंड साइंस विभाग के अधिकारियों से अतिरिक्त सरकारी सहायता को लेकर बातचीत की है। यह मांग ऐसे समय आई है जब पोर्ट टैलबोट में नए इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस लगाने की परियोजना में देरी हो रही है और इसकी लागत बढ़ने का दबाव है। बता दें कि पोर्ट टैलबोट प्लांट के लिए टाटा स्टील ने कुल 1.25 अरब पाउंड के निवेश की योजना बनाई थी। इस निवेश का उद्देश्य पुराने ब्लास्ट फर्नेस आधारित उत्पादन की जगह इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस लगाकर कम कार्बन उत्सर्जन वाली स्टील उत्पादन व्यवस्था तैयार करना है। पोर्ट टैलबोट में निवेश ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर स्टील उत्पादन को बनाए रखने और इसे कम उत्सर्जन वाली तकनीक की ओर ले जाने के लिए अहम है। हालांकि, अगर ब्रिटेन सरकार अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराती है तो इससे सरकार की औद्योगिक नीति और संकट में फंसे स्टील उद्योग को लेकर उसके रुख पर बहस फिर तेज हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसई आईपीओ जीएमपी 310 रुपये से घटकर 61 रुपये के स्तर पर आया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनएसई के आईपीओ के जीएमपी में भारी गिरावट देखने को मिली है। इनवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में




एनएसई का आईपीओ आज 61 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। जोकि 3.42 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन को दर्शाता है। इससे पहले 18 सितंबर को आईपीओ 111 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। इससे पहले 17 सितंबर को आईपीओ का जीएमपी 142 रुपये पर था। बता दें, एक वक्त पर एनएसई के आईपीओ का जीएमपी 310 रुपये था। यानी वहां से घटकर अब 61 रुपये के स्तर पर आ गया। एनएसई के आईपीओ को दिन में पूरा भर गया है। आईपीओ को दो दिन में 1.04 गुना सब्सक्राइब किया जा चुका है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ को 0.69 गुना, क्यूआईबी में 1.32 गुना और एनआईआई में 1.46 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। बता दें, आईपीओ 17 सितंबर को खुला था। निवेशकों के पास 21 सितंबर यानी कल तक दांव लगाने का मौका रहेगा। एंकर निवेशकों के लिए यह इश्यू 16 सितंबर तक खुला था। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 6746.18 करोड़ रुपये जुटाए थे। एनएसई के आईपीओ का साइज 30,000 करोड़ रुपये से घटाकर 22561.57 रुपये कर दिया गया है। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित है। आईपीओ के जरिए सिर्फ मौजूदा निवेशकों की तरफ से बिक्री हो रही है। एनएसई के आईपीओ का प्राइस बैंड कंपनी ने 1700 रुपये से 1785 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ का लॉट साइज 8 शेयरों का बनाया गया है। किसी भी निवेशक को कम से कम 14280 रुपये का दांव लगाना होगा।

### सोमवार को बंद रहेंगे बैंक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार को बैंक बंद रहने वाले हैं। अगर आप कल 21 सितंबर को बैंक ब्रांच जाकर अपना काम निपटाने का प्लान कर रहे हैं तो पहले जान लीजिए कि आपके राज्य में बैंक खुले हैं या नहीं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कैलेंडर के मुताबिक कल सोमवार को बैंक कुछ राज्यों में बंद रहने वाले हैं। यहां जानिये कल किन राज्यों में और क्यों बैंक बंद रहने वाले हैं। कल सोमवार 21 सितंबर को बैंक असम और केरल में बंद रहेंगे। असम में बैंक श्रीमंत शंकरदेव जन्मोत्सव और केरल में बैंक श्री नारायण गुरु समाधि दिवस के कारण बैंक नहीं खुलेंगे। यहां सभी सरकारी और प्राइवेट सेक्टर बैंक जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा, एक्सिस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई जैसे तमाम बैंक बंद रहेंगे। असम और केरल के अलावा बैंक देश के बाकी सभी राज्यों में खुले रहेंगे। श्रीमंत शंकरदेव जन्मोत्सव मुख्य रूप से असम में मनाया जाता है। यह महान संत, कवि, समाज सुधारक और वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव की जयंती है। माना जाता है कि उनका जन्म 1449 में असम में हुआ था। उन्होंने असम में एकशरण नामधर्म यानी भक्ति परंपरा को आगे बढ़ाया और समाज को धार्मिक-सामाजिक एकता का संदेश दिया। असम में शंकरदेव जन्मोत्सव 21 सितंबर को मनाया जाएगा। श्री नारायण गुरु समाधि दिवस मुख्य रूप से केरल के वर्कला स्थित शिवगिरी मठ में मनाया जाता है। श्री नारायण गुरु एक आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उनका प्रसिद्ध संदेश था। एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर, मनुष्य के लिए। शिवगिरी में उन्होंने समाधि प्राप्त की थी। इसी घटना की याद में समाधि दिवस मनाया जाता है। देश के बाकी राज्यों में खुली रहेंगी बैंक ब्रांच दिल्ली, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र,कर्नाटक,ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश, तेलांगना जैसे तमाम राज्यों में बैंक खुले रहेंगे।

## ट्रेन से रोज सफर करने वालों के लिए बड़ी खबर, 608 किमी ट्रैक पर लगेगा 'कवच', रेलवे का बड़ा सेफ्टी प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों के संचालन को बेहतर बनाने के लिए कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। रेलवे ने अलग-अलग जोन और डिवीजन में कवच 4.0,




इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम अपग्रेड और 4-लेन रोड ओवरब्रिज समेत कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ट्रेन संचालन को ज्यादा सुरक्षित बनाना, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम को मजबूत करना और रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ाना है। कवच भारत में विकसित ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है। इसका उद्देश्य ट्रेनों को टक्कर से बचाने और रेड सिग्नल पार करने जैसी स्थिति में सुरक्षा प्रदान करना है। जरूरत पड़ने पर यह सिस्टम अपने आप ब्रेक लगाने में भी मदद कर सकता है। रेल मंत्रालय ने नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे के लखनऊ डिवीजन में 607.7 रूट किलोमीटर पर कवच 4.0 लगाने को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर करीब 252 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रेलवे मंत्रालय के मुताबिक, इससे डिवीजन के बचे हुए चिन्हित सेक्शनों में भी कवच सिस्टम की कवरेज बढ़ेगी और ट्रेन संचालन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। रेलवे ने सेंट्रल रेलवे के सोलापुर डिवीजन के 7 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग लगाने को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 209 करोड़ रुपये है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कंप्यूटर आधारित सिग्नलिंग तकनीक है। यह रेलवे सिग्नल और ट्रैक के पॉइंट्स को नियंत्रित करने में मदद करती है, ताकि एक-दूसरे से टकराने वाले ट्रेन मूवमेंट को रोका जा सके। रेलवे के मुताबिक, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम से डिवीजन में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और आगे सिस्टम लागू करने में भी मदद मिलेगी। साउथ कोस्ट रेलवे के सावल्यापुरम-गुंटूर सेक्शन में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 1×25 झ्ङ्क से बढ़ाकर 2×25 झ्ङ्क करने की परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। करीब 73 रूट किलोमीटर के इस सेक्शन पर परियोजना की लागत 142 करोड़ रुपये होगी। रेलवे के अनुसार यह प्रोजेक्ट कुल 146 ट्रैक किलोमीटर को कवर करेगा। ट्रैक्शन सिस्टम की क्षमता बढ़ने से इस सेक्शन पर बढ़ते रेल संचालन को सपोर्ट करने में मदद मिलेगी और इलेक्ट्रिक रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। रेलवे ने गुजरात में भी एक बड़े रोड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। वेस्टर्न रेलवे के उधना-उकाई सोनगढ़ सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग नंबर 53 की जगह 4-लेन रोड ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 133.2295 करोड़ रुपये है। इसे राज्य सरकार के साथ लागत साझा करने के आधार पर लागू किया जाएगा। रेलवे के मुताबिक, ऋक्ष्क बनने से लेवल क्रॉसिंग पर सड़क यातायात सुचारू होगा और सड़क एवं रेल यातायात के बीच होने वाला हस्तक्षेप कम होगा।

## भारत कैसे बनेगा विकसित, सीईए अनंत नागेश्वरन ने कहा-प्राइवेट सेक्टर का पैसा जरूरी, राज्यों को बताए 3 बड़े काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी सजग नजर आ रही है। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर के पैसे की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कहा जा रहा है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को कहा कि भारत का बचत आधार मजबूत है और इसे आगे भी बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन 2047 तक विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निजी पूंजी से बड़े स्तर पर निवेश जुटाना जरूरी होगा। उन्होंने यह बात 'फाइनेंसिंग इंडियाज जर्नी टुवर्ड्स विकसित भारत' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्यों में जमीन, बिजली और लॉजिस्टिक्स जैसी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही प्रभावी सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम भी जरूरी है, ताकि निवेशकों को अलग-अलग मंजूरियों के लिए लंबी प्रक्रिया से न गुजरना पड़े।

सीईए अनंत नागेश्वरन ने सम्मेलन में कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित राज्यों पर निर्भर करता है। उन्होंने राज्यों के सामने आर्थिक प्रगति में तेजी लाने के लिए तीन मुख्य प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि निजी निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाना होगा। इसके लिए राज्यों में जमीन, बिजली और लॉजिस्टिक्स की आसान उपलब्धता के साथ सिंगल-विंडो क्लीयरेंस व्यवस्था को मजबूत बनाना। मजबूत प्रोजेक्ट-प्रिपेरेशन्स और प्रामाणिक रिपोर्ट तैयार करना ताकि घरेलू व बहुपक्षीय वित्तपोषण आसानी से मिल



सके। इसके साथ ही विकास की संभावनाओं वाले पिछड़े जिलों की तरफ क्रेडिट प्रवाह बढ़ाना। राज्यों को पूंजीगत खर्च बढ़ाना होगा। सीईए ने कहा कि वित्तीय बाधाओं के बावजूद बुनियादी ढांचे पर खर्च को बढ़ाना जरूरी है। इस संदर्भ में उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व अपर मुख्य सचिव सुधीर श्रीवास्तव के उस प्रस्ताव का जिक्र किया, जिसमें वित्त वर्ष 2031-32 तक राज्यों के पूंजीगत परिव्यय को तस्ष्ठक्क के 2.4% से बढ़ाकर 3% करने की बात कही गई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, नागेश्वरन ने भारत के सामने मौजूद दोहरी चुनौती को रेखांकित किया। एक तरफ देश को 2047 तक के दीर्घकालिक विकास लक्ष्य को बनाए रखना है, वहीं अगले पांच वर्षों में संसाधन जुटाने की रफ्तार भी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि इस अवधि में वैश्विक स्तर पर उपलब्ध वित्तीय अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत को निवेश और संसाधन जुटाने की क्षमता मजबूत करनी होगी। सम्मेलन में भारत के मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक, कृषि क्षेत्र में बदलाव के लिए वित्तपोषण और ऊर्जा संक्रमण के लिए फंडिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई।

## रोबोकिड्ज एडुवेंचर्स के आईपीओ ने खुलने से पहले ही मचाया तहलका, 106 के शेयर पर 51 जीएमपी,लिस्टिंग पर 48% मुनाफे का संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ के लिए अगला हफ्ता काफी व्यस्त रहने वाला है। एसएमई सेगमेंट का एक आईपीओ खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट में तहलका मचाए हुए है। इसका जीएमपी लिस्टिंग पर 48 फीसदी से ज्यादा गेन का संकेत दे रहा है। इस आईपीओ का नाम रोबोकिड्ज एडुवेंचर्स है। आईपीओ कल यानी सोमवार से निवेशकों के लिए खुलेगा। कंपनी का इश्यू साइज 31.09 करोड़ रुपये है, जो पूरी तरह फ्रेश होगा। इसमें निवेशक 23 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे। इसका प्राइस बैंड 100 से 106 रुपये के बीच है। एक लॉट में 1,200 शेयर हैं। एक रिटेल निवेशक को कम से कम दो लॉट के लिए बोली लगानी होगी। इसके लिए 2,54,400 रुपये लगाने होंगे। इसकी लिस्टिंग 28 सितंबर को हो सकती है।

एसएमई सेगमेंट का रोबोकिड्ज एजुवेंचर्स आईपीओ ग्रे मार्केट में धूम मचाए हुए है। आज संडे को सुबह 10 बजे इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम




51 रुपये था। आईपीओ का प्राइस अगर 106 रुपये प्रति शेयर माना जाए तो इसमें अभी से 48.11% की तेजी आ चुकी है। इस तेजी के साथ इसकी कीमत प्रति शेयर 157 रुपये हो चुकी है।

अगर मान लें कि लिस्टिंग तक इतनी ही तेजी रहती है तो यह निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा दे सकता है। हालांकि जीएमपी कोई फिक्स रिटर्न की गारंटी नहीं देता। यह बाजार का एक अनुमान होता है। आईपीओ लिस्टिंग तक इसमें बड़े बदलाव हो सकते हैं। दिसंबर 2014 में स्थापित एक एजुकेशन टेक्नोलॉजी कंपनी है। यह च-12 छात्रों के लिए रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोडिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स) में टेक्नोलॉजी आधारित लर्निंग और स्किल डेवलपमेंट सॉल्यूशन उपलब्ध कराती है। कंपनी भारतभर के स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी संगठनों को एजुकेशनल लैब सेटअप, सब्सक्रिप्शन आधारित लर्निंग प्रोग्राम, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, एजुकेशनल किट और तकनीकी सहायता जैसी सर्विस देती है। आईपीओ से मिलने वाली रकम में से 23.46 करोड़ का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने में करेगी।

## कभी कॉलेज फीस भरनी थी मुश्किल, फिर ऐसी मुलाकात कि 6 लाख से बनी 75 करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किस्मत कहां ले जाए कोई नहीं जानता। मदुरै के प्रसन्ना वेंकटेश के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। कभी कॉलेज फीस भरने के लिए भी संघर्ष करने वाले प्रसन्ना की चेन्नई के एम. कुमारवेलन से मुलाकात ने सबकुछ बदल दिया। साल 2010 में सिर्फ 6 लाख रुपये की पूंजी से दोनों ने मद्रास कॉफी हाउस की नींव रखी थी। आज इस ब्रांड के देशभर में करीब 180 आउटलेट्स हैं। मलेशिया और श्रीलंका में भी इसकी मौजूदगी है। यह ब्रांड रोजाना करीब 50,000 कप कॉफी बेचता है। इसका टर्नओवर 75 करोड़ रुपये है। 5 कर्मचारियों से शुरू हुई यह कंपनी आज सैकड़ों लोगों को रोजगार दे रही है। आइए, यहां प्रसन्ना वेंकटेश और एम. कुमारवेलन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ऐसे हुई दोनों की मुलाकातत्न** प्रसन्ना वेंकटेश का जन्म तमिलनाडु के मदुरै में एक साधारण परिवार में हुआ। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार चलाने के लिए उनकी मां और



बहनों को काम करना पड़ा। केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन के दौरान कॉलेज फीस का इंतजाम करने के लिए उन्होंने दोस्तों के साथ एक छोटी कैंटीन शुरू की। यह भले असफल रही। लेकिन, इसने उन्हें उद्यमिता का पहला स्वाद चखा दिया। रियल एस्टेट और एलआईसी एजेंट जैसे कई काम करने के बाद 2008 में उनकी मुलाकात एस. संगीता रेस्तरां चेन चलाने वाले एम. कुमारवेलन से हुई। कुमारवेलन ने प्रसन्ना के व्यावसायिक जुनून को पहचानकर अपने रेस्तरां में लाइम सोडा का स्टॉल लगाने का मौका दिया। हालांकि, वह स्टॉल ज्यादा नहीं चला। लेकिन, दोनों के बीच भरोसे का मजबूत रिश्ता कायम हो गया।

दोनों संस्थापकों ने महसूस किया कि असली साउथ इंडियन फिल्टर कॉफी सिर्फ बड़े रेस्तरां में उपलब्ध थी। वहीं, छोटे भोजनालय साधारण कॉफी ही परोसते थे। इस अंतर को भुनाने के लिए उन्होंने 2010 में चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में 'मद्रास कॉफी हाउस' का पहला आउटलेट खोला। प्रसन्ना ने 2 लाख रुपये का कर्ज लिया। वहीं, कुमारवेलन ने अपना पैसा लगाया। एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूशन का अनुभव रखने वाले कुमारवेलन और प्रसन्ना ने बिजनेस को कॉर्पोरेट स्ट्रक्चर दिया। चेन्नई के पैरीज कॉर्नर में 2,500 वर्ग फीट का सेंट्रल स्टोर और हेड ऑफिस बनाया गया, जहां से सभी आउटलेट्स को सख्त गुणवत्ता मानकों के तहत कॉफी बीन्स की सप्लाई की जाती है।

मद्रास कॉफी हाउस में आज फिल्टर कॉफी और कुकीज के अलावा 5 रुपये के कॉकटेल समोसे से लेकर चिल्ड माइलो तक 40-50 तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं। कंपनी का सबसे बड़ा आउटलेट चेन्नई एयरपोर्ट पर है। वहां रोजाना की बिक्री करीब 3 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। कंपनी ने अपने नेटवर्क को तेजी से बढ़ाने के लिए कंपनी-स्वामित्व और फ्रेंचाइजी मॉडल का मिला-जुला स्ट्रक्चर अपनाया है। वर्तमान में करीब 180 आउटलेट्स में से 40 कंपनी के पास हैं।

## एनटीपीसी ने लिस्टेड कंपनी के प्रोजेक्ट को किया रद्द, अब शेयर पर निवेशकों की होगी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी ने जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, एनटीपीसी ने महाराष्ट्र के मौदा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 400 मेगावाट-घंटा क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना के लिए ठेका रद्द कर दिया है। यह ठेका जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स को दिया गया था। अब सोमवार को एनटीपीसी और जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। एनटीपीसी के शेयर की कीमत शुक्रवार को करीब 2 पर्सेंट गिरकर 324 रुपये पर थी। जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स के शेयर की बात करें तो 825 पर था। अब सोमवार को दोनों कंपनियों के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी।

एनटीपीसी ने कहा, 'ठेकेदार की संविदात्मक जिम्मेदारियां पूरी करने और परियोजना में अपेक्षित प्रगति हासिल करने में विफलता के कारण 400 मेगावाट-घंटा परियोजना के लिए जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स को दिया गया ठेका समाप्त कर दिया गया है।' परियोजना मार्च 2026 में दी गई थी और इसका कुल मूल्य 413.37 करोड़ रुपये था।

यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्चश्वस्स परियोजना थी और राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप इसे 15 महीने में पूरा किया जाना था। लेकिन परियोजना की महत्वपूर्ण गतिविधियों में काफी देरी हुई। एनटीपीसी ने कहा कि उसने जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के लिए संविदात्मक नोटिस जारी किया था लेकिन वह कदम उठाने में विफल



रही। इसके बाद एनटीपीसी ने ठेका तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया और संविदात्मक प्रावधानों के तहत करीब 91 करोड़ रुपये की उपलब्ध सिक्योरिटीज को भुना लिया। बता दें कि एनटीपीसी विद्युत मंत्रालय के अधीन है और यह देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी है। बता दें कि एनटीपीसी का 2037 तक 244 गीगावाट की परिचालन क्षमता विकसित करने और 16.86 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का लक्ष्य है। बीते दिनों एनटीपीसी के चेयरमैन गुरदीप सिंह ने कंपनी की 50वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि इसी के साथ बिजली व्यवस्था की संरचना में भी तेजी से बदलाव आएगा।

# जिले में बालू संकट दूर करने की कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** जिले में बालू संकट दूर करने की कवायद तेज हो गई है। श्रेणी-दो के तहत आने वाले 18 बालू घाटों की पांच वर्षीय नीलामी प्रक्रिया का अंतिम मौका आ गया है। जिला खनन पदाधिकारी ने पत्रांक 2143 दिनांक 10 सितंबर 2026 को इसकी सूचना जारी की है।

नीलामी में मात्र 12 लाख 97 हजार 262 रुपये की न्यूनतम अग्रधन राशि से भाग लिया जा सकता है। जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट और पुनर्भरण अध्ययन के आधार पर अमानत, सोन व उत्तर कोयल नदी पर स्थित घाटों को चिह्नित किया गया है।

इनमें तरहसी, पांकी, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, पाटन, विश्रामपुर, लेस्लीगंज, हुसैनाबाद, मेदिनीनगर, पांडू और चैनपुर सहित कुल 18 मौजा शामिल हैं। खनन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ई निविदा दस्तावेज व अग्रधन राशि जमा करने को 11 सितंबर सुबह 10 बजे से 25 सितंबर दोपहर 2 बजे तक जमा किया जा सकता है।

तकनीकी व वित्तीय निविदा 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे खोली जाएगी। जिला स्तरीय समिति द्वारा इसका मूल्यांकन 28 सितंबर सुबह 10 बजे किया जाएगा। घाटों की ई-नीलामी 30 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक झारखंड टेंडर डॉट जीओवी पर होगी।

विभाग ने बताया कि बालू घाटों का अंतिम मूल्य पर्यावरणीय स्वीकृति में दर्ज मात्रा के अनुरूप तय होने से पूरी वित्तीय पारदर्शिता रहेगी। उच्चतम डाकवक्ता को मात्र 10 प्रतिशत राशि भुगतान पर ही एलओआई दे दी जाएगी और शेष राशि के लिए आसान किस्तों की व्यवस्था है।

विभाग के अनुसार यहां उच्च गुणवत्ता वाला बालू उपलब्ध होने के साथ परिवहन के लिए सड़क मार्ग और रेलवे साइडिंग दोनों की सुविधा है। बता दें कि जिले में श्रेणी-दो के कुल 19 घाट चिह्नित हैं।

# रिम्स ने कराया 43 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

## धार्मिक रीति-रिवाज से हुआ संस्कार ☐मुक्ति संस्था के अध्यक्ष ने दी मुखाग्नि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के शवगृह में लंबे समय से रखे 43 लावारिस शवों को रविवार को सम्मानजनक अंतिम विदाई दी गई। सामाजिक संस्था मुक्ति की ओर से जुमार नदी तट पर सभी शवों का पूरे विधि-विधान और धार्मिक रीति-रिवाज के साथ सामूहिक अंतिम संस्कार कराया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी।

रिम्स के पोस्टमार्टम गृह में रखे इन शवों की निर्धारित अवधि में पहचान नहीं हो सकी। पुलिस की ओर से पहचान के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने और कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शवों को संस्था के सुपुर्द किया गया।

इसके बाद रविवार सुबह संस्था के सदस्य शवों को सम्मानपूर्वक जुमार नदी तट पर लेकर पहुंचे। वहां सामूहिक चिताएं तैयार कर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। अंतिम संस्कार के दौरान धार्मिक विधि-विधान के साथ मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। संस्था के सदस्यों के साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

प्रवीण लोहिया ने कहा कि मृत्यु के बाद हर व्यक्ति सम्मानजनक अंतिम विदाई का अधिकारी है। जिन लोगों का कोई अपना नहीं है, उनके अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी समाज को निभानी चाहिए।

मुक्ति संस्था लंबे समय से रांची में लावारिस और अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार का कार्य कर रही है। उपलब्ध पूर्व समाचारों के अनुसार संस्था ने अ

लग-अलग मौकों पर बड़ी संख्या में लावारिस शवों का सामूहिक अंतिम संस्कार कराया है। वर्ष 2015 में जुमार पुल के पास 34 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था। अप्रैल 2017 में रिम्स के 33 लावारिस शवों को जुमार नदी तट पर अंतिम विदाई दी गई। सितंबर 2018 में 38 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार हुआ।

सितंबर 2019 में संस्था ने 26 लावारिस शवों का सामूहिक दाह संस्कार कराया था। जून 2021 में 31 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। अक्टूबर 2022 में 29 और नवंबर 2022 में 20 लावारिस शवों को जुमार नदी तट पर अंतिम विदाई दी गई।

अप्रैल 2024 में 43 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कराया गया था।

इसके बाद जून 2024 में भी 31 लावारिस शवों का सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया। अप्रैल 2026 में संस्था ने 24 अज्ञात शवों को अंतिम विदाई दी थी।

# गुमला की प्रगति ने यूजीसी परीक्षा में रचा इतिहास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** कहते हैं, सपने छोटे-बड़े नहीं होते, उन्हें पूरा करने का जज्बा बड़ा होना चाहिए। मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं रहती। बसिया की प्रगति कुमारी ने अपनी सफलता से इसी बात को सच कर दिखाया है।

बसिया अनुमंडल की प्रतिभाशाली बेटी प्रगति कुमारी ने यूजीसी नेट इंग्लिश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रगति कुमारी प्रो. नरेश कुमार एवं स्वर्णलता की पुत्री हैं। उनकी सफलता से परिजनों और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। प्रगति ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पूरी की है।

इससे पूर्व उन्होंने 12वीं की पढ़ाई सेंट जेवियर कॉलेज, रांची से तथा प्रारंभिक शिक्षा विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर, बसिया से प्राप्त की। शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहीं प्रगति ने निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।

प्रगति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग तथा विशेष रूप से नाना जी के मार्गदर्शन और प्रेरणा को दिया। सफलता की जानकारी मिलने के बाद परिजनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

प्रगति ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहकर निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

# जदयू की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले के पुराना डाक बंगला में अररिया जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा एवं मंच संचालन जिला महासचिव सीताराम मंडल ने किया। जिला कमिटी के सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र, अंग वस्त्र एवं फूलों के मालाओं से सम्मानित किया गया। सभी साथियों ने पार्टी के महत्वपूर्ण जिम्मेवारी के लिए पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए अपनी-अपनी जिम्मेवारी पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का वचन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने कहा कि हम लोग ऐसे दल के कार्यकर्ता हैं जिसके नेता को पूरी दुनिया विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। हम सबों का कर्तव्य बनता है की जन-जन तक उनके विकास कार्यों को बताएं। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर नीतीश कुमार एवं निशांत कुमार जी के हाथों को मजबूत करें। बूथ स्तर तक पार्टी संगठन मजबूत हो। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम, पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव आशीष पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव रमेश सिंह, नूरुद्दीन खान, राज्य परिषद सदस्य सुनील राय, नितेश राय, प्रवक्ता सुनील चंद्रवंशी, ओमप्रकाश राय ने भी संगठन के मजबूती पर बल दिया।

बैठक में मो. कासो, मो. जियाउल्लाह, रणविजय कुशवाहा, रमेश कुमार राय, बिरेंद्र कुमार राय, डॉ ऋषभ राज, आदिल मुख्तार, अनुपम सागर, जितेंद्र झा, संजय राय, मणि सिंह, नटवर ठाकुर, राकेश कुमार राय, राजेश कुमार, सुशीला साह, मखमूर हयात, शाद आलम, विनय चौपाल, नवीन मेहता, संजय कुमार सिंह, सुनीता देवी, रानी देवी, राजेंद्र मंडल, मोहम्मद जावेद, गोपाल मंडल, नरेश कुमार राय, विनोद विश्वास, भवेश राय, शाहबाज आलम, शमीम आलम, धनेश्वर गिरी, ललन मंडल, रामजी सिंह, ब्रजेश राय, राजू मंडल, मुन्ना सिंह, रेनू देवी, मनीष कुमार, कमलनाथ सिंह, अजय कुमार पासवान उर्फ लड्डू, मेहर झा, मो. शहंशाह, आजाद अंसारी, नितेश कुमार, नीरज झा, संजीव चौधरी, आशुतोष कुमार, विनोद पोद्दार, जितेंद्र कुमार, राम अवतार शर्मा, विमल मेहता, रामसेवक मंडल, अशोक सिन्हा, रामसेवक मंडल, प्रोफेसर लक्ष्मण प्रसाद मेहता, परमेश्वर राय, अरुण झा, मृत्युंजय कुमार समेत दर्जनों समर्पित कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हथियारबंद बदमाशों ने लूटे 17 खस्सी

**धनबाद।** शहर के बिनोद बिहारी चौक नावाडीह के समीप शनिवार की देर रात बेखौफ बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। हथियारबंद चोरों ने नारायण मंडल की झटका मीट दुकान पर धावा बोलकर करीब 2.50 लाख रुपये मूल्य की 17 खस्सी (बकरे) लूट कर चलते बने।

लुटेरों ने दुकान में सो रहे कर्मचारियों को हथियार दिखाकर बंधक बनाया और पिकअप वाहन में माल लादकर आसानी से फरार हो गए। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है।

दुकान मालिक नारायण मंडल के अनुसार, रात में दो कर्मचारी दुकान और गोदाम की रखवाली के लिए अंदर सो रहे थे। तभी हथियारबंद बदमाशों ने परिसर में प्रवेश किया और सो रहे कर्मचारियों पर चापड़ तान दिया।

बदमाशों ने चिल्लाने या विरोध करने पर जान से मारने की सीधी धमकी दी। दहशत के कारण कर्मचारी असहाय बने रहे। इसका फायदा उठाकर चोरों ने गोदाम में रखे 17 खस्सियों को बाहर निकाला और पहले से तैयार वाहन में लादकर चलते बने।

# कांग्रेस का झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों पर निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी के पास अलग राज्य बनने के बाद से अब तक के चुनावों में फिलहाल सर्वाधिक 17 विधायक हैं, हालांकि पूर्व में भी एक बार कांग्रेस के नाम पर इतने ही विधायक विधानसभा पहुंच चुके हैं।

इसके अलावा कांग्रेस के पास दो लोकसभा सीटें भी हैं। एक लोहरदगा और दूसरी सीट है खूंटी। हाल के वर्षों में खूंटी की जीत कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी जीत मानी जाएगी। पार्टी के हिस्से में दशकों के बाद यह सीट आई है। पिछले तीन दशकों से सिर्फ एक बार छोड़कर भाजपा ने इस सीट को अपना गढ़ बना रखा था।

कांग्रेस के लिए यहां मिली जीत इसी कारण से महत्वपूर्ण हो जाती है। कांग्रेस पार्टी यहां के बाद अब आदिवासी बहुल अन्य क्षेत्रों में भी अपना दबदबा बनाने की तैयारियों में जुटी है। इसका मजबूत हथियार पेसा कानून को मानकर पार्टी काम कर रही है और झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों से लोगों को खूंटी में जुटा रही है।

इन लोगों में आदिवासी समाज के अगुवा और राजनीतिक तौर पर सक्रिय लोगों को पार्टी राहुल गांधी से मिलवाएगी ताकि पूरे प्रदेश में एक बेहतर संदेश जा सके। इसी संदेश के माध्यम से झारखंड के आदिवासी बहुल इलाकों में कांग्रेस वापसी करना चाहती है।

राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान झारखंड में पेसा एक्ट को लेकर

**क्षेत्र में दो सांसद और 17 विधायक हैं कांग्रेस पार्टी के**

विस्तार से चर्चा होनी है। राजीव गांधी के समय में यह कानून बनने और फिर अब इसके लागू होने को लेकर कांग्रेस अपनी पीठ थपथपा रही है।

पार्टी की ओर से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आदिवासी संगठनों के साथ बैठक कर इस आदिवासी मतों को कांग्रेस के पक्ष में करने की रणनीति को धार देंगे।

इसके लिए प्रदेश संगठन को रणनीति बनाने का निर्देश दे दिया गया है। झारखंड में इस कानून के जानकार कांग्रेस के तमाम आदिवासी नेताओं को इसके लिए सक्रिय किया जा रहा है।

# चोरी की बाइक लेकर माशूका से मिलने पहुंचा प्रेमी, धराया

## बाइक में लगा था जीपीएस, लोकेशन पर पहुंची पुलिस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अपने प्यार के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी हद तक जा सकता है। ऐसा ही एक मामला पलामू के मेदिनीनगर से सामने आया है। प्रेमिका से मिलने की चाहत में एक युवक चोरी की बाइक लेकर मेदिनीनगर पहुंच गया, लेकिन बाइक में लगे जीपीएस ने उसकी पूरी योजना फ्लॉप कर दी। गढ़वा से चोरी हुई बाइक की लोकेशन जैसे ही मेदिनीनगर के बारालोटा में मिली।

शहर थाना पुलिस तत्काल मौके पर सुबह लगभग साढ़े नौ बजे पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की पहचान शुभम पासवान (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। बताया जाता है कि गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह निवासी दिलीप कुमार गुप्ता की बाइक शनिवार रात घर के बाहर से चोरी हो गई थी। रविवार सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला तो दिलीप ने तत्काल इसकी सूचना केतार थाना पुलिस को दी।

बाइक में जीपीएस लगा होने के कारण उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। कुछ ही देर में जीपीएस से बाइक की लोकेशन मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा में मिली। इसके बाद गढ़वा पुलिस की सूचना पर शहर थाना पुलिस सक्रिय हो गई।

लोकेशन मिलते ही पुलिस टीम बारालोटा पहुंची। वहां चोरी की बाइक के साथ शुभम पासवान को पकड़ लिया गया।

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि युवक बाइक लेकर अपनी प्रेमिका से मिलने मेदिनीनगर आया था। पुलिस ने बाइक को जब्त कर युवक को हिरासत में ले लिया।

चोरी के करीब 15 घंटे के अंदर बाइक बरामद होने से पुलिस को बड़ी सफलता मिली। जीपीएस की मदद से पुलिस ने बाइक की लोकेशन तक पहुंचकर आरोपित युवक को पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर चोरी की घटना में उसकी भूमिका और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# पीट-पीटकर युवक की हत्या

**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में रविवार को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। वार्ड संख्या-4 में हुई इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मरने वाला युवक 35 वर्षीय रंजीत चौधरी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। शव मिलने की सूचना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक की हत्या लाठी-डंडे से पीटकर किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस घटना के कारणों और वारदात में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। मामले की जांच के बाद ही घटना के पीछे की पूरी वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ स्वजन और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# पद्मराज ज्योतिष गुरुकुल में क्षमा पर्व का विशेष आयोजन

## 'क्षमा वीरस्य भूषणम' : आचार्य पद्मराज स्वामी जी महाराज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** पर्युषण महापर्व की आध्यात्मिक साधना एवं विशेष आराधना जमशेदपुर में सफलतापूर्वक संपन्न कर आचार्य पद्मराज स्वामी जी महाराज का सिमडेगा स्थित आचार्य पद्मराज ज्योतिष गुरुकुल में पदार्पण हुआ।

गुरुकुल पहुंचने पर शिष्यों, आचार्यों और गुरुकुल परिवार के सदस्यों ने गुरुकुल सभागार में क्षमापना पर्व का विशेष आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे के प्रति सद्भाव को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। सभागार में आचार्य पद्मराज स्वामी जी महाराज ने कहा कि क्षमा भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का साधन है।

मनुष्य से जाने-अनजाने में वाणी, व्यवहार अथवा अहंकार के कारण भूलें हो जाती हैं, जिससे रिश्तों में दूरियां आ जाती हैं। ऐसी स्थिति में क्षमा मांगने और क्षमा करने का साहस ही संबंधों को पुनः मधुर बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

आचार्य ने कहा कि क्षमा करने वाला व्यक्ति किसी अन्य पर उपकार नहीं करता, बल्कि अपने ही मन को क्रोध और अशांति के बोझ से मुक्त करता है।

'क्षमा वीरस्य भूषणम' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कमजोर व्यक्ति प्रायः प्रतिशोध का मार्ग चुनता है, लेकिन क्षमा करने के लिए उच्च आत्मबल, विवेक और उदार हृदय की आवश्यकता होती है।

इसलिए क्षमा मनुष्य की कमजोरी नहीं, बल्कि उसके चरित्र की शक्ति का परिचायक है। उन्होंने भगवान महावीर की शिक्षाओं का स्मरण कराते हुए कहा कि जैन परंपरा में क्षमा केवल दूसरों को माफ करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी भूलों को स्वीकार कर आत्ममंथन करने की साधना है।

आचार्य ने आह्वान किया कि क्षमा की भावना को केवल एक दिन के धार्मिक पर्व तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का संस्कार बनाया जाना चाहिए, ताकि परिवार में प्रेम और समाज में स्थायी शांति स्थापित हो सके। कार्यक्रम में गुरुकुल के शिक्षक राहुल प्रसाद ने कहा कि क्षमापना पर्व अहंकार को त्यागकर संबंधों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा देता है।

# हथियारों के साथ दो बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की जुगसलाई थाना पुलिस ने घाघीडीह जेल में बंद कुख्यात अपराधी खुर्शीद उर्फ भाकुड़ द्वारा रची गई हत्या की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

पुलिस ने भाकुड़ गैंग से जुड़े दो शातिर अपराधियों को हथियारों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा के अनुसार, घाघीडीह जेल में बंद खुर्शीद उर्फ भाकुड़ अपने गिरोह के माध्यम से शहर के एक व्यक्ति की हत्या कराने की फिराक में था।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और दो शूटरों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मो. आयान अली उर्फ आयान बच्चा (निवासीः हुसेनी लाइन, गौरीशंकर रोड, जुगसलाई), मो. इमरान उर्फ अल्टू बच्चा (उम्र 19 वर्ष, निवासीः दस्ताना बाड़ी,

**हत्या की फिराक में थे दोनों**

गौरीशंकर रोड, जुगसलाई) के रूप में की गई है।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर दो पिस्तौल, एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आयान अली पर जुगसलाई थाने में वर्ष 2024 और 2025 के दौरान हत्या के प्रयास, रंगदारी और मारपीट के कई संगीन मामले पहले से दर्ज हैं।

इस मामले में जुगसलाई थाना में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। हथियार बरामदगी को लेकर एक अलग प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने के साथ ही जेल से चल रहे इस आपराधिक सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# 3 करोड़ 12 लाख की लागत से भौराज नदी पर बनेगा पुल

## ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग पूरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्रतापपुर** । प्रखंड के हुमाजांग पंचायत अंतर्गत भौराज गांव के समीप भौराज नदी पर पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी होने की दिशा में आगे बढ़ गई है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग पर झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए 68.48 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 3 करोड़ 12 लाख 97 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस पुल का निर्माण कराया जाएगा।ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार द्वारा 16 सितंबर 2026 को जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार पुल निर्माण की अनुशंसा चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने 10 जून 2026 को की थी।

विधायक की अनुशंसा के बाद विभागीय स्तर पर योजना के विस्तृत प्राक्कलन एवं तकनीकी पहलुओं की जांच के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।भौराज नदी पर पुल नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को लंबे समय से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता रहा है।

विशेषकर बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने पर आवागमन प्रभावित होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ जाती थी। पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के समक्ष आवाज उठाते रहे हैं।विभागीय आदेश में पुल निर्माण से पूर्व दोनों ओर पहुंच पथ के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, निर्माण स्थल की जियो-टैग फोटोग्राफी कराने तथा कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि योजना का क्रियान्वयन पीएमजीएसवाई अथवा किसी अन्य योजना के तहत पहले से संचालित कार्य के रूप में नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से वर्षों से पुल की प्रतीक्षा कर रहे भौराज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की स्थायी सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद जगी है।

# शराब लदे पिकअप वाहन को पुलिस ने किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए 160 लीटर विदेशी शराब और केन बियर से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है, जबकि पीछा करने के दौरान वाहन के पलटने से चालक मौके से फरार हो गया। बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने में जुटी उत्पाद विभाग की टीम को एक और बड़ी सफलता मिली है। झारखंड के रास्ते बिहार में अवैध शराब की तस्करी की जा रही एक पिकअप गाड़ी को उत्पाद विभाग ने धर दबोचा। हालांकि, पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश में तस्कर की गाड़ी खुद दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

उत्पाद विभाग के एएसआई दिलीप कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड की तरफ से एक संदिग्ध पिकअप वाहन के जरिए विदेशी शराब की बड़ी खेप बिहार की सीमा में लाई जा रही है। इसके बाद गोविंदपुर चेक पोस्ट के पास वाहनों की विशेष निगरानी और चेकिंग शुरू की गई। जांच के दौरान जब उत्पाद टीम ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया, तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगा। सतर्क हुई उत्पाद टीम ने तुरंत गाड़ी का पीछा करना शुरू किया। खुद को घिरता देख भाग रहा तस्कर हरना बेला के पास वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिससे तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। गाड़ी पलटते ही चालक वाहन छोड़कर अंधेरे और मौके का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब हो गया। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप की तलाशी लेने पर अंदर छिपाकर रखी गई कुल 160 लीटर विदेशी शराब और केन बियर बरामद हुई। विभाग ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और सारी शराब को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेविस कप

## भारत का अंतिम-8 में जगह बनाने का टूटा सपना, कोरिया ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत



**सियोल।** डेविस कप के नए फॉर्मेट में पहली बार 'अंतिम 8' में पहुंचने वाले पहले एशियाई देश बनने का भारत का सपना टूट गया। शनिवार को सियोल में खेले गए क्वालीफायर राउंड-2 मुकाबले में कोरिया ने भारत को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड को हराने के बाद भारत के पास इतिहास रचने का मौका था, लेकिन शुरुआती दोनों सिंगल्स मैच हारने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में आ गई। डबल्स मैच में शानदार प्रदर्शन से भारत ने कुछ देर के लिए मुकाबले में वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन कोरिया ने चौथे मैच में जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। दक्षिणेश्वर सुरेश और एन श्रीराम बालाजी की जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर भारत को नई उम्मीद दी। दूसरा सेट हारने के बाद भारतीय जोड़ी ने जोरदार वापसी की। उन्होंने तनावपूर्ण निर्णायक सेट में संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिससे वे मैच के लिए सर्विस करने की स्थिति में आ गए। भारत को मुकाबला जीतने के लिए बाकी दोनों सिंगल्स मैच अपने नाम करने थे, जिससे सुमित नागल पर दबाव बढ़ गया। हालांकि, कोरिया के सूनवू क्वोन ने रिवर्स सिंगल्स के अहम मैच में शानदार खेल दिखाया और नागल को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

### सुब्रतो कप यू-17

## मिनर्वा पब्लिक स्कूल ने गुजरात को 4-0 से रौंदा



**चंडीगढ़।** 65वें सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट (जूनियर बॉयज अंडर-17) में मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई का प्रतिनिधित्व) का विजय अभियान लगातार जारी है। नई दिल्ली के पीपीएफजी ग्राउंड पर खेले गए मैच-डे 4 के मुकाबले में मिनर्वा ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ मिनर्वा ने टूर्नामेंट में लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया। चार मैचों के बाद मिनर्वा की टीम कुल 30 गोल दाग चुकी है, जबकि उनके खिलाफ अब तक एक भी गोल नहीं हुआ है। सुबह 8:30 बजे शुरू हुए इस मुकाबले में दोनों टीमों की रणनीतियों में स्पष्ट अंतर दिखा। मिनर्वा ने अपने आक्रामक 4-3-3 फॉर्मेशन के साथ शुरुआत की, जिसमें गोलकीपर रंजन के आगे साइलेक्स, चिंगखेई, टोनी और सामटे ने रक्षापंक्ति की कमान संभाली। मिडफील्ड में मूसा, के. चेतन और चेतन ने खेल की गति तय की और अटैकिंग लाइन के महेश, योहेनबा और राज को लगातार मौक़े बनाए।
वहीं, गुजरात की टीम डिफेंसिव 5-4-1 लो-ब्लॉक फॉर्मेशन के साथ उतरी, जिसका उद्देश्य मिनर्वा के हमलों को रोकना था। हालांकि, मिनर्वा के आक्रामक हाई-प्रेस ने महज 6वें मिनट में ही गुजरात के डिफेंस को तोड़ दिया।

### एशियन गेम्स: सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराया

# फाइनल में भारत की बेटियां

**निशिन।** एशियन गेम्स 2026 के महिला क्रिकेट इवेंट में महिला एशिया कप 2026 की पुनरावृत्ति हो गई है। महिला एशिया कप 2026 की तरह ही एशियन गेम्स 2026 महिला क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच होगा। रविवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए खेली। इस शतक के साथ ही शेफाली ने मंधाना के सबसे तेज टी20 शतक के भारतीय महिला क्रिकेटर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मंधाना ने 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 49 गेंदों में ही शतक लगाया था। शेफाली के अलावा, स्मृति मंधाना ने 19 गेंदों पर 2 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 37 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 40 रन की पारी खेली। बांग्लादेश के लिए



मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम इंडिया ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विस्फोटक शतक की बदौलत 4 विकेट पर 195 रन बनाए थे। शेफाली ने मात्र 49 गेंदों पर शतक लगाया।

यह उनके अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का पहला शतक था। शेफाली ने 49 गेंदों पर 9 छक्कों और 3 चौकों की मदद से नाबाद 100 रन की पारी

मारूफा अख्तर, संजीदा अख्तर, राबिया खान और नाहिदा अख्तर ने 1-1 विकेट लिए। 196 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश की पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर सिमट गई।

सर्वाधिक 24 रन ओपनर दिलारा अख्तर ने बनाए। भारतीय टीम की तरफ से नंदिनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। श्री चरणी को 2 विकेट मिला। क्रांति गौड़ और श्रेयांका पाटिल ने 1-1 विकेट लिए।



### एशियन गेम्स

# चमारी अथापट्टू ने खेली कप्तानी पारी

### श्रीलंका ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया

**निशिन।** कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए एशियन गेम्स 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। श्रीलंकी कप्तान चमारी अथापट्टू जीत की हीरो रहीं। श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज शावाल जुल्फिकार ने 50 गेंदों पर 2 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी आयशा जफर ने तूफानी अर्धशतक लगाया। आयशा 40 गेंदों पर 2 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 71 रन बनाकर रन आउट हुईं। आयशा के रन आउट होने से पाकिस्तान का



निश्चित रूप से कुछ रन पीछे रह गया। कप्तान फातिमा सना ने 12 गेंदों पर नाबाद 20 और सायरा जबीन ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए सुगंदिका कुमारी, कप्तान अथापट्टू और काव्या काविंदी ने 1-1 विकेट लिए।

### शैफाली वर्मा ने लगाया T20I करियर का पहला शतक, स्मृति मंधाना को छोड़ा पीछे; 6 बड़े रिकॉर्ड्स किए अपने नाम

शैफाली वर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ एशियन गेम्स 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अपने टी20आई क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाने में सफलता हासिल की। शैफाली ने अपना पहला टी20आई शतक 118वें मैच में लगाया और नाबाद 100 रन की पारी खेली। ये शैफाली के टी20आई करियर का बेस्ट स्कोर भी रहा साथ ही अपनी इस पारी के दम पर उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। यही नहीं उन्होंने टी20आई में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया और स्मृति मंधाना पीछे छोड़ दिया।



- **शैफाली ने तोड़ा स्मृति का रिकॉर्ड-** शैफाली ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 9 छक्के लगाए और वो भारतीय महिला टीम की तरफ से टी20आई में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में स्मृति से आगे आ गई। शैफाली ने अब तक कुल 104 छक्के लगाए हैं जबकि मंधाना ने कुल 100 छक्के लगाए हैं। हालांकि ओवर ऑल शैफाली इस मामले में चौथे नंबर पर आ गई।

### एशियन गेम्स: भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया

# दीपिका ने 8 गोल किए



**काकामिगाहारा।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को गिफू प्रीफेचुरल ग्रीन स्टेडियम में अपने पूल बी के पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 19-0 से रौंदकर एशियन गेम्स 2026 में अपने सफर की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी स्टार बनकर दीपिका उभरीं। दीपिका ने 8 गोल किए। इसके अलावा, इशिका ने 3, लालथंतलुआंगी और नेहा ने 2-2 गोल किए। बलजीत कौर, नवनीत कौर, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने 1-1 गोल किया। दीपिका की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला टीम ने जोरदार प्रदर्शन किया, और हाफ-टाइम तक वे उज्बेकिस्तान के खिलाफ 8-0 से आगे थीं। ब्रेक के बाद, भारत उज्बेकिस्तान को गोल करने का कोई मौका नहीं देने के मूड में नहीं लग रहा था, और दीपिका एक बार फिर अपने सबसे अच्छे फॉर्म में थीं, उन्होंने लगातार चार गोल करके भारत की बढ़त को 13-0 कर दिया।

### एशियन गेम्स: गोल्ड मेडल का बचाव करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम, दमदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगी भारत की बेटियां

**काकामिगाहारा।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें रविवार से एशियन गेम्स 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का प्रदर्शन अलग-अलग रहा था, लेकिन अब उनका लक्ष्य एशियन गेम्स में बेहतर खेल दिखाकर अच्छे नतीजे हासिल करना होगा। वर्ल्ड कप में आठवें स्थान पर रहने के बाद पूल ए में शामिल भारतीय पुरुष टीम



काकामिगाहारा के गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने गोल्ड मेडल को बचाने का अभियान शुरू करेगी। वहीं, वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद महिला टीम पूल बी के अपने पहले मैच में इसी स्टेडियम में उज्बेकिस्तान का सामना करेगी। एशियन गेम्स में इस खेल के लिए एक अतिरिक्त प्रोत्साहन भी है। गोल्ड मेडल जीतने वाली टीमों को ओलंपिक 2028 का टिकट मिल जाएगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली पुरुष टीम और सलीमा टेटे की कप्तानी वाली महिला टीम, दोनों के ही दिमाग में यह बात जरूर होगी। हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और टीम ने आठवें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। अब वे एशियन गेम्स में उस अभियान की कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिस पर कोच क्रेग फुल्टन ने भी जोर दिया है।

# पहले ही दिन भारत की चांदी

### महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने जीता रजत; मुर्मू-शाह ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारत ने अपने पदकों का खाता खोल लिया है। महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में एलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और विदर्सा के विनोद की तिकड़ी ने रजत पदक अपने नाम किया। टीम के इस प्रदर्शन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि उनकी उपलब्धि ने खेलों में भारत का पदक खाता खोल दिया है।

भारतीय टीम ने क्वालिफिकेशन में कुल 1898.0 अंक हासिल किए और दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक जीता। चीन ने 1904.2 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मेजबान जापान 1897.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहा।

### सोनम ने किया शानदार प्रदर्शन

भारत की ओर से सोनम उत्तम मस्कर ने क्वालिफिकेशन में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने 634.1 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। एलावेनिल वलारिवन 633.5 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं। वहीं विदर्सा के विनोद ने 630.4 अंक हासिल किए और व्यक्तिगत रैंकिंग में 12वें स्थान पर रहीं। तीनों के संयुक्त प्रदर्शन ने भारत को टीम स्पर्धा में रजत पदक दिलाया।

# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

### कजाखस्तान को हराया

**नागोया।** भारत ने एशियन गेम्स 2026 के महिला बैडमिंटन टीम इवेंट के पहले दौर में कजाखस्तान को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने 90 मिनट के भीतर ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में जीते।

भारत ने बैडमिंटन के महिला टीम स्पर्धा में कमजोर रैंकिंग वाले कजाखस्तान को 3-0 से हराकर रविवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उसके सामने मेजबान जापान की कड़ी चुनौती होगी। इचिनोमिया सिटी म्यूनिसिपल जिम्नेजियम में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू, उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बिना कोई गेम गंवाए मुकाबला अपने नाम किया।

**भारत ने जीते शुरुआती तीन मुकाबले-** विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने पहले मुकाबले में कमिला स्मागुलोवा को महज 24 मिनट में 21-7, 21-9 से शिकस्त दी। कजाखस्तान की कमिला की विश्व रैंकिंग 426 है। इसके बाद विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति ने अलिस्सा कुलेशोवा (विश्व रैंकिंग 866) को 22 मिनट में 21-7, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा (विश्व रैंकिंग 1067) को 21-5, 21-10 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी।



### भारत के सामने जापान की कड़ी चुनौती

भारत को अब मेजबान जापान के खिलाफ भारत को कहीं कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। जापान की टीम में विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली तीन महिला एकल खिलाड़ी हैं। इसमें अकाने यामागुची (नंबर तीन), टोमोका मियाजाकी (नंबर सात) और नोजोमी ओकुहारा (नंबर 10) शामिल है। भारत 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड से हारकर खाली हाथ लौट आया था। संभावित मुकाबलों में सिंधू का सामना यामागुची से, जबकि उन्नति का मुकाबला मियाजाकी से हो सकता है। वहीं महिला युगल में भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सामना जापान की विश्व नंबर तीन जोड़ी युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से होने की संभावना है। सिंधू ने आगामी मुकाबलों में टीम टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए कहा, हमारी टीम अच्छी है और जापान भी मजबूत टीम है। इसलिए मुकाबला कड़ा होने वाला है। हर मैच महत्वपूर्ण है और यह एक अच्छा मुकाबला होगा। हम पूरी उम्मीद के साथ उतरेंगे और उम्मीद है कि जीत हमारी होगी।

# राजभवन के समक्ष प्रस्तावित प्रदर्शन को ले बैठक

## जमुई से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी की बैठक रविवार को सामुदायिक भवन में खैरा में अंचल सचिव का. कैलाश सिंह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में 28 सितंबर को पटना स्थित राजभवन के समक्ष प्रस्तावित प्रदर्शन में जमुई से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और पुलिस जुल्म समेत विभिन्न मुद्दों को उठाने की बात कही गई।

बैठक में किसान सभा, खेत मजदूर, आशा, आंगनबाड़ी, नौजवान संघ और छात्र संघ समेत जन संगठनों के आह्वान पर आयोजित आंदोलन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों को प्रदर्शन में शामिल कराने की अपील की गई।

इसके अलावा दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर सिकंदरा में सद्भावना दिवस मनाने और उसमें कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया गया।

सात नवंबर को खैरा में क्रांति दिवस आयोजित करने पर भी सहमति बनी। वहीं प्रखंड के स्थानीय व ज्वलंत मुद्दों को लेकर 19 नवंबर को खैरा प्रखंड मुख्यालय पर घेराव-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में जिला सचिव का. सुनील सिंह, जय प्रकाश रावत, राजनाथ यादव, सूर्यमोहन रावत, अशोक तोली, इंद्रदेव सिंह, मनकेश्वर शाह, संतोष कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिहार के अफसर बाबू अब मॉडल स्कूलों में छात्रों को पढ़ाएंगे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** बिहार में अब अफसर बाबू गुरुजी की भूमिका में भी नजर आएंगे। दरअसल राज्य के मॉडल स्कूलों में अब अफसर भी छात्रों को पढ़ाएंगे। राज्य में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधार के लिए अधिकारी 700 मॉडल स्कूलों में कक्षाएं लेंगे। हर सप्ताह एक या इससे अधिक कक्षा अफसर खुद लेंगे। इसको लेकर सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रोशन ने इसको लेकर जारी निर्देश में कहा है कि प्रत्येक सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) से एक जिला स्तरीय पदाधिकारी को संबद्ध किया जाना है। इसके तहत जिलों से नामित पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से इन सरस्वती विद्या निकेतन का निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इस क्रम में संबंधित पदाधिकारी खुद कक्षा भी लेंगे। अधिकारी प्रत्येक सप्ताह विद्यालय में एक या अधिक कक्षाओं का खुद से संचालन अपनी विषय अभिरुचि के अनुसार करेंगे। इसके अलावा पाठ्य-टीका , गृह कार्य , क्लास रूम (क्लास रूम ट्रांजेक्शन) का अवलोकन भी करेंगे। इसके साथ ही अधिकारी की यह जवाबदेही होगी कि पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण हो। आधुनिक सुविधाओं का समुचित प्रयोग हो रहा हो तथा विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति हो। विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास , अनुशासन एवं नियमित उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा भी करेंगे। ई-शिक्षा कोष पर विद्यालयवार अधिकारी पंजीकृत होंगे। कक्षा लेने वाले अधिकारी शिक्षा विभाग को स्कूल की रिपोर्ट भी देंगे।

# फाइनल में जमुई ने मंझवे को हराया, विक्कू की अर्धशतकीय पारी से टीम को मिली जीत



## जमुई ने जीता क्रिकेट क्लब का फाइनल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** खैरा क्रिकेट क्लब की ओर से रविवार, 20 सितंबर 2026 को क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया।

फाइनल मैच जमुई और मंझवे की टीमों के बीच खेला गया। मुकाबले में जमुई की टीम ने मंझवे को हराकर खिताब अपने नाम किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए मंझवे की टीम ने निर्धारित मुकाबले में 132 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमुई की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। जमुई की ओर से विक्कू ने 50 रन की शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।फाइनल मुकाबले के बाद मुख्य अतिथि डॉ. मोहम्मद रिजवान खान ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया। विजेता जमुई टीम को 15 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता मंझवे टीम को 10 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के साथ अंकित सिन्हा, महेश यादव और संतोष रावत मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में अभिषेक और निशांत की भूमिका रही। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## भाकपा माले द्वारा चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना को करेंगे संबोधित, सहाना खातून के परिजनों से भी करेंगे मुलाकात

# 21 सितंबर को जमुई पहुंचेंगे इंडियन इंक्लूसिव पार्टी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमुई।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक ई.आई.पी. गुप्ता जी दिनांक 21 सितंबर 2026 को जमुई पहुंचेंगे। वे चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं, कानून-व्यवस्था एवं थाना स्तर पर कार्रवाई को लेकर भाकपा माले द्वारा चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को अंबेडकर स्थल पर संबोधित करेंगे।धरना के माध्यम से चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस अधीक्षक से तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की जा रही है। आई आईपी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से संवाद करेंगे तथा जनता की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के सवाल पर अपनी बात रखेंगे।इसके बाद ई0 आई0 पी0 गुप्ता 28 अगस्त 2026 को हुई 7 वर्षीय सहाना खातून की मौत के मामले में उसके परिजनों से भी मुलाकात करेंगे। सहाना खातून, मोहम्मद इकबाल की पुत्री, की मौत के मामले में प्रारंभिक स्तर पर दुष्कर्म की आशंका जताई गई थी तथा बाद में पुलिस द्वारा हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आई आई टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी लेंगे और निष्पक्ष जांच तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करेंगे। पार्टी के जिलाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि जनता की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अपराध चाहे चोरी का हो या किसी मासूम की हत्या का—हर मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इंडियन इंक्लूसिव पार्टी जनता की आवाज को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाएगी।

# गरही पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान दस हजार रुपए का कटा चालान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर गरही थाना पुलिस की ओर से शनिवार को ललदैया मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया।

यह अभियान जमुई के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल के निर्देश पर चलाया गया। अभियान का नेतृत्व गरही थाना अध्यक्ष विपिन चंद्र पलटा ने किया।जांच के दौरान गरही चौक एबं चननवर मोड़ से गुजरने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर आवश्यक कागजातों की जांच की गई।

पुलिस ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात एवं हेलमेट समेत अन्य आवश्यक नियमों के अनुपालन की जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई।वाहन जांच अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 105,00 का चालान किया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही।थाना अध्यक्ष ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट का इस्तेमाल करें तथा वाहन के सभी जरूरी कागजात अपने साथ रखें।

थाना अध्यक्ष विपिन चंद्र पालटा के निर्देश पर चलाए जा रहे इस तरह के जांच अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

# जमुई में प्राइवेट एंबुलेंस से 460 केन बीयर बरामद, दो शराब तस्कर गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के सचिव तथा जिलाधिकारी के दिशा निदेशों के आलोक में जिला उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार की सुबह नशा कारोबारियों के खिलाफ एक बड़ी और सफल कार्रवाई की है। उत्पाद अधीक्षक के निर्देशन एवं उत्पाद थाना प्रभारी गौरी शंकर कुमार के नेतृत्व में एसआई अश्विनी कुमार द्वारा गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बानाडीह के समीप चलाए गए जांच अभियान के दौरान एक प्राइवेट एंबुलेंस को जब्त किया गया।एंबुलेंस की सघन तलाशी लेने पर उसके अंदर मरीज के बेड के नीचे बने विशेष बॉक्स से 460 केन बियर (कुल 230 लीटर) बरामद की गई।

मरीज ले जाने की आड़ में एंबुलेंस का उपयोग शराब की तस्करी के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से ही दो तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखीसराय जिले के पिटी बाजार थाना क्षेत्र के चौरा राजपुर गांव निवासी सौरभ कुमार (पिता- पप्पू सिंह) तथा रामायणपुर गांव निवासी सत्यम कुमार (पिता- बलराम शर्मा) के रूप में हुई है।

आपातकालीन सेवा के रूप में प्रयुक्त होने वाली एंबुलेंस के जरिए की जा रही इस तस्करी का पदार्फाश होना उत्पाद विभाग के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इस सख्त और त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के शराब तस्करों एवं अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह कठोरता से जारी रहेगा। इधर कारोबारी में हड़कंप मच गया।

# स्वामी विवेकानन्द अस्पताल में पांच दिवसीय स्वास्थ शिविर सम्पन्न

## स्वास्थ्य शिविर में जरुरतमंदों मरीजों ने भरपूर लाभ उठाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सिमुलतला/जमुई।** स्वामी विवेकानन्द अस्पताल सिमुलतला में पांच दिवसीय स्वास्थ शिविर में 500 से अधिक गरीब वंचित जरूरत मन्द मरीजों का निःशुल्क जांच एवं इलाज किया गया।

उक्त निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन विगत 16 सितम्बर से 20 सितम्बर तक पांच दिन रोगियों का सम्पूर्ण जांच एवं समुचित इलाज का सभी व्यवस्था उपलब्ध था। क्षेत्र के रोगियों को अपने ही गांव घर पर ब्लड जांच से लेकर एक्सरे, यूएसजी, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड, फिज्योथ्रेपी, आंख जांच एवं मुफ्त चश्मा, दांत जांच एवं आवश्यक दवाई भी मुफ्त उपलब्ध कराया गया। निःशुल्क स्वास्थ सेवा शिविर में डॉ विकास गुप्ता एमबीबीएस, डॉ रंजन कुमार पांडेय एमडी,डॉ सैयद अफ्रीदी एमबीबीएस, डॉ रीफा सोनिया एमबीबीएस, डेंटल डॉ अप्रोभा,डेंटल डॉ सरस्वती,डॉ मुकेश कुमार साह पिटीई, डॉ अनिर्बन नियोगी पिटाई, डॉ बसंत डालमिया एमएस, डॉ अतहर नोमानी एमएस के साथ अन्य कई चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी की मेहनत एवं देख रेख में सफल आयोजन सम्पन्न हुई। आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी गंम्भीर बीमारियों का इलाज बहुत ही आसानी से उपलब्ध हो सका।सभी प्रकार के छोटी से बड़ी इलाज एक ही चार दिवारी के अंदर निःशुल्क एवं सुव्यवस्थित होने से इलाज कराने वाले को काफी सहूलियत के अनुभव हुआ, जिसके लिए स्वामी विवेकानन्द अस्पताल के चेयरमेन डॉ यूङ्मपीङ्म गुप्ता को साधुवाद दिया।

बही मुफ्त में इलाजरत लोगों ने संस्थान प्रमुख डा.उमेश प्रसाद गुप्ता के दीधायु दीघार्यु के लिए दीघार्यु के लिए ईश्वर प्रार्थना करते हुए आशीर्वाद दिया। इलाजरत मरीजों में खुशी से चेहरा खिल उठे। ऐसे भी संस्थान प्रमुख सह सचिव डा.उमेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा लोगों की सेवा निरंतर करते आ रहे हैं।

## खादीग्राम के पास तेज रफ्तार ई- रिक्शा के पलटने से एक युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** मलयपुर- लक्ष्मीपुर मुख्य मार्ग पर खादीग्राम के पास शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि 12.30 बजे तेज रफ्तार ई- रिक्शा अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में ई- रिक्शा पर सवार एक युवक बुरी तरह घायल हो गया, जबकि दो अन्य युवक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम द्वारा घायल युवक को फौरन इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी गई। वही घायल युवक का पैर बुरी तरह कटे होने और फ्रैक्चर होने की वजह से डॉक्टर द्वारा प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास रेफर कर दिया गया।

# देशभक्ति गीतों ने बांधा समां, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## जमुई में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** स्थानीय रावनेश्वर हॉल शनिवार की शाम देशभक्ति के रंग में रंगी रही। सैनिकों और शहीदों की वीरता एवं त्याग को समर्पित 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। फनकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। डीएम श्री नवीन और एसपी विश्वजीत दयाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शहीद जवानों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। डीएम ने इस अवसर पर कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर जवानों का बलिदान भारत की अमूल्य धरोहर है। सैनिक अपने परिवार और सुख-सुविधाओं से दूर रहकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए चुनौतियों का सामना करते हैं। उनके त्याग के कारण देश सुरक्षित है। उन्होंने युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना का संदेश देते हुए कहा कि शहीदों को याद करना केवल औपचारिकता नहीं है , बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का अवसर भी है। ह्यएक शाम शहीदों के नामह्व जैसे आयोजन युवा पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनता है। कहा कि शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की चिंता किए बिना बलिदान दिया। श्री नवीन ने कहा कि शहीदों की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी , जब उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर देश की एकता , अखंडता और भाईचारे को और ज्यादा मजबूत किया जाए। डीएम ने 'एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम' से जुड़े कलाकारों का भगवान महावीर की पावन धरा पर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें अखंड शुभकामना दी। वहीं एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि संगीत और संस्कृति के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। भारत की सम्प्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए युवाओं को शहीदों की वीर गाथाओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। एसडीएम सौरव कुमार , डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार , कार्यपालक अभियंता ई.गौतम कुमार , उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी आदि पदस्थ मौके पर उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत कलाकार कुमार ब्रजेश ने जब जीरो दिया मेरे भारत ने....नामक गीत से किया। देशभक्ति से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने पूरे सभागार में राष्ट्रप्रेम का माहौल बना दिया। वहीं फनकारा साधना झा ने मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू.....समेत कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने गगनभेदी तालियां बजाकर उनका खूब उत्साहवर्धन किया। इसी संदर्भ में कलाकार अशोक कुमार ने मेरा रंग दे बसंती चोला....गाकर अमर सपूतों को याद किया और लोगों से उनके बताए मार्गों पर चलने का संदेश दिया। निर्धारित समय तक कार्यक्रम के दरम्यान कलाकारों ने एक के बाद एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। फनकारों ने गीतों के माध्यम से देशप्रेम , सैनिकों के त्याग और अपनों से दूर रहने की भावनाओं को प्रस्तुत किया। शहीदों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। उनके बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्य की भावना को जगाया। जमुई ने 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम के दरम्यान देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए वीर जवानों के योगदान को नमन किया।

## गिद्धौर पुलिस की कार्रवाई

# तारडीह गांव से 4 शराबियों को किया गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए शराबी

## गुप्त सूचना पर गिद्धौर पुलिस की कार्रवाई, उत्पाद अधिनियम के तहत हुई करवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई/गिद्धौर।** गिद्धौर थाना पुलिस ने शराब के नशे में गिद्धौर झाझा मुख्य राजमार्ग के तारडीह गांव से शराब के नशे में हौ हंगामा कर रहे चार शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, गिद्धौर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी

कि तारडीह मोड़ के निकट चार व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहे हैं, सूचना के आधार पर अवर जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गिद्धौर पुलिस ने चारों शराबियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया. शराब मामले में गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक राम पिता स्व. अभिमन्यु राम, टिंकु कुमार पिता स्व. शम्भु राम, रंजीत राम पिता शंकर राम, इरशाद खान पिता स्व. इस्लाम खान को मामले में गिरफ्तार किया गया है. चारों गिद्धौर थाना के निवासी हैं(

इस संबंध में थानाध्यक्ष राशि मालिक द्वारा संबंधित शराबियों के शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चालकों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सोनो/जमुई।** सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को राष्ट्रीय वाहन चालक महासंघ भारत के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा पेलवाजन से शुरू होकर सोनो चौक होते हुए सोनो बाजार तक पहुंची। इसमें सैकड़ों वाहन चालकों ने भाग लिया।

यात्रा का नेतृत्व महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद यादव ने किया। हाथों में तिरंगा लेकर चालक सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश देते नजर आए। इस दौरान वाहन चालकों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया।

महासंघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कई जगह पुलिस प्रशासन, डीटीओ, एमवीआई और स्थानीय स्तर पर वाहन चालकों के साथ मनमानी की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने मांग की कि चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए ड्राइवर आयोग का गठन किया जाए और ह्यवन लाइसेंस, वन फाइनेंसह्व जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। चालकों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार और प्रशासन के साथ वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वहीं उन्होंने कहा कि वाहन चालक परिवहन व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार और उनकी समस्याओं का समाधान जरूरी है।

तिरंगा यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन हुए घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई ।** जिले के बरहट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जावातरी गांव के पास तेज रफ्तार ई- रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन बुरी तरह घायल हो गए। घायल भाई बहन को स्थानीय लोगों की मदद से परिजन द्वारा इलाज के लिए रविवार की दोपहर 1.00 बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों भाई-बहन का इलाज किया जा रहा है।

# केरलम के फिल्म निर्माता को बोकारो कोर्ट ने चेक बाउंस में सुनाई छह माह की कैद

## ढाई करोड़ जुर्माना चुकाने का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो की अदालत ने केरलम के फिल्म निर्माता सतीश बाबू टी के को छह माह की सजा सुनाई है। यह सजा चेक बाउंस मामले में सुनाई गई है। साथ ही, ढाई करोड़ रुपये परिवादी को वापस भी करने का अदालत ने आदेश दिया है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुज कुमार की अदालत ने ढाई करोड़ रुपये के चेक बाउंस होने के मामले में सतीश बाबू टी के को सजा सुनाई है। सतीश, जो पेरुमारम वेस्ट नार्थ एरनाकुल्लम, केरलम के निवासी हैं, को अदालत ने छह माह के कारावास के साथ पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

**जुर्माना नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा**

यदि जुर्माना नहीं भरा गया, तो उन्हें एक माह की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। इसके साथ ही, अदालत ने ढाई करोड़ रुपये भी परिवादी को देने का आदेश दिया है। परिवादी का पक्ष अदालत में अधिवक्ता संजीव ओझा ने रखा।

**लंदन क्रेज फिल्म के लिए लिए थे रुपये**

सेक्टर चार ए निवासी अविनाश बी उन्नीथन ने इस मामले में शिकायत परिवाद दर्ज कराई थी। परिवादी ने बताया कि उनके आवास पर सतीश बाबू टी के और सुरेश बाबू टी के आए थे। दोनों ने बताया कि वे आर्डिनरी फर्म के पार्टनर हैं और लंदन क्रेज नामक फिल्म बनाना चाहते हैं। जमीन गिरवी रखकर दोनों ने दो करोड़ रुपये देने का आग्रह किया। इसके बाद, उन्होंने केरला फाइनेंसियल कारपोरेशन से जमीन गिरवी रखकर दो करोड़ रुपये का कर्ज लिया और आर्डिनरी फर्म के खाते में ट्रांसफर कर दिए। फिल्म का निर्माण हुआ और उसका विवरण भी किया गया। आरोपितों ने टीवी चैनल को फिल्म दिखाने का अधिकार दिया और लाभ कमाया। इसके बावजूद, उनके रुपये वापस नहीं किए गए। आरोपितों ने इसके बाद मिली नामक फिल्म बनाई और काफी आग्रह के बाद सतीश बाबू टी के ने ढाई करोड़ रुपये का चेक दिया। इस मामले में एग्रिमेंट भी हुआ था। चेक 2 मार्च 2016 को बाउंस हो गया। इसके बाद, कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए परिवादी ने कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया।

**बार-बार आग्रह के बाद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए फिल्म निर्माता**

बार-बार कोर्ट से अपेक्षिकाएं निर्गत होने के बावजूद जब आरोपित हाजिर नहीं हुए, तो अदालत ने आरोपित का पक्ष रखने के लिए एएलएडीसी की नियुक्ति की। इसके बाद, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 299(1) (झारखंड राज्य संशोधन 2020) के तहत आरोपित के बिना ही विचारण शुरू किया गया। विचारण में सतीश बाबू टी के को अदालत ने दोषी पाया और दूसरे आरोपित को रिहा करने का आदेश दिया। दोषी पाए गए आरोपित को एएलएडीसी ने पहला अपराध होने का हवाला दे परीवीक्षा अधिनियम का लाभ देने का आग्रह किया। अदालत ने कहा कि मामला आर्थिक अपराध की प्रवृत्ति का है। एनआइ एक्ट की धारा विशेष अधिनियम है, ऐसे में इसे परीवीक्षा अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा सकता। अदालत ने छह माह की कैद की सजा सुनाते हुए ढाई करोड़ रुपये भी देने का आदेश दिया।

# पर्यावरण सिर्फ सरकार का काम नहीं- आईआईटी-आईएसएम में राज्यपाल गंगवार ने समाज के लिए दिए बड़े संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** 'पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए समाज, शैक्षणिक संस्थानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, उद्योगों और आम लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा।' पर्यावरण और स्वास्थ्य एक-दूसरे से सीधे जुड़े हैं। स्वच्छ पानी, पौष्टिक भोजन, संतुलित जीवनशैली और स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन के आधार हैं। ये बातें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को आइआइटी-आइएसएम के गोल्डन जुबली हॉल में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण कार्यशाला में कहीं।



**जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संरक्षण बड़ी चुनौती**

आरोग्य भारती और आइआइटी-आइएसएम की ओर से आयोजित कार्यशाला में राज्यपाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और जैव विविधता का संरक्षण आज बड़ी चुनौतियां हैं। झारखंड के जंगल, जलस्रोत, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन राज्य की महत्वपूर्ण संपदा हैं। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास ऐसा होना चाहिए, जिसमें वर्तमान की जरूरतें पूरी होने के साथ आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी सुरक्षित रहे।

**पानी-ऊर्जा बचाने और प्लास्टिक का इस्तेमाल घटाने की अपील**

राज्यपाल ने मिशन लाइफ का उल्लेख करते हुए पानी और ऊर्जा बचाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की। उन्होंने योग, संतुलित पोषण और स्वस्थ जीवनशैली को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। साथ ही आइआइटी-आइएसएम जैसे तकनीकी संस्थानों से जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण अनुकूल तकनीक के क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन बढ़ाने का आह्वान किया।

**टिकाऊ विकास के लिए तकनीक पर जोर**

आइआइटी-आइएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को विकास से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इसका सीधा संबंध स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार और जीवन की गुणवत्ता से है। चुनौती विकास और पर्यावरण में से किसी एक को चुनने की नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और तकनीकी उपायों के जरिये विकास को टिकाऊ बनाने की है. उन्होंने रिसोर्स एफिशिएंसी, सर्कुलर इकोनॉमी, क्लीन टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, जिम्मेदार माइनिंग, खदानों के पुनर्वास, वेस्ट-टू-रिसोर्स और जल संरक्षण पर जोर दिया।

**पेड़, पानी, प्लास्टिक और स्वच्छता पर फोकस**

आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार वर्षने ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए बीमारी के इलाज के साथ बचाव और स्वस्थ जीवनशैली पर ध्यान देना जरूरी है. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के चार प्रमुख विषय पेड़, पानी, प्लास्टिक और स्वच्छता को केंद्र में रखा. कहा कि बदलाव की शुरूआत व्यक्ति और परिवार से होनी चाहिए. पौधरोपण के साथ पौधों के संरक्षण, पानी के पुनर्चक्रण, रिचार्ज वेल बनाने और जल के बेहतर इस्तेमाल पर भी ध्यान देने की जरूरत है.

**सुझावों को कार्ययोजना में बदलने पर जोर**

कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और टिकाऊ विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया. आयोजकों ने चर्चा से सामने आये सुझावों को व्यावहारिक कार्ययोजनाओं में बदलने पर जोर दिया. कार्यक्रम में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश पंडित, समाजसेवी विकास रंजन (पप्पू सिंह), कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश नारायण सिंह, अरुण राय समेत अन्य मौजूद थे.

# ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता कर्मियों ने मांगों पर उठाई आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो,

**बोकारो।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, आउटसोर्सिंग तथा संविदा के माध्यम से वर्षों से कार्यरत कर्मियों ने मानदेय में वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को तेनुघाट स्थित कृष्ण मंदिर परिसर के समीप बैठक की।



**कर्मियों की मांगें**

सर्वसम्मति से कर्मचारी से कर्मियों का सम्मानजनक मानदेय निर्धारित करने तथा सरकारीकरण करने की मांग उठाई गई। कर्मियों ने कहा कि वे कई वर्षों से विभाग की विभिन्न पेयजल योजनाओं के संचालन और जमीनी स्तर पर कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप मानदेय नहीं मिल रहा है। कर्मियों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में कर्मियों को सम्मानजनक मानदेय एवं अन्य सुविधाएं दी जा रही है लेकिन वे वर्षों से पेयजल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण योजना में अपनी निरंतर सेवा दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें किसी प्रकार का मानदेय तय नहीं है।

**ज्ञापन का निर्णय**

चहरं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन में कर्मियों ने स्थायीकरण के साथ सम्मानजनक मानदेय, मेडिकल सुविधा और पीएफ की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही बोकारो सहित पूरे झारखंड में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति से जुड़े कर्मियों के संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। कर्मियों ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ विभागीय कार्यों को पूरा कर रहे हैं। सरकार द्वारा उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल किए जाने से वर्षों से कार्यरत कर्मियों को राहत मिलेगी। बैठक में तेनुघाट, गोमिया, पेटरवार व होसिर सहित विभिन्न क्षेत्रों से कर्मी शामिल हुए। संजीव कुमार, बालेश्वर यादव, ओमप्रकाश यादव, लखन यादव, छोटू रावनी, अजय राम, चंदन पांडेय, अमित तिवारी, हेमंत यादव, संतोष भुइयां, मनोज रविदास, कैलास यादव, अनिल कुमार भुइयां, संतोष कुमार, टिंकू कुमार, छोटन, भावेश ठाकुर आदि थे।

# अब 'सीआईएसएफ' संभालेगी सीसीएल के मगध और आम्रपाली खदानों की सुरक्षा

## डीआईजी सहित 1676 अधिकारी और जवान होंगे तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल झारखंड के चतरा जिले में दो नए इकाई को सृजित कर रही है। इनमें सीसीएल प्रबंधन का मगध व आम्रपाली परियोजना खदान शामिल है। इस बाबत सेंट्रल कोल्ड फील्ड लिमिटेड के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह तथा सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन के बीच हुए करारनामा में नए इकाई के सृजन से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। पहले चरण में इन इकाई में लगभग 200 जवान व अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। इसके बाद क्रमवार तरीके से यहां अन्य अधिकारी व जवानों को भी ड्यूटी पर लगाया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन की ओर से खदान की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों के ऊपर होने वाले वित्तीय खर्च के राशि भुगतान की मंजूरी दे दी गई है। इन दोनों महत्वपूर्ण कोयला परियोजना के सीआईएसएफ सुरक्षा ढांचे में शामिल होने के साथ मगध व आम्रपाली खदान की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। बता दें की सीआइएसएफ झारखंड में सेल, बीसीसीएल, सीसीएल, एनटीपीसी, बीटीपीएस, माइंस, एयरपोर्ट सहित कई महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को संभाल रही है।

**डीआईजी सहित 1,676 अधिकारी व जवान होंगे तैनात**

सीसीएल के मगध व आम्रपाली परियोजना की कोयला खदान की सुरक्षा के लिए यहां सीआईएसएफ के कुल 1,676 पद सृजित किये गए है। इनमें डीआईजी के 1 पद के अलावा, कमांडेंट के 1, उप कमांडेंट के 3, सहायक कमांडेंट के 7, इंस्पेक्टर के 63, सब इंस्पेक्टर के 77, एएसआई के 535, हेड कांस्टेबल के 765, कांस्टेबल के 144 तथा चतुर्थवर्गीय पद पर 46 कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा। इससे पूर्व सीआईएसएफ के डीजी ने सीसीएल के शीर्ष अधिकारियों संग आंतरिक बैठक कर जीरो कोल लीकेज पॉलिसी के तहत विभिन्न खदानों के परिचालन की तैयारियां तथा एमएएमडीआर अधिनियम के कार्यान्वयन की समीक्षा की। बैठक में सरकारी संपत्ति की प्रभावी निगरानी, खुफिया जानकारी आधारित कार्रवाई, अवैध खनन व चोरी की रोकथाम तथा अंतर एजेंसी समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। उन्होंने पूर्वी खंड रांची के अधीन संचालित सीआईएसएफ के डॉग ट्रेनिंग स्कूल में जाकर श्वान दस्ते के प्रशिक्षण कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली। जहां ट्रेनिंग स्कूल के श्वान ने महानिदेशक से हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। मौके पर सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक वित्त पवन कुमार, सीआईएसएफ की एजीडी नॉर्थ विनीता ठाकुर, पूर्वी खंड रांची के आईजी प्रबोध चंद्रा आदि उपस्थित थे।

# फुसरो शोभायात्रा में गूंजे मांदर और ढोल, उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो,

**बोकारो।** कारो. खेल महागूंज करम महोत्सव परिवार बेरमो की ओर से रविवार को फुसरो-करगली क्षेत्र में दहरे करम महोत्सव का आयोजन किया गया. महागूंज के संरक्षक सह आजसू नेता संतोष कुमार महतो के नेतृत्व में निकली करम शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं, महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया. पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों की गूंज और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा क्षेत्र करममय हो उठा.



**हिंदुस्तान पुल से शुरू हुई शोभायात्रा**

शोभायात्रा की शुरुआत फुसरो स्थित हिंदुस्तान पुल के समीप से हुई. आकर्षक झांकियों के साथ निकली यात्रा नया रोड, फुसरो बाजार, रानीबाग, रहीमगंज और पुराना बीडीओ कार्यालय होते हुए बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड, करगली पहुंची. यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया.

**करम अखड़ा में तब्दील हुआ फुटबॉल ग्राउंड**

शोभायात्रा के करगली पहुंचने के बाद बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड करम अखड़ा में तब्दील हो गया. बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने पारंपरिक करम गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया. आयोजन स्थल पर करम पर्व की सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं की झलक देखने को मिली. लोक नृत्यों और वाद्ययंत्रों ने बढ़ाया आकर्षण शोभायात्रा में शामिल महिलाएं और युवतियां पारंपरिक पीली साड़ी, पीला गमछा और सिर पर जावा-करम लेकर लोकगीतों की धुन पर थिरकती नजर आयीं. सैकड़ों मांदर, ढोल और नगाड़ों की गूंज से माहौल उत्सवमय बना रहा. झूमर पार्टी, मदन भेड़ी, घोड़ा नाच और नटुआ नाच जैसी झारखंडी लोक नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं.

**निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि**

शोभायात्रा के दौरान फुसरो स्थित निर्मल महतो चौक पर श्रद्धालुओं ने शहीद निर्मल महतो के प्रस्तावित स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. आयोजन के माध्यम से झारखंड की लोक संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकता का संदेश भी दिया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, सांस्कृतिक और स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे.

# धनबाद के लोयाबाद में अचानक धंसी जमीन, 20 फीट गहरे गड्ढे में समाया मकान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिजुआ क्षेत्र के लोयाबाद सात नंबर मुस्लिम मुहल्ले में रविवार की सुबह अचानक तेज आवाज के साथ अरमान अंसारी का घर भू-धंसान की चपेट में आकर जमींदोज हो गया. घटना के बाद वहां करीब 15 फीट चौड़ा और 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया है. गड्ढे में लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और मिट्टी भी ढह रही है. घनी आबादी के बीच हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गयी. हालांकि घर में मौजूद अरमान अंसारी की पत्नी जमीला खातून और उनके बच्चे बाल-बाल बच गये. कमरे में रखा सामान जमीन में समा गया. बताया जाता है कि रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे जमीला खातून और उनके बच्चे घर में मौजूद थे. इसी दौरान अचानक एक कमरे की जमीन धंसने लगी. खतरा भांपते ही परिवार के सदस्य कमरे से बाहर निकल गये. कुछ ही देर में पूरा कमरा जमींदोज हो गया. आसपास के लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर परिवार के सदस्यों और उनका सामान बाहर निकालने में मदद की. बताया गया कि अरमान अंसारी बाहर काम करते हैं, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे घर में रहते हैं. घटनास्थल से दो घर बाद डबलू अंसारी के घर का एक कमरा भी भू-धंसान की चपेट में आया है.

# पीएलआई और आरपीएलआई से बोकारो पश्चिमी मंडल ने जुटाए 3.83 करोड़

## 24 सितंबर को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चलेगा विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** डाक विभाग की जीवन बीमा योजनाओं के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है. बोकारो पश्चिमी मंडल में वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) के तहत बड़ी संख्या में पॉलिसियां की गयी हैं. विभागीय आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से 15 सितंबर 2026 तक मंडल में पीएलआई और आरपीएलआई की कुल 1673 पॉलिसियां हुई. इन पॉलिसियों से करीब 3 करोड़ 83 लाख रुपये का प्रीमियम प्राप्त हुआ है. डाक विभाग की ओर से शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी बीमा योजनाओं को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जोड़ना और उन्हें बीमा के माध्यम से भविष्य की वित्तीय सुरक्षा के बारे में जानकारी देना है.

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी चल रहा जागरूकता अभियान**




डाकघरों के माध्यम से लोगों को पीएलआई और आरपीएलआई की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है. ग्रामीण डाकघरों में भी अभियान के दौरान लोगों को बीमा के महत्व, योजनाओं की उपलब्धता और पॉलिसी से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है. विभाग के अनुसार बीमा योजनाओं को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए डाकघरों के स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं. इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के इच्छुक लोगों तक बीमा सुविधा पहुंचाना है.

**24 सितंबर को सभी डाकघरों में विशेष अभियान**

बीमा योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए 24 सितंबर को बोकारो पश्चिमी मंडल के सभी ग्रामीण और शहरी डाकघरों में विशेष अभियान चलाया जायेगा. अभियान के दौरान इच्छुक लोगों को पीएलआई और आरपीएलआई की योजनाओं, पात्रता और पॉलिसी से संबंधित जानकारी दी जायेगी. लोग अपने नजदीकी डाकघर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे और पात्रता के अनुसार पॉलिसी भी करा सकेंगे. विभाग की ओर से अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की तैयारी की गयी है.

# कुसुंडा में तीन घंटे ठप रहा कोयला डिस्पैच, अचानक सड़कों पर उतरे असंगठित मजदूर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बसुरिया-गोंदुडीह खास कुसुंडा कोलियरी स्थित गोंदुडीह कांटा के समीप डिपो में कोयले की मांग को लेकर रविवार को असंगठित लोडिंग मजदूरों ने प्रदर्शन किया. मजदूरों ने कांटा बंद कराने के साथ कोयले का डिस्पैच भी रोक दिया. इससे कोलियरी का कामकाज करीब तीन घंटे तक प्रभावित रहा. हालांकि एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी का काम इस दौरान सामान्य रूप से चलता रहा.

**कोयला उत्पादन शुरू होने के बाद जगी थी उम्मीद**

प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने बताया कि नयी आउटसोर्सिंग कंपनी एसटीजी को काम शुरू किये करीब दो महीने हो चुके हैं. शुरुआती दौर में कंपनी ओवरबर्डन (ओबी) हटाने का काम कर रही थी. इसलिए मजदूरों ने इंतजार किया. कुछ दिनों पूर्व कंपनी ने कोयला उत्पादन शुरू किया, तो मजदूरों को उम्मीद थी कि डिपो में भी कोयला उपलब्ध कराया जायेगा. मजदूरों के अनुसार स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से भी डिपो में कोयला उपलब्ध कराने का भरोसा दिया गया था. इसके बावजूद डिपो में कोयला नहीं गिराया गया. इससे नाराज मजदूरों ने रविवार को कांटा और डिस्पैच रोककर प्रदर्शन शुरू कर दिया.

**बातचीत के बाद शुरू हुआ डिस्पैच**

दोपहर करीब दो बजे पूर्व मुखिया सह लोडिंग कमेटी प्रतिनिधि ब्रह्मदेव यादव, शिवकुमार यादव और शीतल यादव मौके पर पहुंचे. उन्होंने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से बातचीत कर उन्हें समझाया. इसके बाद मजदूर शांत हुए और कांटा चालू कराया गया. इसके साथ ही कोयले का डिस्पैच भी शुरू हो गया. ब्रह्मदेव यादव ने बताया कि एसटीजी कंपनी के निदेशक गुरुपाल सिंह से बातचीत हुई है. आश्वासन के बाद मजदूरों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया.

**बड़ी संख्या में मजदूर रहे मौजूद**

प्रदर्शन में वासुदेव यादव, रावण निषाद, रामाशीष चौहान, जगदीश चौहान, द्वारिका राय, बिजली देवी, संजय यादव, रणजीत चौहान, कन्हाई पासवान, पंचानंद रवानी, झुमका पोद्दार समेत बड़ी संख्या में असंगठित लोडिंग मजदूर शामिल थे.

# कोल कर्मियों को बंधक बनाकर 800 फीट केबल लूट ले गये अपराधी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद की एसएल मुगमा क्षेत्र की कोलियरी में हथियारबंद अपराधियों ने खदान में घुसकर कर्मियों को बंधक बनाया. लगभग 800 फीट केबल लूटकर फरार हो गए, जिससे उत्पादन प्रभावित हुआ. पुलिस मामले की जांच कर रही है. धनबाद. ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत हरियाजाम कोलियरी की बंद 5/6 नंबर भूमिगत खदान में शनिवार रात हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोल दिया. अपराधियों ने खदान में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बनाया और करीब 800 फीट केबल काटकर फरार हो गये.

# बोकारो में ठेका मजदूरों का बड़ा प्रदर्शन: 40% छंटनी की आशंका के बीच प्रबंधन को दी हड़ताल की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूरों की 40 प्रतिशत छंटनी के कथित दबाव समेत विभिन्न मांगों को लेकर बोकारो इस्पात कामगार यूनियन-एटक ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के नेतृत्व में ठेका मजदूरों ने मोटरसाइकिल जुलूस निकाला. जुलूस के बाद मजदूरों ने एडीएम बिल्डिंग के समक्ष प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ अपनी मांगें रखीं. मजदूरों ने कहा कि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो प्लांट के अंदर ठेका मजदूर आंदोलन और हड़ताल का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे. यूनियन की ओर से सभी प्रकार के एनआईटी और निविदाओं में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर्व की तरह आईडी के आधार पर कुशल, अर्धकुशल और अतिदक्ष श्रेणी के मजदूरों की संख्या शामिल करने की मांग की गयी. यूनियन का कहना है कि ठेका मजदूरों पर छंटनी का दबाव बनाया जाना बंद किया जाना चाहिए.



**न्यूनतम वेतन और सेवा की गारंटी की मांग**

यूनियन के महामंत्री रामाश्रय प्रसाद सिंह ने प्लांट का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने के साथ ठेका मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी की मांग की. उन्होंने बीएसएल में कार्यरत ठेका मजदूरों के लिए 60 वर्ष की सेवा की गारंटी और ठेकेदार बदलने पर मजदूरों को नहीं बदलने की नीति लागू करने की मांग रखी. इसके अलावा समान काम के लिए समान मजदूरी, सेल में 26,000 रुपये का स्टील वेज मिनिमम लागू करने तथा न्यूनतम वेतन और उचित फाइनल भुगतान नहीं करने वाले ठेकेदारों को चिह्नित कर ब्लैकलिस्ट करने की मांग की. सिंह ने भ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों के हितों और अधिकारों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जाना चाहिए.

**सुरक्षा उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग**

यूनियन ने ठेका मजदूरों को सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और इलाज के लिए बीजीएच में समुचित व्यवस्था की मांग की. इसके अलावा ठेका मजदूरों को क्वार्टर उपलब्ध कराने, वार्षिक इंक्रीमेंट, मकान भाड़ा, साइकिल, रात्रि पाली, कैंटीन और स्पेशल भत्ता देने की मांग भी उठायी गयी. मजदूरों के लिए इंसेंटिव और रिवॉर्ड की व्यवस्था करने की मांग की गयी. प्रदर्शन में प्राण सिंह, मोईन आलम, प्रदीप गुप्ता, रामेश्वर शर्मा, बच्चा राय, सत्येंद्र यादव, सत्यनारायण मुर्मू, सूरज मांझी, बहादुरी, संजय वर्मा, अक्षय मंडल, लोबिन मांझी, गौतम कुमार, त्रिभुवन सिंह, राजेश, ओम प्रकाश, इंदौर राम, संतोष महतो, आनंद कुमार, सहदेव और बलदेव समेत अन्य ठेका मजदूर उपस्थित थे.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com